जबलपुर
सोमवार, 8 सितंबर 2025
आश्विन मास कृष्ण पक्ष - 1
वर्ष : 20, अंक : 132
पृष्ठ: 14, मूल्य 3.00


मौसम
अधि. 30
न्यून. 28

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

राहत राशि लेकर जा रही ट्रेन

# छग बाढ़ पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री ने दिए 5 करोड़

अतिवृष्टि और बाढ़ में पड़ोसी राज्य की मदद करना हमारा दायित्व : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छत्तीसगढ़ में अतिवृष्टि और बाढ़ से निर्मित स्थिति के संदर्भ में कहा है कि पड़ोसी राज्य की मदद करना हमारा दायित्व है।

मध्यप्रदेश सरकार की ओर से मदद की भावना से 5 करोड़ रुपए की राशि और एक ट्रेन राहत सामग्री, छत्तीसगढ़ भेजी जा रही है। छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा सहित कई क्षेत्रों में बाढ़ से बहुत क्षति हुई है। छत्तीसगढ़ सरकार प्रभावित क्षेत्रों में नागरिकों की सहायता के लिए जिस तत्परता से कार्य कर रही है, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के आसपास के हालातों पर लगातार निगाह रख रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी सरकारें परस्पर समन्वय और सहानुभूति के भाव से कठिनाई और परेशानी के समय में साथ-साथ हैं।

# ‘एंटरोमिक्स’ नाम की एमआरएनए आधारित वैक्सीन की खोज...दुनिया को बेसब्री से इंतजार

# कैंसर रोगियों के लिए ‘उम्मीद की बड़ी किरण’...रूस में बनी वैक्सीन ट्रायल में 100% कारगर साबित हुई

▶▶ यह वैक्सीन ट्यूमर को छोटा करती है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

काम की खबर

रूस ने कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता हासिल की है। एंटरोमिक्स नाम की एमआरएनए आधारित वैक्सीन ने क्लीनिकल ट्रायल में 100% प्रभाव दिखाया है और किसी भी गंभीर रिएक्शन की सूचना नहीं मिली है। यह वैक्सीन ट्यूमर को छोटा करती है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाती है। इसे रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजिकल सेंटर और मॉलिक्यूलर बायोलॉजी संस्थान ने मिलकर तैयार किया है।

### वैक्सीन को अब अंतिम मंजूरी का इंतजार

इस वैक्सीन को अब स्वास्थ्य मंत्रालय से अंतिम मंजूरी का इंतज़ार है। मंजूरी मिलने के बाद इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। एक तरफ जहां कैंसर के बाद कीमोथेरेपी या अन्य उपचार के तरीके अपनाए जाते हैं, वहीं इसके विपरीत, एंटरोमिक्स टीका प्रत्येक रोगी के लिए व्यक्तिगत रूप से तैयार किया जाता है। इससे पहले बताया गया था कि रूस ने अपने नए एंटरोमिक्स ऑन्कोलिटिक टीके का क्लीनिकल ट्रायल शुरू कर दिया है। इस ट्रायल में 48 लोगों ने हिस्सा लिया था। क्लीनिकल परीक्षण की शुरुआत की घोषणा उत्तरी रूस में 18 से 21 जून तक आयोजित सेंट पीटर्सबर्ग अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच में की गई थी।




### एंटरोमिक्स को बनाने में कई साल लगे

यह टीका कैंसरग्रस्त ट्यूमर पर हमला करता है और उसे खत्म करने के लिए शरीर को नुकसान न पहुंचाने वाले चार वायरस का इस्तेमाल करता है। एंटरोमिक्स को बनाने में कई साल लगे हैं और यह कई ट्रायल से गुजर चुका है। अधिकतर मामलों में यह ट्यूमर को छोटा करने या उसके बढ़ने को रोकने में मददगार साबित हुआ, जबकि कुछ मामलों में इसने कैंसर को पूरी तरह खत्म कर दिया है।

# सीएम 13 सितंबर को पेटलावद से जारी करेंगे लाड़ली बहनों को राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 13 सितंबर को झाबुआ के पेटलावद जाएंगे और लाड़ली बहना योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन सांदीपनि स्कूल मैदान में होगा। डॉ. यादव इस दौरान सिंगल क्लिक के माध्यम से लाड़ली बहना योजना की राशि का अंतरण करेंगे। रविवार को कलेक्टर नेहा मीना ने कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की जगह तय कर आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

साथ ही अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दोस्तों के साथ पार्टी मनाने गया किशोर पानी में डूबा




**छतरपुर।** रविवार सुबह एक 15 वर्षीय किशोर की बांध में डूबने से मौत हो गई। घटना सुबह करीब 9 बजे की है जब बालक अपने दोस्तों के साथ थरा बांध पर पार्टी करने गया था। नहाते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। करीब आधे घंटे बाद ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नदी में डूबे नाबालिग की तलाश जारी



**सतना।** कोटर थाना क्षेत्र के डगडीहा गांव में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां 12 वर्षीय राजेंद्र सिंह, पिता सुरेंद्र सिंह सेमरावल नदी में नहाते समय तेज बहाव में बह गया। ग्रामीणों ने बताया राजेंद्र सुबह करीब 9 बजे गांव के दो दोस्तों के साथ नदी नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में उतर गया।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से 3 की मौत



**जबलपुर।** तेज रफ्तार के कहर ने 3 लोगों की जान ले ली। पाटन थाना ग्राम ग्वारी के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें सकीला बी की मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल दोनों बेटे को अस्पताल में भर्ती किया गया था। बड़े बेटे की रविवार को दम तोड़ दिया। छोटा बेटा भर्ती है। कार ने एक अन्य महिला को टक्कर मार दी। उसकी भी मौत हो गई।

◀ **उपराष्ट्रपति का चुनाव कल:** भाजपा आज कार्यशाला को चुनाव पर फोकस करेगी, इंडी ब्लॉक भी दोपहर में अपने सांसदों को वोटिंग प्रक्रिया की जानकारी देगा

# भाजपा की दो दिन की कार्यशाला, पीएम मोदी अंतिम पंक्ति में कार्यकर्ता की तरह बैठे

सांसद रवि किशन ने लिखा- ये शक्ति है भाजपा की, हर कोई कार्यकर्ता है यहां संगठन में

*इस कार्यशाला में कई सत्रों का आयोजन किया जा रहा है, इनमें पार्टी के इतिहास और विकास पर चर्चा के साथ सांसदों के लिए कार्यकुशलता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने रविवार से अपने सांसदों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला शुरू की है। इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए और खास बात यह रही कि वे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पीछे वाली सीट पर बैठे नजर आए।

सांसदों ने दो अहम विषयों पर चर्चा की- 2027 तक विकसित भारत और सोशल मीडिया का असरदार इस्तेमाल। दोपहर के सत्र में सांसदों को अलग-अलग समितियों में बांटा गया, जहां कृषि, रक्षा, ऊर्जा, रेलवे और परिवहन जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके अलावा संसद सत्र की तैयारी, संसदीय नियम-कायदे और सदन में समय प्रबंधन जैसे विषयों पर भी सांसदों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का दूसरा दिन पूरी तरह उपराष्ट्रपति चुनाव को समर्पित रहेगा।

**भाजपा सांसदों ने इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान भी किया और उन्हें जीएसटी सुधारों के लिए बधाई दी**



**संख्या बल एनडीए के पक्ष में, कार्यशाला में चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सभी जानकारियां दी जाएंगी**

### दक्षिण भारत से आते हैं दोनों उम्मीदवार



उपराष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत से आते हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से हैं और इस समय महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। वहीं, रेड्डी तेलंगाना से हैं और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज भी रह चुके हैं। 67 वर्षीय सीपी राधाकृष्णन अटल बिहारी वाजपेयी का कार्यकाल में कोयंबटूर से दो बार सांसद रह चुके हैं। 79 वर्षीय सुदर्शन रेड्डी जुलाई 2011 में सुप्रीम कोर्ट से रिटायर हुए थे।

### राजग के सांसदों का प्रस्तावित रात्रिभोज रद्द

पंजाब और देश के अन्य इलाकों में बाढ़ से तबाही को देखते हुए 8 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सांसदों के लिए आयोजित होने वाले रात्रिभोज रद्द कर दिया गया। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की तरफ से सांसदों को शनिवार को दिया जाने वाला रात्रिभोज रद्द कर दिया गया था।

### इंडिया गठबंधन का मॉक पोल आज

*इधर, इंडिया गठबंधन की तरफ से उपराष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार 8 सितंबर को गठबंधन द्वारा एक मॉक पोल का आयोजन किया जाएगा जो दोपहर 2:30 बजे संसद भवन के सेंट्रल हॉल में होगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस संबंध में अपनी पार्टी के सभी सांसदों को संदेश भेजा है। संदेश में सांसदों को मॉक पोल में अनिवार्य रूप से मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही 9 सितंबर को होने वाली उपराष्ट्रपति चुनाव की वोटिंग में भी सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है। इस बैठक में सांसदों को वोटिंग प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्हें मतदान की प्रक्रिया की प्रैक्टिस कराने के लिए एक मॉक पोल भी करवाया जाएगा।*

किशोरी की तलाश में जा रहे थे चिंतामण

# शिप्रा में कार गिरी, टीआई और एसआई के शव मिले

*महिला कांस्टेबल व कार की तलाश जारी*



अशोक शर्मा | आरती पाल | मदनलाल निनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

यहां शिप्रा नदी में कार गिरने से लापता हुए दो पुलिसकर्मियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। वहीं, लापता महिला आरक्षक की तलाश की जा रही है। नदी से जो दो शव बरामद हुए हैं उनकी पहचान उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा और एसआई मदनलाल निमामा के रूप में हुई है। महिला आरक्षण आरती पाल अभी भी लापता है। कार की भी तलाश की जा रही है। दरअसल, शनिवार रात को शिप्रा नदी के बड़े पुल से एक कार असंतुलित होकर नीचे पानी में गिर गई थी।

### कार आरक्षक आरती चला रही थी

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा, सब-इंस्पेक्टर मदनलाल निनामा और महिला आरक्षक आरती पाल शनिवार को गुराडिया-सांगा क्षेत्र से लापता हुई 14 साल की बालिका की तलाश में चिंतामण जा रहे थे। इस दौरान यह हादसा हो गया। एसपी शर्मा ने कहा कि संभवतः कार महिला आरक्षक आरती चला रही थीं, इस दौरान शिप्रा नदी के बड़े पुल से अनियंत्रित होकर कार नदी में गिर गई।

विकास दर पर केंद्र का आकलन

## वास्तविक वृद्धि लक्ष्य पूरा होगा जीडीपी में थोड़ी गिरावट संभव



■ देश में महंगाई कम होने की संभावना

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 में नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ 10.1% से थोड़ी कम रह सकती है, लेकिन वास्तविक जीडीपी 6.3%-6.8% के बीच रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही खरीफ फसल अच्छी रहने और जीएसटी दरों में कटौती से महंगाई घटेगी। पहली तिमाही में 8.8% नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ दर्ज हुई, जो अनुमान से बेहतर है।

बैरसिया में पितृ तर्पण में हादसा

## नदी में पोती को बचाने दादा कूदे, दोनों तेज बहाव में बहे




■ तीन घंटे में बुजुर्ग का शव मिला

**भोपाल।** बैरसिया तहसील के खजुरिया रामदास गांव में रविवार सुबह 9 बजे एक हृदयविदारक हादसा हुआ। बाबूलाल साहू (70) अपनी 12 साल की पोती चिंको और एक पोते के साथ ब्रह्म नदी में पितृ तर्पण करने गए थे। नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया, और चिंको का पैर फिसलने से वह तेज धारा में बहने लगी। उसे बचाने के लिए बाबूलाल तुरंत पानी में कूद पड़े, लेकिन तेज बहाव में दोनों बह गए।

करीब सवा करोड़ भक्तों ने टेका माथा

## महाकाल में 39 दिनों में 30 करोड़ रुपए का चढ़ावा आया



■ लड्डू प्रसाद की 10 करोड़ रुपए की बिक्री

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्रावण-भाद्रपद मास (11 जुलाई से 18 अगस्त 2025) की रौनक कुछ ऐसी रही कि भगवान महाकाल का खजाना भक्तों की भेंट से लबालब भर गया। 39 दिनों में मंदिर समिति को 29 करोड़ 61 लाख ररुपए की आय हुई, जो बीते तीन सालों में इस अवधि की सर्वाधिक आय है। इतना ही नहीं, इस बार 1 करोड़ 25 लाख भक्तों ने बाबा महाकाल के दर्शन कर नया रिकॉर्ड बनाया।

# भारत में दिखा पूर्ण चंद्रग्रहण

▶▶ गहरे लाल रंग का नजर आया चांद




### सूतक काल में बंद रहे मंदिर, महाकाल के खुले रहे कपाट

*नई दिल्ली। भाद्रपद माह की पूर्णिमा तिथि यानी रविवार को पूर्ण चंद्र ग्रहण हुआ। ग्रहण रात 09 बजकर 58 मिनट से शुरू होकर 8 सितंबर को देर रात 01 बजकर 26 मिनट पर समाप्त हुआ। जिसके साथ सूतक काल भी खत्म हो गया। ग्रहण के दौरान चांद गहरे लाल रंग का यानी ब्लड मून नजर आया। ब्लड मून पूर्ण चंद्र ग्रहण के दौरान रात 11 बजे से लेकर 12 बजकर 22 मिनट तक देखने को मिला।*

गणेश विसर्जन के लिए बनाए कुंड में भ्रष्टाचार का आरोप

# ननि नेता प्रतिपक्ष जल समाधि लेने कुंड में बैठे, कार्रवाई के आश्वासन पर निकले

▶▶ *टीआई भावुक हुए तब शहर अध्यक्ष ने राठौर को मनाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर ने गणेश विसर्जन के लिए बनाए गए कृत्रिम कुंड के निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। रविवार दोपहर 2 बजे उसी कृत्रिम कुंड में उतर गए और उनका आधा शरीर पानी में रहा। वह करीब 1 घंटे कुंड में रहे। उन्होंने कहा कि जनता की कमाई से मिलने वाले टैक्स से सरकार के पास पैसा आता है। उसी पैसे से कुंड बनाने के लिए बजट मिला और निगम ने कुंड निर्माण में भ्रष्टाचार करके उसी पैसे की बर्बादी की हैं। नेता प्रतिपक्ष राठौर निगम अधिकारियों, संबंधित जनप्रतिनिधियों के साथ ही ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### एलर्जी की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती

कुंड से बाहर निकलने के बाद मुल्लू राठौर ने पानी में एक घंटे तक रहने के कारण शरीर में एलर्जी की शिकायत बताई। पुलिस और कांग्रेस नेता उन्हें जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उन्हें भर्ती कर लिया।

मप्र में मक्का और धान का रकबा बढ़ने से यूरिया की मांग बढ़ी

# कृषि विभाग का दावा- पर्याप्त स्टॉक, पर जहां वितरण व्यवस्था माकूल नहीं, वहीं दिक्कत

अब तक 15 लाख 80 हजार मीट्रिक टन यूरिया की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अलग खबर

मप्र में यूरिया का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। अब तक में 15 लाख 80 हजार मीट्रिक टन यूरिया की बिक्री किसानों को की जा चुकी है। सरकार के पास अभी भी एक लाख 85 हजार मीट्रिक टन यूरिया का बंपर स्टॉक मौजूद है। केंद्र सरकार ने मप्र के लिए पिछले साल की अपेक्षा करीब दो लाख मीट्रिक टन अधिक यूरिया उपलब्ध कराया था। यूरिया में कमी की मुख्य वजह वितरण व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने व मक्के का करीब 5 लाख हेक्टेयर रकबा बढ़ने को माना जा रहा है।

▶▶ *फिलहाल, एक लाख 85 हजार मीट्रिक टन यूरिया का स्टॉक*

▶▶ *3.25 लाख मीट्रिक टन यूरिया अभी और आ रहा*

### रबी फसल के लिए स्टॉक करने की वजह से आ रही समस्या



कृषि विभाग ने बताया कि कई किसान अभी से रबी की बोआई के लिए यूरिया का स्टॉक करने लगे हैं। इस वजह से ऐसे किसानों को दिक्कतें आ रही है जिन्हें धान की फसल के लिए यूरिया की जरूरत है। दरअसल, मप्र में सोयाबीन का रकबा घट गया और मक्का का रकबा पांच लाख हेक्टेयर बढ़ गया है, जिससे प्रदेश में यूरिया की मांग बढ़ गई है। वर्ष 2025-26 में मक्का का रकबा 20.8 लाख हेक्टेयर हो गया, जबकि पिछले साल यह 15.3 लाख हेक्टेयर था।

### इन जिलों में ज्यादा बढ़ा मक्का का रकबा

प्रदेश के शिवपुरी, गुना, विदिशा, नर्मदापुरम, हरदा, सिंगरौली, खरगोन, बड़वानी, खंडवा, देवास, अशोकनगर, सागर और दमोह जिले में मक्का का रकबा उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। वहीं, धान का रकबा श्योपुर, भिंड, ग्वालियर, शिवपुरी और अशोकनगर में धान की बोआई का क्षेत्र बढ़ा है।

## खबर संक्षेप

### प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारियों को वापस भेजें मूल विभाग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश शासकीय वाहन चालक, यांत्रिक कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि सात दिन में नगर निगम भोपाल में प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारियों को वापस उनके में मूल विभाग में नहीं भेजा गया तो संघ आंदोलन करेगा। संघ के प्रदेशाध्यक्ष साबिर खान ने बताए कि प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारियों से निगम को कोई फायदा नहीं बल्कि उनके वेतन भक्तों एवं सुख सुविधाओं के कारण निगम पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और इन अधिकारियों के कारण निगम के कर्मचारियों का भला नहीं हो पाया। साबिर खान ने बताया कि कुछ अधिकारी तीन वर्ष के लिए प्रतिनियुक्ति आए थे किंतु कई वर्षों से निगम में जमे हुए है। जिससे निगम को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे है। ऐसे अधिकारियों के खिलाफ संगठन एकजुट होकर आंदोलन करेगा और अधिकारियों के कामकाज से मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, नगरीय प्रशासन मंत्री को भी अवगत कराया जाएगा।

### हिंदुओं व सनातन को गाली देने वालों को ही कांग्रेस में मिलता है पद

**भोपाल।** पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस नेता एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के आदिवासियों को लेकर दिए गए बयान पर कड़ा प्रहार किया है। मिश्रा ने कहा कि सिंघार का बयान कांग्रेस की मानसिकता को उजागर करता है, जो समाज में फूट डालने की नीति पर आधारित है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस में वही नेता आगे बढ़ते हैं, जो सनातन धर्म और हिंदुत्व का विरोध करते हैं।

### हमीदिया अस्पताल में सात करोड़ रुपए का भुगतान अटका

**भोपाल।** राजधानी के हमीदिया अस्पताल परिसर में सीटी-एमआरआई सेवाओं को लेकर गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) और निजी ऑपरेटर के बीच गंभीर विवाद खड़ा हो गया है। जनवरी 2023 से अब तक किसी प्रकार का भुगतान नहीं हुआ है। करीब सात करोड़ रुपए का बकाया लंबित है। इस विवाद ने पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कंपनी प्रबंधन के अनुसार एक दिसंबर 2017 को जीएमसी और एक निजी कंपनी के बीच 10 साल का अनुबंध हुआ था।

# आरक्षक से लेकर एसआई तक खाली 8500 पदों पर भर्ती की तैयारी, अभी ईएसबी ही कराएगा परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपी पुलिस के आरक्षक से लेकर सब इंस्पेक्टर के 8500 के रिक्त पदों के लिए जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू होने वाली है। इस प्रस्ताव को सरकार मंजूरी दे चुकी है। फिलहाल इसकी परीक्षा की तैयारियों को लेकर पुलिस मुख्यालय ने ईएसबी को एक पत्र भेज दिया है।

अब जल्द ही ईएसबी सप्ताह भर के अंदर इसी भर्ती परीक्षा के लिए विज्ञापन जारी करने की तैयारी में है। 8500 पदों पर जो भर्ती होनी है, उसमें सबसे ज्यादा 7500 आरक्षक के पद है। 500 सब इंस्पेक्टर और सूबेदार एवं 500 क्लेरिकल स्टाफ के पद भी भरे जाने हैं।

1 एमपी पुलिस भर्ती बोर्ड बनने में लग सकता है समय

2 विज्ञापन जारी करने की तैयारी में समय लगेगा

3 सबसे ज्यादा 7500 आरक्षक के पद हैं

### चयन भर्ती शाखा गृह विभाग को भेज चुकी प्रस्ताव



पूरा मामला यह हे कि अभी एमपी पुलिस के पुलिस भर्ती बोर्ड को गठित करने का प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय की चयन भर्ती शाखा गृह विभाग को भेज चुकी है लेकिन इसकी मंजूरी और गठन को लेकर अभी समय लग सकता है, इसलिए 8500 रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया की जिम्मेदारी कर्मचारी चयन मंडल ईएसबी को ही सौंपी गई है। देखा जाए तो फिलहाल एमपी पुलिस में 25 हजार पद रिक्त है। 8500 रिक्त पदों के भरे जाने के बाद बहुत हद तक अमले की कमी दूर हो सकेगी।

### परीक्षा के अलग-अलग मापदंड निर्धारित

*8500 पदों पर जो भर्ती परीक्षा होगी, उसके लिए मापदंड अलग-अलग निर्धारित है। क्लेरिकल स्टाफ के लिए पहले की तरह टाइपिंग को अनिवार्य किया गया है। वहीं उप निरीक्षक के अभ्यर्थियों के लिए भारतीय कानून और सामाजिक विधान विषय के पेपर देने होंगे। इसके अलावा मुख्य परीक्षा के लिए कुल पदों से दस गुना अधिक अभ्यर्थी चुने जाएंगे। शारीरिक एवं दक्षता परीक्षा के मापदंड यथावत रखे गए है। इसके लिए 100 अंक निर्धारित रहेंगे। देखा जाए तो पुलिस भर्ती बोर्ड गठित होने के बाद भविष्य में होने वाली परीक्षाओं का जिम्मा बोर्ड के पास ही रहेगा।*

डीएफओ नेहा और विधायक अनुभा का विवाद

# एपीसीसीएफ बोलीं, उन्हें विधायक की जांच करने का अधिकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बालाघाट में कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे और नार्थ डीएफओ नेहा श्रीवास्तव के विवाद का मामला गर्माता जा रहा है। डीएफओ ने विधायक पर 2 लाख की रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए वन मुख्यालय सहित आला अफसरों को शिकायत भेजी थी। इस शिकायत के बाद एपीसीसीएफ कमलिका मोहंता और सीएफ अंजना सुचिता तिर्की की दो सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई।

कमेटी ने इस मामले को लेकर अपनी जांच शुरू कर दी है, लेकिन कमेटी की सदस्य एपीसीसीएफ मोहंता का कहना है कि उन्हें विधायक की जांच करने का कोई अधिकार नहीं है। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब विधायक की जांच करने का अधिकार ही नहीं है तो फिर इस तरह की कमेटी क्यों बनाई गई । क्या केवल शिकायतकर्ता डीएफओ नेहा श्रीवास्तव के बयान लेकर औपचारिकता पूरी की जाएगी, इस बात को लेकर असमंजस बना हुआ है।

### मानहानि का मामला दायर करेगी मुंजारे

इधर कांग्रेस विधायक विधायक अनुभा मुंजारे का कहना है कि 27 जुलाई को सोनेवानी में मादा बाघ की मौत हुई, लेकिन बिना प्रोटोकॉल के उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इसकी सूचना तक नहीं दी। यह मामला उनके संज्ञान में आया तो इसे 5 अगस्त को विधानसभा में उठाया। इसके बाद छोटे कर्मचारियों की गिरफ्तारी हो गई, लेकिन दक्षिण वनमंडल के डीएफओ अधर श्रीवास्तव पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। डीएफओ की पत्नी नार्थ बालाघाट डीएफओ नेहा श्रीवास्तव है, इसलिए उन्होंने बाघ मामले से ध्यान भटकाने को लेकर इस तरह के आरोप लगाए। कांग्रेस विधायक का यह भी कहना है कि वो हाईकोर्ट में आईएफएस दंपत्ति के खिलाफ मानहानि का मामला दायर करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यवस्थाओं के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से की चर्चा

# सिंहस्थ-2028 के आयोजन के लिए अनुभवी अधिकारियों का लिया जाएगा मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन है। इसके लिए उज्जैन में पिछले दो सिंहस्थ वर्ष 2004 और 2016 के दौरान पदस्थ रहे वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के अनुभव का लाभ भी लिया जाए। प्रयागराज में सम्पन्न महाकुंभ की व्यवस्थाओं का अध्ययन भी किया गया है।

मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प है कि सिंहस्थ- 2028 श्रद्धालुओं की दृष्टि से सुविधाजनक, दुर्घटनाविहीन, आवास, आवागमन, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं के साथ श्रेष्ठ आपदा प्रबंधन का भी उदाहरण बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में सिंहस्थ-2028 की व्यवस्थाओं के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग जैन और पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ- 2028 के प्रबंधों पर पिछले मंगलवार को भी विस्तृत बैठक हुई है। बैठक और संवाद का सिलसिला निरंतर चलेगा। प्रत्येक व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए विभागों को दायित्व दिए गए हैं। तैयारियों की नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी।

### दुर्घटनाविहीन, आवास, आवागमन, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा

» बैठक और संवाद का सिलसिला निरंतर चलेगा

» हर व्यवस्था को सुनिश्चित करने विभागों को दायित्व दिए गए



### संबंधित विभागों से भी आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जाए: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार के संबंधित विभागों से भी जरूरी सहयोग प्राप्त किया जा रहा है। हाल ही में प्रदेश के विभिन्न रेल मंडल प्रबंधकों ने उनसे भेंट कर सिंहस्थ के लिए रेल सुविधाओं की उपलब्धता और विस्तार के संबंध में अवगत करवाया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निर्मित होने वाले घाटों और उनके निकट विभिन्न सुविधाओं के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। सरलता और सुगमता से स्नान सम्पन्न हो सकें, इस दृष्टि से सभी जरूरी प्रबंध किए जाएंगे। पर्यटन विभाग और निजी क्षेत्र द्वारा होटलों की व्यवस्था, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों के लिए रहवास व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री आज मऊगंज को देंगे 241.33 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 सितम्बर को मऊगंज को 241.33 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे। इसमें प्रमुख रूप से मऊगंज के संयुक्त जिला कार्यालय भवन का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री 37 करोड़ 50 लाख रुपए के 16 विकास कार्यों का लोकार्पण और 203 करोड़ 83 लाख रूपये के 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मऊगंज प्रवास के दौरान बहुती प्रपात का अवलोकन करेंगे। वे देवतालाब में स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना भी करेंगे। देवतालाब स्टेडियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं में हितलाभ वितरण भी करेंगे। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, सांसद जनार्दन मिश्र और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक गिरीश गौतम भी संबोधित करेंगे।

### सीएम डॉ. यादव से फिल्म अभिनेता विंदु दारा सिंह ने की सौजन्य भेंट



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शनिवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में फिल्म अभिनेता विंदु दारा सिंह ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने विंदु दारा सिंह का शाल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया और प्रदेश की फिल्म निर्माण नीति की जानकारी दी। विंदु सिंह इन दिनों मध्यप्रदेश के प्रवास पर हैं। उन्होंने जय वीर हनुमान (1995), विष्णु पुराण (2000) और अयोध्या की रामलीला (2020) में हनुमान जी की भूमिका निभाई है।

# शिक्षा मंत्री से बोले राज्य शिक्षा केंद्र के कर्मचारी, 20 साल हो गए नौकरी को अब तो नियमित करे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर के नेतृत्व में संविदा कर्मचारियों ने शिक्षामंत्री राव उदय प्रताप सिंह को ज्ञापन सौपकर राज्य शिक्षा केंद्र के संविदा कर्मचारियों को नियमित करने करने की मांग की। रमेश राठौर ने चर्चा करते हुए शिक्षा मंत्री को बताया कि 22 जुलाई 2023 को सामान्य प्रशासन ने सभी विभागों के लिए संविदा नीति निर्देश जारी किए थे, जिसमे संविदा कर्मचारियों को नियमित किए जानें, ग्रेच्यूटी, अनुकंपा नियुक्ति, नियमित कर्मचारियों के समान अवकाश दिए जाने का उल्लेख किया गया था।

राज्य शिक्षा केंद्र में संविदा कर्मचारी पिछले 20 से 25 साल कार्य करते हुए हो गए, संविदा कर्मचारी ओवर एज हो गए है, बहुत से कर्मचारी सेवानृवत्त हो गए, बहुत से कर्मचारी शासकीय सेवा के दौरान आकस्मिक दिवंगत हो गए है, लेकिन अभी तक राज्य शिक्षा केंद्र ने ना संविदा कर्मचारियों को नियमित किया ना सेवानृवत्ति पर ग्रेच्यूटी दी न दिवंगत होने पर अनुकंपा नियुक्ति दी। डाटाएंट्री आपरेटर, एमआईएस कॉर्डिनेटर का, अकाउंटेंट, जेंडर समन्वयक, सहायक वॉर्डन, प्रोग्रामर का ग्रेड पे कम कर दिया उनके ग्रेड पे में सुधार किया।

### कर्मचारियों में आक्रोश

*रमेश राठौर ने बताया कि संविदा नीति के तहत नियमित नहीं किए जाने से राज्य शिक्षा केंद्र के संविदा कर्मचारियों में आक्रोश है। शिक्षा मंत्री रावउदय प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपकर राज्य शिक्षा केंद्र्र में 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति पूर्ण रुप से लागू करते हुए नियमित किए जानें की मांग की। प्रीतिनिधि मंडल में रमेश सिंह, सतेंद्र सिंह परिहार, राजेश कपूर, राजेश कपूर, अनूप शांडिल्य, अनिल सिंह, विजय जैन आदि कर्मचारी उपस्थित थे।*

शराब के नशे में डंडा मारकर जंगल में दफनाया शव

# महिला की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर-रामानुजगंज



थाना कोरंधा पुलिस ने पत्नी की हत्या कर शव को जंगल में दफनाने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह सनसनीखेज मामला ग्राम हंसपुर का है, जहां आरोपी हीरालाल कुजूर (45 वर्ष) ने आपसी विवाद में अपनी पत्नी कलावती कुजूर की डंडे से सिर पर वार कर हत्या कर दी और शव को छुपाने के लिए जंगल में दफना दिया।

मामला तब उजागर हुआ जब मृतिका का पुत्र शेखर कुजूर ने 3 सितंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी मां कलावती 1 सितंबर को पिता के साथ जंगल गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पूछने पर पिता ने बताया कि झगड़े के बाद कलावती नाराज़ होकर कहीं चली गई है। पुलिस ने गुम इंसान दर्ज कर तलाश शुरू की। 4 सितंबर को ग्राम हंसपुर के हुटार जंगल में शव का एक हिस्सा मिट्टी से बाहर दिखा, जिस पर पुलिस ने एफएसएल टीम और कार्यपालिक दंडाधिकारी की मौजूदगी में शव को बाहर निकाल कर शिनाख्त की। पोस्टमॉर्टम में महिला की मौत सिर पर चोट लगने से होना पाया गया। पूछताछ में आरोपी हीरालाल ने बताया कि वह शराब के नशे में था और आपसी झगड़े में पत्नी के सिर पर डंडे से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बाद में शव को जंगल में दफना दिया। पुलिस ने आरोपी को 6 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस गंभीर अपराध का खुलासा कर कोरंधा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर एक बड़ी सफलता हासिल की है।

1280 लीटर चोरी का डीजल जब्त, कीमत 13 लाख

# डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

फिल्मी स्टाइल में घेराबंदी कर गिरोह को दबोचा, स्कार्पियो सहित अन्य सामान जब्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शिवरीनारायण पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले अंतर जिला गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में घेराबंदी कर गिरोह को दबोचा और उनके कब्जे से एक स्कॉर्पियो गाड़ी, ताला तोड़ने के उपकरण और 1280 लीटर डीजल जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत लगभग 13 लाख रुपये आंकी गई है।

दरअसल शिवरीनारायण थाने की पुलिस को डीजल चोरी की शिकायत मिल रही थी। जिसपर कार्रवाई के लिए योजना बनाई गई। इस दौरान बीती रात को 3 बजे जांजगीर-चांपा, सक्ती और रायगढ़ जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े ट्रकों की टंकियों का ताला तोड़कर डीजल चोरी करता था। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर तीन आरोपियों दिलेश कुमार कुर्रे, अन्नू सांण्डे और विजय कुमार साहू को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 112(2) सहित संगठित अपराध के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

फरसगांव थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने किया ट्रक जब्त

# खड़े ट्रक से टकराई बाइक, एक गंभीर

मस्सूकोकोड़ा बस स्टैंड के पास की घटना, पुलिस कर रही जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंडागांव

जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र के मस्सूकोकोड़ा बस स्टैंड के पास एक तेज रफ्तार बाइक खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में दो युवक घायल हो गए हैं, जिनमें से एक युवक की हालत गंभीर है।

जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। वहीं पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, फरसगांव थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार की सुबह मस्सूकोकोड़ा बस स्टैंड के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में एक तेज रफ्तार बाइक जा टकराई। चालक ने हेलमेट नहीं पहना था, उसे गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, दूसरे युवक को भी चोट आई, घटना के तत्काल बाद आसपास के लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जबकि ट्रक को अपने कब्जे में लेते हुए थाने ले जाया गया।

प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने लिखा पत्र

# सरकारी अस्पतालों में बंद हो आउटसोर्स पर पैथोलॉजी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के सभी शासकीय और स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में पैथोलॉजी विभाग की खून और मल की जांचों को प्राइवेट एजेंसी को दिए जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने इस पर गंभीर आपत्ति जताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल को पत्र लिखकर आउटसोर्सिंग बंद करने की मांग की है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीया का कहना है कि हर मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी एक पूर्ण विभाग के रूप में मौजूद है, जहां विशेषज्ञ चिकित्सक, टेक्निशियन और सैकड़ों की संख्या में एमडी-एमएस कर रहे छात्र मौजूद हैं।

### पैथोलॉजी विभाग को दी जाएं जिम्मेदारी

*एसोसिएशन के प्रवक्ता डॉ. अविनाश ठाकुर ने बताया कि पिछले पांच वर्षों के रिकॉर्ड देखें तो जितना बजट प्राइवेट कंपनियों को दिया गया है, उतने में ही पैथोलॉजी विभाग सभी जांच बेहतर तरीके से कर सकता था। आउटसोर्सिंग से न केवल विभाग की उपयोगिता कम हो रही है, बल्कि भ्रष्टाचार की आशंका भी बढ़ रही है।*

नीमा स्टूडेंट फोरम ने किया गुरुओं का सम्मान

# आयुर्वेद आचार्यों के साथ मिलकर होगा आयुर्वेद क्षेत्र का सर्वांगीण विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



विद्यार्थियों में गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं आदर्श मूल्यों के विकास में सहायक होते हैं। आयुर्वेद आचार्यों के साथ मिलकर आयुर्वेद के क्षेत्र में सर्वांगीण विकास होगा।

यह बात नीमा स्टूडेंट फोरम के अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने शिक्षक दिवस पर महर्षि वेदिक हेल्थ सेंटर में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस अवसर पर आयुर्वेद गुरुजनों को नीमा द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मधुसूदन देशपांडे, डॉ. उमेश शुक्ला, डॉ. पीसी शर्मा, डॉ. एचपी शर्मा, मिहिर कुमार झा उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयुर्वेद एवं आधुनिक चिकित्सा के समन्वय पर सार्थक चर्चा की गई तथा गुरु-शिष्य परंपरा को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। राजधानी में मप्र के शासकीय एवं निजी आयुर्वेद महाविद्यालयों के आचार्यों का पहला मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

पुलिस ने खाई में उतरकर युवकों को बचाया

# सिया घाट पर सेल्फी लेने उतरे राहगीर की सूचना से बची दो जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने रेस्क्यू के लिए भेजी टीम

थाना कन्नौद क्षेत्रातर्गत में सुबह 5:30 बजे से 6 बजे के लगभग 100 डायल पर सिया घाट सेल्फी पाईन्ट से राहगीर ने सूचना दी कि आयसर घाट पर से पलट कर 400 फीट खाई में गिर गई है और उसके अंदर से घायलों की बचाओ-बचाओ की आवाज आ रही है। सूचना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जिला देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौम्या जैन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कन्नौद आदित्य तिवारी को तत्काल रेस्क्यू के लिए निर्देशित किया गया था, उनके द्वारा थाना कन्नौद के निरीक्षक तहजीब काजी उप निरीक्षक दीपक भोण्डे, प्र.आर सुभाष यादव, प्र.आर विष्णु जाटव, आर. बॉबी वर्मा, आरक्षक शैलेन्द्र करमोदिया, सैनिक गोविन्द कर्मा व 100 डायल पायलेट माखनसिंह को तत्काल रेस्क्यू सामग्री के साथ रवाना किया गया।

### गंभीर हालत होने पर इंदौर किया रैफर

टीम ने तत्काल घाट पर पहुंचकर रस्सी के माध्यम से नीचे घाट पर खाई में पहुंचकर गाड़ी में फंसे हुए घायल गजेन्द्र पिता पवनसिह राजपूत एव मनोज पिता ओमप्रकाश राजपूत निवासी ललितपुर उप्र को बमुश्किल वाहन से निकालकर स्टेचर के माध्यम से घाट के ऊपर लाया गया व राहगीरों व स्थानीय नागरिकों की सहायता से सीएचसी कन्नौद भिजवाया गया। यहां उनका प्राथमिक उपचार करवाया जाकर गंभीर स्थिति होने से इन्दौर रेफर किया गया। घटना का समय तड़के सुबह होने तथा भौगोलिक स्थिति 'विकट होने पर भी राहगीरों द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए समय पर सूचना देने वाले राहगीर एवं सहायता करने वालों को प्रोत्साहन इनाम के लिए मप्र शासन की राहवीर योजना अंतर्गत प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

# मथुरा और वृंदावन में बाढ़ से भयावह हालात

# सड़क पर चलीं नाव, लोगों को बनाना पड़ा छतों पर ठिकाना

एजेंसी ▶▶ मथुरा

मथुरा और वृंदावन में बाढ़ के चलते हालात भयावह होते जा रहे हैं। रविवार को जलस्तर और बढ़ने से बस्तियों की तरफ पानी काफी बढ़ गया है। लक्ष्मीनगर क्षेत्र की तिवारीपुरम कॉलोनी के साथ ही आसपास के आधा दर्जन गांवों में बाढ़ के हालात विकराल हो गए हैं। आसपास के गांव ईसापुर, हंसगंज आदि में सात से आठ फीट तक पानी भर गया। यहां मकान एक मंजिल तक डूब गए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचने के लिए डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार को भी ट्रैक्टर को सहारा लेना पड़ा।

## बारिश का पानी पीने को मजबूर, ट्रैक्टर से पहुंचे डीएम और एसएसपी



### छतों में काट रहे जीवन

श्याम कुटी कॉलोनी निवासी मोहन ने बताया कि वे अपने घरों को इसलिए नहीं छोड़ रहे, क्योंकि उन्हें डर है कि उनके सामान की चोरी हो सकती है। उन्होंने ये घर खून-पसीने से बनाए हैं, इन्हें कैसे यूं ही छोड़ दें। उन्होंने यह भी बताया कि जिनके घरों में पानी भर चुका है, उन्होंने अब अपने घर की छतों को ही अस्थायी ठिकाना बना लिया है। सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की है। ऐसे बारिश के पानी को ही जमा करके पीने को मजबूर हैं।

## 5 जिलों में माइनर, ड्रेनें-तटबंध टूटे 2748 गांव डूबे

**हिसार।** बारिश और नदियों के उफान में कमी आने के बावजूद हरियाणा के 8 जिलों को जलभराव से कोई राहत नहीं मिल पाई है। कैथल, सिरसा व हिसार में घग्गर नदी व ड्रेन ओवरफ्लो होकर तबाही मचा रही हैं जबकि फरीदाबाद में यमुना व कुरुक्षेत्र में मारकंडा खतरे के निशान पर बह रही है। इन पांचों जिलों में तीन तटबंध, दो-दो ड्रेनें व माइनर, एक छोटा बांध टूट गया। इससे 100 से अधिक गांवों में पानी भर गया और हजारों एकड़ फसल प्रभावित हुई है।



### खेतों में टांगरी नदी का पानी भरने से बच्चे की मौत

अंबाला में दो लोग बरसाती नदी में बह गए जबकि एक बच्चे की खेतों में टांगरी नदी का पानी भरने से मौत हो गई। अंबाला में पंजाब की सीमा से सटे भुनी गांव में खेतों में जलभराव में पांच बच्चे नहाने चले गए।

### गुजरात में 123 डैम हाई अलर्ट पर, मछुआरों को चेतावनी

भारतीय मौसम विभाग ने 7 से 10 सितंबर तक मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी है। इस दौरान समुद्र में मौसम खराब रहेगा और लहरें तेज होंगी। सरदार सरोवर डैम वर्तमान में क्षमता के 91.26 प्रतिशत पर है।

### भरतपुर का बरेठा बांध लबालब, रिकॉर्ड बारिश से गेट खोले

**भरतपुर।** जिले का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक महत्व रखने वाला बरेठा बांध लगातार बारिश के चलते पूरी तरह लबालब हो चुका है. पिछले कई दिनों से भरतपुर और डांग क्षेत्र में हो रही तेज बरसात के कारण बांध में पानी की आवक तेज़ी से बढ़ गई है. जलस्तर लगातार बढ़ने पर प्रशासन ने एहतियातन कदम उठाते हुए बांध के गेट खोल दिए हैं।

### तबाही के बीच कल पंजाब जाएंगे पीएम

## 23 जिलों में बाढ़, 2 हजार गांव डूबे, अब तक 46 की मौत



**नई दिल्ली।** पंजाब इन दिनों भयंकर बाढ़ की चपेट में है। राज्य के 23 जिलों के 1,996 गांव पूरी तरह पानी में डूब चुके हैं। इस प्राकृतिक आपदा में अब तक 46 लोगों की मौत हो चुकी है और 1.75 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं। भारी बारिश के कारण रावी, सतलुज और व्यास नदियों में उफान आया, जिससे स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 सितंबर को बाढ़ प्रभावित जिले गुरदासपुर का दौरा करेंगे। वे प्रभावित लोगों और किसानों से सीधे मिलेंगे और स्थिति का जायजा लेंगे।

## खबर संक्षेप

### कोर्ट में महिला का मुंह नोचा, बच्चे को किया घायल



**तुमकुरु।** आवारा कुत्तों ने कर्नाटक में आतंक मचाया है। तुमकुरु जिले के गुब्बी कोर्ट परिसर में शनिवार को एक आवारा कुत्ते द्वारा महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। होन्नाली तालुका में आवारा कुत्तों के हमले में चार बच्चे और एक बुजुर्ग घायल हो गए। लोगों में दहशत है। उन्होंने प्रशासन से सख्त कदम उठाने की अपील की है।

### राजबल्लभ ने तेजस्वी की पत्नी को जर्सी गाय कहा



**पटना।** नाबालिग से रेप केस में बरी हुए नवादा से पूर्व विधायक राजबल्लभ यादव ने विवादित बयान देते हुए तेजस्वी यादव पर हमला बोला है। उन्होने कहा कि वोट लेने के लिए तेजस्वी यादव जाति की बात करते हैं। लेकिन शादी तो किसी और जाति में की। हरियाणा-पंजाब से कोई जर्सी गाय लाए हैं। इससे आरजेडी भी तमतमाई हुई है।

### फर्जी लोन घोटाले में 5 पर मामला दर्ज



**हरिद्वार।** यहां के ज्वालापुर में फर्जीवाड़े का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें फर्जी विक्रेता और खरीदार बनाकर एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी से 38.58 लाख रुपए का लोन हड़पने का आरोप है। इस मामले में पुलिस ने एक अधिवक्ता समेत 6 नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### जेल में क्लर्क का काम करेंगे प्रज्वल रेवन्ना



**बेगलुरु।** प्रज्वल रेवन्ना परप्पना अग्रहारा जेल में बंद हैं। प्रज्वल रेवन्ना को अपनी दैनिक जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए हर दिन के 522 रुपए मिलेंगे। बता दें कि जेल के नियमों के अनुसार आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदियों को किसी न किसी प्रकार का श्रम करना पड़ता है।

### चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में कैंपस टैंक के लॉन्च कार्यक्रम में कहा

# भारत का भविष्य स्टार्टअप-लिंक्ड इकोनॉमी पर निर्भर, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ाएंगे

» उन्होंने कहा कि कैंपस टैंक की शुरुआत उद्योग-स्टार्टअप साझेदारी को मजबूत करेगी

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की भविष्य की आर्थिक वृद्धि अब स्टार्टअप-लिंक्ड इकोनॉमी पर आधारित होगी, जिसे मजबूत उद्योग साझेदारी के जरिए आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह बातें चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित कैम्पस टैंक के लॉन्च कार्यक्रम के दौरान कहीं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार ने इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार किया है, लेकिन स्टार्टअप्स की लंबी उम्र और सफलता तभी संभव है जब शुरुआती दौर से ही उन्हें उद्योग जगत का साथ और निवेश मिले। उन्होंने कहा कि कैंपस टैंक की शुरुआत उद्योग-स्टार्टअप साझेदारी को मजबूत करेगी। यह उद्योग-आधारित स्टार्टअप इकोनॉमी की दिशा में एक कदम है।"उन्होंने जोर दिया कि केवल विचार और रिसर्च से स्टार्टअप्स लंबे समय तक नहीं टिक सकते, इसके लिए उद्योगों का वित्तीय सहयोग, बाजार तक पहुंच और स्केलेबिलिटी जरूरी है।



### नया भारत नवाचार को अपना कर विकास कर रहा

उन्होंने बायोटेक्नोलॉजी, कृषि और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों का उदाहरण दिया, जहां सरकार और उद्योग की साझेदारी से ठोस नतीजे देखने को मिले हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम सिर्फ मेट्रो शहरों या टेक्नोलॉजी हब तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे शहर और विविध सेक्टर भी इसमें बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। यह दर्शाता है कि नया भारत नवाचार को अपनाकर विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

### » भारत की बढ़ती वैश्विक साख का जिक्र भी किया

उन्होंने भारत की बढ़ती वैश्विक साख का जिक्र करते हुए बताया कि देश ने ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में अपनी रैंकिंग 81 से बढ़ाकर 39 कर ली है। यह कम समय में एक बड़ी उपलब्धि है। साथ ही, उन्होंने बताया कि लगभग 60% पंजीकृत स्टार्टअप्स महिलाओं के नेतृत्व में हैं। महिलाएं अब सिर्फ भागीदार ही नहीं, बल्कि बड़े प्रोजेक्ट्स की कमान संभाल रही हैं। जितेंद्र सिंह ने इस दौरान महिला वैज्ञानिकों की उपलब्धियों का भी जिक्र किया, जिन्होंने आदित्य एल-वन और चंद्रयान-3 जैसे राष्ट्रीय अभियानों का नेतृत्व किया।

### जोशी 10 को गाजियाबाद में अत्याधुनिक रासायनिक प्रयोगशाला का करेंगे उद्घाटन

## पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, प्राकृतिक मिनरल वॉटर फूड पैकेजिंग मटेरियल की होगी टेस्टिंग

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी आगामी 10 सितंबर को गाजियाबाद स्थित नेशनल टेस्ट हाउस (एनटीएच) की नई रासायनिक प्रयोगशाला का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से दी गई। इस अत्याधुनिक प्रयोगशाला में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, प्राकृतिक मिनरल वॉटर, फूड पैकेजिंग मटेरियल, एल्युमिनियम और कॉपर से बनी इनैमल्ड और इंसुलेटेड वायर, कोयला, पेट्रोलियम कोक, बिटुमेन, इनैमल पेंट्स, एंटी-स्किड प्रोडक्ट्स, फिल्ट्रेशन मीडिया जैसे रेत और बजरी, साथ ही सफेद और रंगीन चॉक का परीक्षण किया जाएगा। यह प्रयोगशाला निर्माण सामग्री, सीमेंट, पानी, धातु, मिश्र धातु, कागज, प्लास्टिक, कार्बनिक उत्पाद और उर्वरक समेत कई अन्य सामग्रियों की जांच भी करेगी। इसे एनएबीएल द्वारा आईएसओआईईसी 17025:2017 के तहत मान्यता प्राप्त है और यह बीआईएस आउटसाइड लेबोरेटरी स्कीम, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण और उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत स्वीकृत है।

### प्रयोगशाला में अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए



प्रयोगशाला में अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जिनमें एटॉमिक एब्जॉर्प्शन स्पेक्ट्रोमीटर , इंडक्टिवली कपल्ड प्लाज्मा-एटॉमिक एमिशन स्पेक्ट्रोस्कोपी, ऑप्टिकल एमिशन स्पेक्ट्रोमीटर, गैस क्रोमैटोग्राफी-मास स्पेक्ट्रोमेट्री), हाई-परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी और आयन क्रोमैटोग्राफ शामिल हैं। इनसे जटिल और सटीक विश्लेषण किए जा सकेंगे। इसके अलावा, प्रयोगशाला विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों और उद्योगों को प्रशिक्षण, शोध और परीक्षण सहयोग भी प्रदान करेगी, जिससे वैज्ञानिक और औद्योगिक ढांचा मजबूत होगा।

### प्रयोगशाला का दायरा और बढ़ाएंगे

भविष्य में प्रयोगशाला का दायरा और बढ़ाने की योजना है। इसमें फोर्टिफाइड खाद्य उत्पादों जैसे गेहूं का आटा, मैदा, मेवे, खाद्य तेल और विटामिन ए और डी से युक्त नमक की जांच की सुविधा शामिल होगी। साथ ही, मसालों और खाद्य पदार्थों में सूक्ष्म पोषक तत्वों का विश्लेषण भी किया जाएगा, जिससे खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और गुणवत्ता सुनिश्चित होगी।गौरतलब है कि गाजियाबाद में नेशनल टेस्ट हाउस (एनटीएच) की स्थापना 1977 में हुई थी और तब से यह विभिन्न इंजीनियरिंग क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली परीक्षण और अंशांकन सेवाएं प्रदान करने वाली विश्वसनीय संस्था रही है।

### चीख में बदली जन्मदिन की खुशियां

## परिचितों के साथ जश्न मनाने गई युवती के साथ किया गैंगरेप



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता के दक्षिणी हिस्से के रीजेंट पार्क इलाके से बेहद खौफनाक खबर सामने आ रही है। यहां जन्मदिन के बहाने अपने ही परिचितों के साथ जश्न मनाने गई 20 साल की युवती के साथ भरोसे का ऐसा खौफनाक खेल हुआ, जिसकी उसने कभी कल्पना भी नहीं की होगी।

युवती ने आरोप लगाया है कि उसके दोस्त चंदन मलिक ने उसे अपने साथी दीप के घर बुलाया, जहां दोनों ने मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता हरिदेवपुर की रहने वाली है। उसका जन्मदिन शुक्रवार को था। उसी मौके पर उसका परिचित चंदन मलिक उसे अपने दोस्त दीप के फ्लैट पर लेकर गया। इसके बाद, तीनों ने वहां खाना खाया। जन्मदिन मनाने और खाना खाने के बाद जब युवती घर लौटना चाहती थी, तो आरोपियों ने उसे रोक लिया और दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद दोनों ने मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया।

### पीड़िता ने दिखाई हिम्मत

सूत्रों ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे पीड़िता किसी तरह आरोपियों के घर से निकलकर भागी और अपने घर पहुंची। उसने परिवार को सारी बात बताई। इसके बाद शनिवार को ही पुलिस में मामला दर्ज कराया गया।

### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस ने युवती की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों पर गैंगरेप और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

### इस तरह हो गई जान-पहचान

पीड़िता ने शिकायत में कहा कि कुछ महीने पहले उसकी पहचान चंदन मलिक से हुई थी। उसने खुद को दक्षिण कोलकाता के एक बड़े दुर्गा पूजा समिति का प्रमुख बताया था। इसी बहाने उसने युवती की मुलाकात दीप से कराई और तीनों के बीच अच्छा संपर्क बन गया।

### » पहले भी कोलकाता हो चुका शर्मसार

25 जून 2025 को साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज परिसर में एक लॉ की छात्रा से कथित तौर पर बलात्कार हुआ था। इसका आरोप मनोजित मिश्रा पर लगा था, जो कॉलेज का पूर्व छात्र और पूर्व टीएमसीपी अध्यक्ष था. हालांकि, उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा, पिछले साल आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने पूरे देश में आक्रोश पैदा कर दिया था। आरोपी संजय रॉय को इस साल अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है।

## पीएम मोदी ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

### विदेश यात्राओं और वैश्विक साझेदारियों का ब्यौरा दिया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते शनिवार को राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस मुलाकात की जानकारी साझा की। यह मुलाकात प्रधानमंत्री की हाल की जापान और चीन यात्रा से लौटने के कुछ दिनों बाद हुई। जापान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने 'भारत-जापान स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप' को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता जताई।

### ओडिशा में आकाशीय बिजली से 50 घायल



**बामड़ा।** ओडिशा के देवगढ़ जिला अंतर्गत रियामल ब्लॉक के परा पंचायत के जारछाट गांव में गिरी गोवर्धन पूजा के लिए जमा हुए 50 से अधिक श्रद्धालु वज्रपात गिरने से घायल हो गए। इनमें से 3की हालत गंभीर है। घायलों में से 12 को छेंडीपदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबकि गंभीर लोगों का कोसला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।

### लालबाग के राजा का विसर्जन

गिरगांव चौपाटी पर गहरे समुद्र में विसर्जन किया गया

## ऊंची लहरों की वजह से लोगों को हुई परेशानी, महाराष्ट्र में 4 डूबे, 13 लापता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां के सबसे प्रसिद्ध गणपति पंडाल लालबाग के राजा का समुद्र में विसर्जन रविवार को समुद्र में ऊंची लहरें के कारण देर से हुआ। इस बार भी मूर्ति को दक्षिण मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर सुबह 9 बजे से पहले गहरे समुद्र में विसर्जित करने की तैयारी थी। लेकिन जब मूर्ति चौपाटी पहुंची, उसी समय समुद्र में पानी का तेज बहाव शुरू हो गया। इससे प्लेटफॉर्म (मंच) पानी में तैरने लगा, जिससे उसे ठीक से राफ्ट (बड़ी नावनुमा बेड़ा) पर चढ़ाना मुश्किल हो गया। इस दौरान 15 से 20 स्वयंसेवक और मछुआरे मिलकर उसे संभालते रहे।

### करंट लगने से एक की मौत, 5 घायल



साकीनाका क्षेत्र में गणेश मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया, जहां एक करंट वाला तार मूर्ति को छू गया, जिससे पास खड़े 6 भक्त करंट की चपेट में आ गए। घायलों को तुरंत पास के निजी अस्पतालों और सात हिल्स अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बीनू सुकुमारन कुमारन को मृत घोषित कर दिया।

**पालघर में गणेश विसर्जन के दौरान बहे 3 युवक बचाए गए**

पालघर जिले में गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तीन युवक नारंगी जेट्टी (विरार पश्चिम) पर विसर्जन के दौरान पानी के तेज बहाव में बह गए, लेकिन रो-रो नाव की मदद से उन्हें समय रहते बचा लिया गया।

### संघ की राष्ट्रीय समन्वय बैठक का समापन

## संघ ने एसआईआर को बताया पारदर्शी और स्वागत योग्य, घुसपैठ चिंता का विषय

एजेंसी ▶▶ जोधपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय समन्वय बैठक का समापन रविवार को हुआ। इससे पहले अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने प्रेसवार्ता कर विभिन्न चर्चाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सभी संगठनों ने अपने-अपने विचार रखे। इसमें पंजाब में बढ़ते मतांतरण एवं नशे की प्रवृति और बंगाल में घुसपैठ पर चिंता जताई । बैठक का समापन संघ प्रमुख मोहन भागवत का उद्बोधन से हुआ। आंबेकर ने एक सवाल के जवाब में चुनाव आयोग की एसआईआर व्यवस्था को पारदर्शी और स्वागत योग्य बताया। उन्होंने बताया कि संघ की कार्यकारी बैठक इस वर्ष अक्टूबर में जबलपुर में होगी।

### जोधपुर में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख बोले

### धर्मांतरण पर जताई चिंता



धर्म के आधार पर कानून क्यों के सवाल पर आंबेकर ने कहा संविधान निर्माताओं ने समान नागरिक संहिता की बात की थी। अब उत्तराखंड में इसकी शुरूआत हुई है। धीरे-धीरे देश इस दिशा में आगे बढ़ेगा। जनजातिय क्षेत्र में धर्मांतरण पर चिंता व्यक्त की गई। राजस्थान के वागड में आदिवासियों के राजनीतिक समूह द्वारा उनके हिंदू नहीं होने और देवी-देवताओं के पूजन से दूरी बनाने के आह्वान पर आंबेकर ने कहा कि क्षेत्र चाहे कोई भी हो, ऐसे तत्व अक्सर सक्रिय होते हैं और इन्हें रोकने के लिए संघ के प्रयास लगातार चलते रहे हैं और आगे भी जारी रहेंगे।

### खेल मंत्री मांडविया ने मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में हिस्सा लिया

## 'संडे ऑन साइकिल' में स्वदेशी खेल सामग्री का समर्थन किया

### स्वदेशी खेल उपकरण, जिम वियर और जूतों के अलग-अलग स्टॉल का दौरा किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिसकी थीम 'गर्व से स्वदेशी' थी। इस मौके पर मांडविया ने स्वदेशी खेल उपकरण, जिम वियर और जूतों के अलग-अलग स्टॉल का दौरा किया और भारतीय निर्माताओं के गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की सराहना की। मनसुख मांडविया ने पत्रकारों से कहा कि हमारा घरेलू खेल उद्योग फिटनेस और खेलों को किफायती और सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुझे खुशी है कि पीएम मोदी ने जीएसटी कम कर दी है। इसके साथ ही देश में कई हिस्सों में संडे आन साइकिल का आयोजन किया गया।



### साइकिल पर भी जीएसटी घटाकर 5 फीसदी किया

उन्होंने कहा कि साइकिल पर भी जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत रह गई है। इसकी कीमत 1,500 रुपए कम हो गई है। साइकिल स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का उत्तम उदाहरण है। साइकिलिंग फिटनेस का मंत्र और 'पॉल्युशन का सॉल्यूशन' भी है।

### साइकिल स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का उत्तम उदाहरण

उन्होंने कहा कि साइकिल पर भी जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत रह गई है। इसकी कीमत 1,500 रुपए कम हो गई है। साइकिल स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का उत्तम उदाहरण है। साइकिलिंग फिटनेस का मंत्र और 'पॉल्युशन का सॉल्यूशन' भी है।

### स्टॉल मालिकों और ब्रांड प्रतिनिधियों ने केंद्र का धन्यवाद किया

केंद्रीय मंत्री का यह दौरा हाल ही में हुए जीएसटी सुधारों की पृष्ठभूमि में हुआ है, जिसके तहत कई खेल वस्तुओं पर जीएसटी 18-12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। स्टॉल मालिकों और ब्रांड प्रतिनिधियों ने इस राहत के लिए केंद्र सरकार का धन्यवाद किया और कहा कि कम दरों से उपभोक्ताओं की लागत में उल्लेखनीय कमी आई है और बिक्री में वृद्धि हुई है।

जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में भारी हार की जिम्मेदारी ली

# जापान के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दिया: पार्टी को टूटने से बचाने के लिए पद छोड़ा, बहुमत खोने के बाद इशिबा को हटाने की मांग हुई थी तेज

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है। इशिबा ने यह कदम सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के भीतर विभाजन से बचने के लिए ये कदम उठाया है। उन्होंने जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में भारी हार की जिम्मेदारी लेने के लिए अपनी पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के बाद पद छोड़ने की मंशा जाहिर की। कहा जा रहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा से इस मामले में उन्होंने शनिवार को मुलाकात की थी। सुगा ने उन्हें इस्तीफे की सलाह दी थी। अक्टूबर में पदभार ग्रहण करने वाले इशिबा ने अपनी ही पार्टी के भीतर अधिकतर दक्षिणपंथी विरोधियों की मांगों को एक महीने से अधिक समय तक नजरंदाज किया। इशिबा का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब उनकी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी नेतृत्व चुनाव कराने को लेकर एक निर्णय करने वाली है। यदि इसे मंजूरी मिल जाती है तो यह उनके खिलाफ एक प्रकार का अविश्वास प्रस्ताव होगा।

पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के बाद लिया निर्णय



### अमेरिकी टैरिफ से जनता नाराज थी

यह चुनाव उस वक्त हुआ जब जापान में मंहगाई बढ़ी और अमेरिका के टैरिफ को लेकर लोगों में चिंता थी। खबरों के मुताबिक इन मुद्दों को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के खिलाफ नाराजगी देखी गई। चुनाव में हार के बावजूद प्रधानमंत्री इशिबा ने साफ कहा कि वह देश के लिए काम करते रहेंगे और अमेरिका के टैरिफ जैसे मुद्दों से निपटने की कोशिश करेंगे। हालांकि पिछले तीन प्रधानमंत्रियों ने जब उच्च सदन में बहुमत खोया था, तो उन्होंने दो महीनों के भीतर इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में इशिबा पर भी दबाव बढ़ा।

## इस्तीफा देने को मजबूर हुए इशिबा

*जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में भारी हार की जिम्मेदारी लेने के लिए उनकी पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के बाद इस्तीफा देने को मजबूर हो गए। जापान के सरकारी टेलीविजन की खबर के अनुसार प्रधानमंत्री रविवार को देर शाम संवाददाता सम्मेलन कर सकते हैं। इशिबा पार्टी में और फूट न हो, इसके लिए पद से इस्तीफा देने का मन बनाया। जुलाई में, इशिबा के सत्तारूढ़ गठबंधन को 248 सदस्यीय उच्च सदन में संसदीय चुनाव में बहुमत हासिल नहीं हो सका, जिससे उनकी सरकार की स्थिरता और अधिक कमजोर हो गई। यह फैसला उन्होंने शनिवार को कृषि मंत्री शिंजिरो कोइजुमी और अपने मार्गदर्शक माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा से मुलाकात के बाद लिया।*

### इशिबा ने टैरिफ कम कराया

इशिबा ने इसी महीने अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया, जिसमें जापानी ऑटोमोबाइल पर लगने वाले टैरिफ को 25% से घटाकर 15% कर दिया गया। इस समझौते को निवेशकों ने जापान की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए फायदेमंद माना गया। हालांकि इस समझौते के बावजूद इशिबा की राजनीतिक स्थिति मजबूत नहीं हो सकी।इस कदम से जापानी ऑटो इंडस्ट्री, विशेष रूप से टोयोटा और होंडा जैसी कंपनियों को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि यह सेक्टर जापान की अर्थव्यवस्था का लगभग 8% हिस्सा है। इसके बदले में, जापान ने अमेरिका में 550 अरब डॉलर के निवेश और अमेरिकी कृषि उत्पादों, जैसे चावल, मक्का और सोयाबीन की खरीद बढ़ाने का वादा किया है।

### संसद में बहुमत नहीं, फिर भी इशिबा प्रधानमंत्री बने थे

*जापान में अक्टूबर 2024 में हुए चुनाव में एलडीपी-कोमेतो गठबंधन को 465 में से सिर्फ 215 सीटें मिली थीं। यहां बहुमत के लिए 233 सीटें चाहिए। एलडीपी सबसे बड़ी पार्टी रही। कोई दूसरा गठबंधन सरकार बनाने की स्थिति में नहीं था। मुख्य विपक्षी दल सीडीपीजे को 148 सीटें मिलीं। बाकी विपक्षी पार्टियां आपस में बंटी हुई हैं। विपक्ष नो-कॉन्फिडेंस मोशन लाना चाहता था, लेकिन इशिबा ने चेतावनी दी कि ऐसा हुआ तो वे संसद भंग करके दोबारा चुनाव कराएंगे। जिससे विपक्ष पीछे हट गया। अब इशिबा डीपीपी जैसे छोटे दलों से मुद्दों पर समर्थन लेकर बिल पास करवा रहे हैं। बजट, सब्सिडी और टैक्स सुधार जैसे मामलों में वे विपक्ष के कुछ नेताओं को अपने पक्ष में कर पाए हैं।*

---

**15 दिन** में रूस ने कीव पर दूसरा सबसे बड़ा हमला

कैबिनेट बिल्डिंग को बनाया निशाना

# कीव पर रूस ने दागे 800 ड्रोन और 13 मिसाइल, 3 की मौत



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस और यूक्रेन का युद्ध चरम पर है। वहीं दोनों के बीच शांति कराने के प्रयास भी विफल हो रहे हैं। दोनों देशों के राष्ट्रपति अपनी-अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। शांति प्रयासों के बीच रूस की सेना ने कीव पर भीषण हवाई हमला किया है, जिसमें जान-माल का भारी नुकसान हुआ है।

रूस ने यूक्रेन पर फिर हमला किया है। रूस की सेना ने यूक्रेन की राजधानी कीव में रात को मंत्रिपरिषद भवन, मंत्रियों के घरों और ऑफिसों पर 800 ड्रोन और 13 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। एयर स्ट्राइक में एक बच्चे समेत 3 लोगों की मौत हुई है। वहीं 10 से ज्यादा लोग घायल हैं, जो अस्पताल में उपचाराधीन हैं। क्रेमेनचुक, क्रिवी रिह और ओडेसा शहरों में भी रूस की सेना ने ड्रोन से अटैक किया है। हमले से जान और माल दोनों का नुकसान हुआ है। मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के चीफ ओलेक्सांद्र विल्कुल ने बताया कि रूस की सेना हमले से डार्नित्स्की में रिहायशी इमारत की 2 मंजिलें जलकर राख हो गईं।

### मंत्रियों के घरों और दफ्तर को नुकसान

बताया जा रहा है कि हमले से कैबिनेट बिल्डिंग की छत टूट गई है, जिससे बिल्डिंग की अंदर लगी आग का धुंआ उठता दिखा। बिल्डिंग के अंदर मंत्रियों के घर-दफ्तर बने हैं, जिन्हें नुकसान पहुंचा है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने हमले की पुष्टि की। 15 दिन में रूस ने कीव पर दूसरा सबसे बड़ा हमला किया है। वहीं हमले बढ़ने से दोनों देशों के बीच शांति की आस खत्म होती जा रही है। हालांकि पुतिन ने जेलेंस्की को मॉस्को बुलाया है, लेकिन बिना किसी एजेंडे के बात करने से इनकार कर चुके हैं।

### धमाकों के बाद बिजली हो गई गुल

*कीव के पश्चिमी स्वियातोशिन्स्की जिले में भी 9 मंजिला इमारत ध्वस्त हुई थी। इमारत पर रूस की सेना ने मिसाइल अटैक किया था। क्रेमेनचुक शहर में भी धमाके होने से बिजली ठप हो गई थी। क्रिवी रिह शहर में रूस की सेना ने ट्रांसपोर्ट और शहरी ढांचे को टारगेट करके ड्रोन और मिसाइलें दागी थीं। साउथ यूक्रेन के ओडेसा में भी हमला किया था। रूस और यूक्रेन में साल 2022 से जंग जारी है, लेकिन दोनों देश युद्ध से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप समेत कई देश दोनों देशों के बीच शांति कराने का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच बीती रात रूस की सेना ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलें दागीं। सारी रात हमले जारी रहे और जवाबी कार्रवाई करते हुए यूक्रेन की सेना ने रूस की ऑयल पाइपलाइन को टारगेट करके हमला किया, जिससे पाइपलाइन को भी नुकसान पहुंचने की खबर है।*

---

हजरतबल दरगाह विवाद के बाद अनंतनाग में नहीं लगाया गया अशोक चिन्ह

# अशोक स्तंभ तोड़ने पर बवाल! ललन सिंह की चेतावनी-जिसने खंडित किया है वह दंडित होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने श्रीनगर के हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ को तोड़ने की घटना पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने रविवार को कहा कि अशोक स्तंभ देश का प्रतीक है और इसको जिसने खंडित किया है वह दंडित होगा। उन्होंने पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए ये बातें कहीं। दरअसल, शुक्रवार को यह घटना हुई जिसमें हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ को तोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस दरगाह में हालही में नवीनीकरण किया गया था। उद्घाटन शिलापट्टिका में राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ को अंकित किया गया था। बताया जाता है कि नमाज़ के बाद, कुछ कट्टरपंथी लोगों ने इस उद्घाटन पट्टिका में लगे अशोक स्तंभ को बुतप्रतीक मानकर पत्थर से तोड़ फोड़ की और उसे क्षतिग्रस्त कर दिया।

वीडियो फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें स्पष्ट रूप से पत्थर से तोड़े जाने की घटना दिखाई गई। वक्फ बोर्ड अध्यक्ष, दारखशां आंद्राबी ने इस घटना को दिल तोड़नेवाला और संविधान पर हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पत्थर पर निशान नहीं, मेरे दिल पर निशान है। दोषियों के खिलाफ एफआईआर और पीएसए के तहत कानूनी कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस ने निगीन थाना में एफआईआर दर्ज कर की। राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय दंड संहिता के अधीन राष्ट्रीय प्रतीक के अपमान पर तीन साल तक की सज़ा, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। अब इसी मुद्दे पर ललन सिंह ने ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की बातें कही हैं।

## *हजरतबल दरगाह पर नमाज के बाद तोड़ा गया अशोक स्तंभ*

सीएम उमर ने कहा- मैंने कभी धार्मिक स्थल पर राष्ट्रीय चिन्ह नहीं देखा




### दरगाह विवाद में 26 लोग हिरासत में

हजरतबल दरगाह में राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के चिन्ह वाली शिलापट्ट तोड़ी गई। इसके अगले दिन अनंतनाग की खिरम दरगाह में फुटब्रिज के उद्घाटन किया गया था। बताया गया कि यहां लगाई शिलापट्ट में केवल वक्फ बोर्ड का लोगो था, अशोक चिन्ह नहीं था। उद्घाटन में जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की चेयरपर्सन दरख्शां अंद्राबी भी पहुंची थीं। अब सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या जानबूझकर हजरतबल दरगाह में लगाई गई शिलापट्ट में अशोक स्तंभ चिन्ह उकेरा गया था। जिससे माहौल खराब किया जा सके। वहीं, हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ शिलापट्ट तोड़ने के मामले में पुलिस ने 26 लोगों को हिरासत में लिया है। वायरल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इनकी पहचान की गई। इस मामले में पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि मुस्लिम समुदाय को जानबूझकर उकसाया जा रहा है।मुख्यमंत्री उमर अबदुल्ला ने कहा कि मैंने कभी किसी धार्मिक स्थल पर राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह का इस्तेमाल होते नहीं देखा, तो हजरतबल दरगाह के पत्थर पर प्रतीक चिन्ह लगाने की क्या जरूरत थी? क्या सिर्फ काम ही काफी नहीं था?

### तीन साल की सजा और 5 लाख का हो सकता है जुर्माना

भारत में राष्ट्रीय ध्वज के उपयोग या राष्ट्रीय प्रतीक के सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय ध्वज संहिता, 2002 और राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 लागू हैं। ये कानून तिरंगे और राष्ट्रीय प्रतीक के सही उपयोग, प्रदर्शन और सम्मान के नियमों को निर्धारित करते है। किसी तरह की गलती भारी पड़ सकती है। इसके तहत किसी सार्वजनिक स्थान या किसी अन्य स्थान पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज या उससे संबंधित राष्ट्रीय प्रतीक को विकृत करता है, नष्ट करता है, रौंदता है या अन्यथा अनादर प्रदर्शित करता है या अवमानना करता है (चाहे मौखिक या लिखित शब्दों द्वारा, या कृत्यों द्वारा), उसे अधिकतम 3 साल की सजा दी जा सकती है और साथ में 5 लाख तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

---


## खबर संक्षेप

### मारा गया 10 लाख का इनामी नक्सली अपटन



रांची। पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा की आराहासा पंचायत के रेलापराल गांव के पास जमकर मुठभेड़ हुई। यहां की बुरजूवा पहाड़ी पर रविवार तड़के हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दस लाख के इनामी नक्सली सब जोनल कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन को ढेर कर दिया गया है। सुरक्षाबलों ने घटना स्थल से एक एसएलआर रायफल भी बरामद दिया है। एसपी राकेश रंजन ने इसकी पुष्टि की है। एक माह में यह दूसरी मुठभेड़ हुई है, जिसमें सुरक्षाबलों को कामयाबी मिली है।

### जर्मनी में लॉन्च हुआ सुपरकंप्यूटर जुपिटर



बर्लिन। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अब यूरोप भी बड़ा कदम उठाने को तैयार है। जर्मनी के जूलिश सुपरकंप्यूटिंग सेंटर में यूरोप का सबसे तेज और पहला एक्सास्केल सुपरकंप्यूटर जुपिटर लॉन्च किया गया। जुपिटर सुपरकंप्यूटर को यूरोप का पहला एक्सास्केल सिस्टम कहा जा रहा है, जो हर सेकंड एक क्विंटिलियन (1 अरब) कैलकुलेशन करने में सक्षम है। यह किसी भी मौजूदा जर्मन कंप्यूटर से लगभग 20 गुना ज्यादा शक्तिशाली है।

---

रूस के बीच हो रहे व्यापार को देख बौखला रहा है अमेरिका

ट्रंप के करीबी और मस्क के बीच झगड़ा

# भारत-रूस को लेकर आपस में भिड़ गए ट्रंप के 'राइट' और 'लेफ्ट' हैंड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और रूस के बीच हो रहे व्यापार को देख अमेरिका का खाना हजम नहीं हो रहा है। भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी भारत पर लगातार हमला कर रहे हैं।

अब भारत को लेकर ट्रंप के व्यापार और निर्माण मामलों के सलाहकार पीटर नवारो और दुनिया के सबसे अमीर शख्स व अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क के बीच 'झगड़ा' शुरू हो गया है। यह विवाद



तब हुआ जब मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने के बारे में एक पोस्ट को नवारो ने गलत बताया गया। बता दें कि नवारो को ट्रंप का राइट हैंड माना जाता है। वहीं मस्क भी कभी ट्रंप के लेफ्ट हैंड रह चुके हैं। हालांकि अब मस्क और ट्रंप की राहें अलग हो चुकी हैं।

### रूसी तेल से मुनाफे का लगाया था आरोप

नवारो ने कुछ समय पहले एक्स पर पोस्ट की थी। अपनी उस पोस्ट में भारत पर रूसी तेल से मुनाफा कमाने का आरोप लगाया था। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा था कि भारत के टैरिफ से अमेरिकियों की नौकरियां जा रही हैं। नवारो ने ये बातें वाशिंगटन पोस्ट के एक लेख के जवाब में कहीं।. उस लेख में ट्रंप प्रशासन के भारत के साथ संबंधों को सुधारने के प्रयासों में विरोधाभास के बारे में बताया गया था।

---

*बयान में कहा- ये रूटीन जांच का हिस्सा*

# एचएएल ने हेलिकॉप्टर में तकनीकी खामी की रिपोर्ट्स खारिज की



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल)के हेलीकॉप्टर्स में तकनीकी खामी का मामला उठाया गया था।

अब उसे लेकर कंपनी ने बयान जारी किया है और मीडिया रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। एचएएल ने बयान में कहा कि यह स्पष्टीकरण 6 सितंबर 2025 को एक समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों के संदर्भ में है। दुर्भाग्य से, ये लेख भ्रामक टिप्पणियों के साथ एकतरफा दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। वन-टाइम चेक (ओटीसी) एक नियमित रखरखाव प्रक्रिया है जो टेल ड्राइव शाफ्ट (टीडीएस) में किसी खराबी के बाद की जाती है।

एचएएल भारतीय सेना के साथ मिलकर काम कर रहा है और मूल कारण का पता लगाने के लिए विशेषज्ञ टीमों को तैनात किया गया है।

---

सेना बढ़ाने के पीछे ड्रग्स बनी वजह

# वेनेजुएला के पास यूएस ने तैनात किए फाइटर जेट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने वेनेजुएला के पास अपनी सैन्य ताकत और बढ़ा दी है। आधिकारिक तौर पर तो यह कदम लैटिन अमेरिकी ड्रग कार्टेल्स से निपटने के लिए बताया जा रहा है, लेकिन इसने वेनेजुएला की राजनीति और लोगों में हलचल पैदा कर दी है।

अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में दावा किया था कि उनकी सेना ने ड्रग्स ले जा रही एक नाव को नष्ट किया है, जिसमें 11 लोग मारे गए। इस कार्रवाई के बाद दोनों देशों के रिश्ते और तनावपूर्ण हो गए हैं। अमेरिका ने प्यूर्टो रिको में 10 एफ-35 लड़ाकू विमान भेजे हैं, जो ड्रग कार्टेल्स पर कार्रवाई करेंगे।

### वेनेजुएला में नहीं होती नशे की खेती

नेवी प्रमुख एडमिरल डैरल कॉडल ने कहा कि उनकी जिम्मेदारी राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री को सैन्य विकल्प देना है। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि असली लक्ष्य क्या है। इस बढ़ती सैन्य गतिविधि पर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने कहा कि 90% से ज्यादा लोग अमेरिका के इन खतरों को खारिज करते हैं। उन्होंने दावा किया कि वेनेजुएला में कोका की खेती नहीं होती और यह देश ड्रग्स उत्पादन से मुक्त है। मादुरो ने कहा कि अमेरिका हमेशा देशों को बदनाम करने के लिए अलग-अलग आरोप लगाता रहा है। मादुरो ने लोगों से अपील की है कि वे मिलिशिया में शामिल हों। ताकि किसी भी हमले की स्थिति में सेना की मदद की जा सके।

### युद्ध को अपराध बताने वालों पर भड़के वेंस



*अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने वेनेजुएला की ड्रग तस्करी करने वाली वोट पर अमेरिका के घातक हवाई हमले का बचाव करते हुए कहा है कि अगर आलोचक इसे युद्ध अपराध कहते हैं, तो उन्हें इसकी कोई परवाह नहीं है। जेडी वेंस ने एक्स पर लिखा, हमारे साथी नागरिकों को जहर देने वाले कार्टेल सदस्यों को मारना हमारी सेना का सर्वोच्च और सर्वोत्तम उपयोग है।*

---

रक्षा अनुसंधान और उत्पादन में एमएसएमई की भूमिका पर जोर

आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ेंगे कदम

# डीआरडीओ की बड़ी पहल: छोटे-बड़े उद्योगों को एक साथ एक मंच पर लाने से आएंगे सार्थक परिणाम

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश स्थित डिफेंस कॉरिडोर को मजबूती प्रदान करने के लिए डीआरडीओ कई छोटे-बड़े उद्योगों और रक्षा क्षेत्र से जुड़े स्टार्ट-अप्स को एक मंच पर लेकर आया है। भारत के ये उद्योग देश की रक्षा जरूरतों से जुड़े निर्माण कार्यों में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

इसके साथ ही नई रिसर्च से सैन्य बलों के लिए उपयोगी रक्षा उपकरण एवं अन्य चीजें तैयार करने में भी मदद मिल सकती है।

### *रक्षा उपकरण निर्माण में एमएसएमई की होगी अहम भूमिका*




### 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के रक्षा प्रौद्योगिकी और परीक्षण केंद्र (डीटीटीसी) ने शनिवार को लखनऊ में एक बड़ा कॉन्क्लेव आयोजित किया। इसका उद्देश्य माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज और स्टार्टअप्स को रक्षा अनुसंधान, विकास और उत्पादन में शामिल करना था। यह आयोजन उत्तर प्रदेश डिफेंस औद्योगिक कॉरिडोर में भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी बधाई

*डीआरडीओ प्रमुख ने आश्वासन दिया कि डीआरडीओ, एमएसएमई को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा ताकि देश 'आत्मनिर्भर भारत' बन सके और वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।*

# राद्विवि में आज से कामबंद हड़ताल

## 18 माह बाद भी पेंशन प्रकरण भोपाल नहीं भेजे जा रहे

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (राद्विवि) के कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर सोमवार से पूर्ण रूप से कार्य का बहिष्कार करेंगे। बताया जा रहा हैं कि राद्विवि से सेवानिवृत्त होने के 18 माह बाद भी पेंशन प्रकरण न तो भोपाल भेजे जा रहे हैं और न ही जिन पेंशनर्स को पूर्व से छठवें वेतनमान से पेंशन का भुगतान हो रहा है।




शासन के निर्देश होने के उपरांत भी सातवें वेतनमान का सत्यापन ऑडिट शाखा द्वारा नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते राद्विवि के समस्त कर्मचारियों ने सोमवार से कार्य का पूर्ण बहिष्कार का मन बना लिया हैं। संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह पटैल और महासचिव राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल ने बताया कि विगत जून माह में कर्मचारी संघ द्वारा एक सप्ताह का आंशिक कार्य का बहिष्कार किया गया था, जिस पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा समस्या के तत्काल निराकरण का लिखित आश्वासन तो दिया लेकिन अब तक समस्या जस की तस हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारी जीवन निर्वाह के लिये तरस रहे हैं, ऑडिट द्वारा पेंशन प्रकरणों का सत्यापन नहीं किया जा रहा हैं।

### ये भी हैं प्रमुख मांगें

इसके साथ ही विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों को समान रूप से श्रमसाध्य भत्ते का भुगतान, 2008-13 की अंतरराशि का भुगतान, बैकलाग कर्मचारियों को समयमान वेतनमान, पीएफ खातों में नियमानुसार ब्याजदर का भुगतान, आवास मरम्मत, आवास आवंटन सहित अनेक समस्याएँ जस की तस बनी हुई हैं, जिससे कार्यरत एवं सेवानिवृत्त सभी कर्मचारियों में घोर निराशा और आक्रोश व्याप्त है। पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष शिवशंकर पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी पेंशनर्स कर्मचारियों के साथ हैं। हम सब कार्य के बहिष्कार को पूर्ण समर्थन देते हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगें। कर्मचारी संघ के प्रेम प्रकाश पुरोहित, बीरेन्द्र कुमार तिवारी, रोहित आर्या, जयशंकर पाण्डेय, राजेन्द्र कनौजिया, रजनीश पाण्डेय, संजय तिवारी, हरेकृष्ण पाण्डेय, ओम प्रकाश शुक्ल, बंशबहोर पटेल, गणेश उनेहा, प्रवीण जायसवाल, विक्रम सिंह उइके सहित समस्त कर्मचारियों ने सोमवार को मुख्य प्रशासनिक भवन के सामने उपस्थित होने की अपील की है।

## अमावस्या तक चलेगा तर्पण



# पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का महापर्व पितृमोक्ष प्रारंभ

**जबलपुर।** श्रद्धा और आदर भाव से हो रहा पितरों का स्मरण धार्मिक ग्रंथों के अनुसार आश्विन कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से अमावस्या तक का समय श्राद्ध या महालया पक्ष माना जाता है। हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार इस अवधि के 15 दिन पितरों अर्थात श्राद्ध कर्म के लिये नियत किए गए है। इसे पितृपक्ष के नाम से भी जाना जाता है। पितृपक्ष में किए गए श्राद्ध कर्म से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। ऐसा माना जाता है कि पितृपक्ष मे पितर मृत्युलोक से धरती पर आते है। आश्विन माह की पूर्णिमा के साथ रविवार से पितृपक्ष प्रारंभ हो गया। जो 21 सितंबर रविवार सर्वपितृ अमावस्या तक चलेंगे।

### पितरों की आत्म शांति के लिये किया जाता है तर्पण

परिवार में जिस किसी की मृत्यु हो चुकी है उन्हें पितर कहा जाता है। पंड़ितों के अनुसार पितृपक्ष में मृत्युलोक से पितर पृथ्वी पर आते है और आशीर्वाद देते है। पितृपक्ष में पितरों की आत्म शांति के लिए उनकों तर्पण किया जाता है।

# रोटरी साउथ ने किया शिक्षकों का सम्मान

**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पूर्वाध्यक्ष अरुण कान्त अग्रवाल ने व्यक्त किया कि रोटरी शिक्षा के क्षेत्र में सदैव सक्रिय रहा है। इसके समस्त सेवा आयाम शैक्षणिक योग्यता के बगैर अधूरे हैं। रोटरी के कार्यक्षेत्र में भी शिक्षा को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। माह सितंबर को शिक्षा एवं साक्षरता माह घोषित किया जाना सुखद संयोग है। ज्ञानवान शिक्षक के मार्गदर्शन के अभाव में किसी भी गतिविधि की सफलता संदिग्ध रहती है। अध्यक्ष सारंग भिड़े ने भिन्न भिन्न शालाओं व महाविद्यालयों से पधारे शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वास्तव में यह आयोजन शैक्षणिक उत्थान के प्रति रोटरी के रुझान का प्रतीक है। श्रेष्ठ शिक्षक वही है, जिसमें द्रढ़ता है जिद्द नहीं, संयम है जल्दबाजी नहीं , दया है कमजोरी नहीं और अहंकार नहीं। सचिव अखिल खण्डेलवाल के सहयोग से शिक्षकगण को स्मृतिफलक, शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। शिक्षकवृंद श्रीमती दीप शिखा अय्यर, श्रीमती उषा रैकवार, डॉ.शिवकुमार व्यास,डॉ.दीप्ति एस.देशपांडे, फादर वी.वी. डेविस तथा श्री हेमंत सोलंकी ने रोटरी के शैक्षणिक उत्थान के प्रति रुझान की सराहना की।



## साइंस कॉलेज में एआईसीटीई नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित एमसीए कोर्स प्रारंभ

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों एवं नई शिक्षा नीति के अंतर्गत शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर के विभागों द्वारा छात्रों के हित में नित्य नए पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसी अनुक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर संतोष जाटव में बताया कि भौतिक शास्त्र विभाग में विगत 20 वर्षों से कंप्यूटर एप्लीकेशन, कंप्यूटर मेंटेनेंस, बी.सी.ए. एवं इलेक्ट्रॉनिक विषय से संबंधित पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। सत्र 2025-26 से स्नातकोत्तर स्तर पर नवीन तकनीकि पाठ्यक्रम एम.सी.ए. नियमानुसार ए.आई.सी.टी.ई. नई दिल्ली द्वारा अनुमोदन प्राप्त कर प्रारंभ किया जा रहा है। उक्त पाठ्यक्रम हेतु वर्तमान में सत्र में 30 सीटों का आवंटन ए.आई.सी.टी.ई. नई दिल्ली द्वारा मान्य किया गया है तथा पाठ्यक्रम की संबद्धता राजीव गांधी प्रौद्योगिकी तकनीकी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा प्रदान की गई है।भौतिक शास्त्र के विभाग अध्यक्ष डॉ. रवि कटारे द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को डी.टी.ई.एमपी ऑनलाइन, भोपाल के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन कराकर सी. एल.सी. राउंड की काउंसलिंग में महाविद्यालय में उपस्थित होना होगा जिससे छात्रों को सीधे प्रवेश प्राप्त हो सकेगा। सी.एल.सी. राउंड हेतु डी.टी.ई. द्वारा 09 तथा 14 सितंबर 2025 की तिथि निर्धारित की गई है।

# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की सहायता की जाएगी

**जबलपुर।**

जबलपुर के समूह सिक्ख समाज की एक अहम बैठक जबलपुर सिक्ख संगत रजि. के नेतृत्व में दशमेश हाल गुरुद्वारा प्रेमनगर में अयोजित की गई जिसमे पंजाब के रहवासियों के प्रति चिंता रखने वाले सिक्ख समाज, सिंधी समाज व मुस्लिम समाज के समाज सेवक उपस्थित हुए व पंजाब में आई प्राकृतिक आपदा बाढ़ के विषय में सभी ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए आपसी विचार विमर्श किया व सभी अपने एक राय हो कहा कि बाढ़ के कारण घर व घर का समान, खेत खलिहान पशु पानी मे डूबने के कारण पंजाब के लगभग 25 से ज्यादा जिलों की स्थिति बहुत खराब हो गयी है, बाढ़ का पानी उतरने के बाद ही सही स्थिति का आंकलन हो पायेगा जो और भी भयानक होगा. इसलिए हमे ज्यादा से ज्यादा सहयोग राशि इकट्ठा कर पंजाब के लोगो की ज्यादा से ज्यादा मदद करने के लिए भेजनी चाहिए. कुछ लोगो ने पंजाब जाकर वस्तुस्थिति का आकलन कर मदद करने की राय दी ,जबकि कुछ लोगों ने सिक्ख एड संस्था या अन्य संस्थाओं के द्वारा अपने दस्वन्ध , सहयोग राशि का सही उपयोग करने की सलाह दी ,जिससे की जरूरतमंद परिवारों को ही मदद मिल सके. इस मीटिंग में ही सदर के मुस्लिम समाज द्वारा ईद के अवसर पर पंजाब रिलीफ़ फण्ड के रूप में जमा की गई सहयोग राशि समिति के सदस्यों को दी गयी।





# नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमा की गई

**जबलपुर।** जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में चातुर्मास विश्राम पर भादो पूर्णिमा पर आश्रम संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास जी महाराज के सानिध्य में स्वर्ण कलश हनुमान जी महाराज राधाकृष्णा लड्डू गोपाल तुलसी मैया की एक साथ 108 परिक्रमा संकीर्तन के साथ की गई विशाल महाआरती के साथ भंडारे का आयोजन हुआ महाराज जी ने सभी को नर्मदा स्वच्छता की शपथ दिलाई. 5 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा पर हरे कृष्णा आश्रम में नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ का आयोजन होगा। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल मनोज गुलाबबानी सुरेश विश्वकर्मा मोहित तिवारी दुर्गा पटेल विनोद दीवान छन्नू राम पटेल मनोहर विश्वकर्मा चंद्र कुमार पटेल अशोक विश्वकर्मा दीपक तिवारी नितिन चौबे आदि उपस्थित थे।

## अतिथि शिक्षक दो माह से मानदेय प्राप्त नहीं होने से हलाकान

**आखिर मानदेय का भुगतान कब होगा?**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जिले के अतिथि शिक्षकों को जुलाई माह से आज़ दिनांक तक काम के बदले भुगतान प्राप्त नहीं हुआ, जबकि बड़ी मशक्कत के बाद केवल रिक्त पदों पर कुछ माह के लिए नियुक्त अतिथि शिक्षक दूर दराज से आकर अपनी- अपनी शालाओं में प्रतिदिन अपनी ऑनलाइन हाज़िरी लगाने के बावजूद भी उन्हें मानदेय प्राप्त नहीं हो रहा है, जबकि त्योहार का समय है, विगत जुलाई माह से अपने खातों में प्रतिदिन मानदेय की राशि खोज रहे हैं, किन्तु शासन से आवंटन प्राप्त ना होने से मानदेय का भुगतान नहीं हो पा रहा है। अतः मुख्यमंत्री से संगठन मांग करता है कि अतिथि शिक्षकों की आर्थिक समस्या से निजात दिलाने हेतु उनके खाते में राशि अतिशीघ्र भेजी जाए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, मीनुकांत शर्मा, राकेश श्रीवास, हेमंत ठाकरे, राजेश सहारिया, रऊफ खान, गुडविन चार्ल्स, धनराज पिल्ले, विनोद सिंह, एनोस विक्टर, सुरेंद्र चौधरी, फिलिप एंथोनी, योगेश ठाकरे, वीरेंद्र श्रीवास, संतोष चौरसिया आदि ने मांग की है।

## जिला चिकित्सालय में फिजियोथेरेपी शिविर

**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर 8 सितंबर को जिला चिकित्सालय में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया जायेगा। शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक कान एवं गला रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ एवं फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क परामर्श एवं उपचार किया जाएगा। शिविर में रोगियों को आवश्यकतानुसार फिजियोथैरेपी की सेवायें भी प्रदान की जायेगी तथा जरूरतमंद रोगियों को निःशुल्क कॉलर बेंड, वाकिंग स्टिक, नी कैप और लंबो-सैक्रल बेल्ट प्रदान किये जायेंगे।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा तथा जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ नवीन कोठारी ने वृद्धजनों एवं आम नागरिकों से विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर जिला चिकित्सालय में आयोजित किये जा रहे।

# नागाघाटी के पास ट्रक खड़े होने के कारण पीछे से आ रहा ट्रक पलटा

## बरेला क्षेत्र में आए दिन हो रहे हादसे और दुर्घटनाएं

**हरिभूमि, बरेला।** क्षेत्र में नागाघाटी के पास उस समय हादसा हो गया जब पहले से ट्रक जो की खड़े हुए थे उन्हें शासन प्रशासन द्वारा किनारे नहीं किया गया था आपस में टकरा गए। बताया जा रहा थे तभी रात को 1:00 बजे ट्रक रायपुर से जबलपुर की ओर आ रहा था तभी वह बीच में खड़े हुए ट्रक नहीं देख पाए जिसमें कि वह अनियंत्रित होकर नीचे गड्ढे में गिर गया। ड्राइवर को मामूली चोटे आई हैं लोगों का कहना है कि शासन प्रशासन द्वारा एक्सीडेंट हुए ट्रैकों को भी यहां से अलग नहीं किया जाता है जिसमें की ढलान होने के कारण और भी एक्सीडेंट होने की संभावना है। अधिकारियों को इस चीज से अवगत कराया गया है कि यह जो घाटी है इसे सीधी किया जाए लेकिन शासन प्रशासन अभी तक मौन बैठा है। बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है बरेला क्षेत्र में आए दिन हादसा एवं दुर्घटना हो रही है शासन प्रशासन इसकी तरफ बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहा है।



# सस्टेनेबल सिटी बन रहा जबलपुर

**विभिन्न संगठनों ने महापौर को दिया साधुवाद**

**जबलपुर।** स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 से प्रमाणित हुआ है कि जबलपुर अब सस्टेनेबल सिटी बन रही है। सर्वेक्षण के 2025 के परिणाम आने के बाद इस तथ्य की पुष्टि हो जायेगी। इसकी गहरी उम्मीद है। यह भी सच्चाई है कि जबलपुर को सस्टेनेबल सिटी बनने की नींव वर्तमान नगर निगम प्रशासन को है। आज विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू से मुलाकात कर उन्हें साधुवाद दिया।डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि सम्पूर्ण देश में जबलपुर ही ऐसा शहर है जहां सबसे बड़ा अर्बन फॉरेस्ट है। अब लक्ष्य यह होना चाहिए कि जबलपुर जीरो कार्बन सस्टेनेबल सिटी बने। वर्तमान में डुमना नेचर पार्क तथा मदनमहल पहाड़ियों पर छाई हुई हरियाली से लगभग 2200 हेक्टेयर में यह अर्बन फॉरेस्ट फैला हुआ है। इसमें टेलीकाम फैक्टरी के 70 एकड़ में निर्मित हरियाली मिलाना जरूरी है।महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने आश्वासन दिया कि उनके समक्ष रखे गये सुझाव की आगामी मेयर इन काउंसिल में चर्चा की जायेगी तथा तदनुसार तत्काल कार्रवाई करेंगे। इस अवसर पर रजत भार्गव, टी.के. रायचढ़क, डी.के. सिंह, ए. वेदप्रकाश आहोलीया, सुशील कनोईजिया, पी.एस. राजपूत, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।



# बरेला जलप्रदाय परियोजना का किया निरीक्षण

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत, जबलपुर जिले के बरेला नगर में जलप्रदाय परियोजना पर तेज़ी से कार्य किया जा रहा है। यह परियोजना एशियन डेवलपमेंट बैंक (ए.डी.बी.) के सहयोग से संचालित की जा रही है। कंपनी के प्रमुख अभियंता आनंद सिंह ने परियोजना स्थल का दौरा किया और निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना से जुड़े अधिकारियों और ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस अवसर पर परियोजना क्रियान्वयन इकाई जबलपुर के अधिकारी तथा संविदाकार और परियोजना प्रबंधन सलाहकार फॉर्म के विशेषज्ञ भी मौजूद रहे।

# विद्युत परिवार के डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव का 100वां अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित

## शोध कार्यों को विश्व स्तर पर मिली सराहना

**जबलपुर।**

मध्यप्रदेश विद्युत परिवार के डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने वैज्ञानिक शोध के क्षेत्र में नया इतिहास रचते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनके 100 से अधिक शोध पत्र विश्व की प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, जो मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के अधीक्षण अभियंता श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव एवं श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव के पुत्र हैं, का शोध उच्च ऊर्जा भौतिकी और निम्न तापमान संघनित पदार्थ भौतिकी पर केंद्रित है। उनका कार्य लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर जैसे उच्च ऊर्जा कण त्वरकों में उत्पन्न अवस्थाओं को समझने में सहायक है। कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि संपूर्ण विद्युत परिवार के लिए गर्व का विषय और प्रेरणा स्रोत है। डॉ. श्रीवास्तव ने यह शोध कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय (अमेरिका) में अंतरराष्ट्रीय सहयोग से किया। उनके शोधपत्र जर्नल ऑफ हाई एनर्जी फिजिक्स, फिजिकल रिव्यू-बी और न्यूक्लियर फिजिक्स-बी जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं।



### परिंदों की मौत पर लगी रोक, ट्रिपिंग में कमी

# ट्रांसको की ईएचटी लाइनों पर लगे बर्ड गार्ड

**जबलपुर।** पारिस्थितिकीय संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने पूरे प्रदेश में अतिरिक्त उच्च दाब (ईएचटी) ट्रांसमिशन लाइनों पर पक्षी सुरक्षा उपकरण लगाना शुरू कर दिया है। ऊर्जा विभाग द्वारा समर्थित इस पहल का उद्देश्य पक्षियों की मृत्यु दर कम करना, बार-बार होने वाली ट्रिपिंग रोकना और ग्रिड की विश्वसनीयता बढ़ाना है।

राज्यभर में कई ट्रांसमिशन लाइनें जंगलों, आर्द्रभूमियों और प्रवासी पक्षियों के मार्ग से गुजरती हैं। इन लाइनों से बड़े पक्षी अक्सर करंट लगने या टकराने से घायल हो जाते हैं। इनमें संकटग्रस्त भारतीय सारस और महान भारतीय तिलोर (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों और पर्यावरणविदों की चिंता को देखते हुए एमपी ट्रांसको ने उन्नत तकनीकी समाधान अपनाए हैं।



टावरों पर बर्ड गार्ड लगाए गए हैं, जो पक्षियों को लाइव कंडक्टर पर बैठने से रोकते हैं। इन्सुलेटर पर रिंग-टाइप प्रिवेंटर और कंडक्टरों पर परावर्तक फ्लैपर्स लगाए गए हैं, जो उड़ते समय पक्षियों को चेतावनी देते हैं। फ्लैपर्स पर रेडियम कोटिंग की गई है ताकि रात में भी यह साफ दिखाई दें।

#### 1000 किमी लाइन पर सुरक्षा इंतजाम पूरे

अभी तक 1,000 किमी से ज्यादा जोखिमपूर्ण लाइनों पर सुरक्षा उपकरण लगाए जा चुके हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 1,53,384 बर्ड गार्ड, 4,983 प्रिवेंटर और 4,705 फ्लैपर्स स्थापित किए गए हैं। शुरुआती परिणाम बताते हैं कि पक्षी दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है और बिजली आपूर्ति में बाधाएं भी घटी हैं।

#### भविष्य में होगा ट्रैकिंग और जागरूकता अभियान

ट्रांसको प्रबंधन अब इन उपकरणों की प्रभावशीलता की मॉनिटरिंग के लिए ट्रैकिंग सिस्टम लगाने की तैयारी कर रहा है। स्थानीय समुदायों और रखरखाव स्टाफ के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे ताकि इस पहल का अधिकतम लाभ मिल सके।

### छत टपक रही, खप्पर लटक गये, नालियां जाम

# शासकीय जर्जर आवासों में मरम्मत करने की मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है कि कुछ विभागों के शासकीय कर्मचारियों के शासकीय आवास भारी जर्जर है, खपरैल आवासों से पानी टपक रहे हैं, लेंटर में पानी भरे है, कचरा जम गए है, छप्पर झूल गए है, दीवारों से पानी रिस रहा है। आवासों में बनी नालियां जाम है, विभागों द्वारा वर्षा के पहले सुधार नहीं कराए गए इस लिए कर्मचारियों और उनके बुजुर्ग परिजनों का रहना दूभर हो रहा है।

शासकीय कर्मचारियों के मासिक देयकों से इन आवासों का किराया काट लिया जाता है लेकिन मरम्मत नहीं कराई जाती है। लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ, वन, राजस्व,लोक स्वास्थ यांत्रिकी बरगी हिल्स,हिरण जल संसाधन, आई टी आई, रोजगार निर्माण, एवं नगर निगम के शासकीय आवास किसी भी समय धराशाही होने की कगार पर है। संबंधित कर्मचारी अपने पैसों से मरम्मत करवा रहे है बरसात के पानी से बचने पन्नी लगा कर दीवार बचा रहे है, केमिकल, सीमेंट लगाकर लेंटर की मरम्मत करवा रहे है, जबकि यह संबंधित विभाग को करवाना चाहिए।

मेडिकल के पीछे की कालोनी में भारी परेशानी है, पुलिस विभाग केंट थाने के सामने टपरिया नुमा आवासों में पानी भर रहा है,खपरैल छपार खराब है,मरम्मत का जिम्मा विभाग का होने के पश्चात भी मरम्मत नहीं कराई जा रही है। गढ़ा थाने के आगे के आवासों के लेंटर सित गए है। बरगी हिल्स के आवासों में सांप, बिच्छू,नेवला घुस रहे है, आवासों में बाउंड्री ही नहीं है, नालियां टूटी पड़ी है, रोड खराब है, राजस्व, पी डब्ल्यू डी के कर्मचारी ब्यौहार बाग के खस्ता हाल क्वाट्रो में रहने मजबूर है। वन विभाग के एस एफ आर आई, आई टी आई के साथ ही शिक्षा और स्वास्थ विभाग के आवासों की दुर्गति है, विक्टोरिया कैंपस में पास के आवास अत्यंत खराब है।

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला शाखा अध्यक्ष अटल उपाध्याय, आलोक अग्निहोत्री, राजेंद्र त्रिपाठी, सिहोरा सचिव योगेंद्र मिश्रा,बृजेश मिश्रा,अजय दुबे, शहजाद सिंह द्विवेदी, आकाश गुप्ता, अंशुल शाहू, बब्लू सिंह ठाकुर, नरेश दीक्षित, हरेन्द्र झा, विकास पटेल, गोविंद राजपूत, वृंदा नायडू,सुशील गुप्ता, अर्जुन सोमवंशी , रवि बांगड़, राजू मस्के, जीपी द्विवेदी ने तन्खाह से आवास किराया काटने वाले कार्यालय प्रमुख से अपने विभाग के कर्मचारियों के शासकीय आवासों के तत्काल मरम्मत करवाने की मांग की है।

## फ्लाईओवर बनने पर राकेश सिंह का मेहरा झारिया समाज ने किया आभार व्यक्त



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के सबसे बड़े ऐतिहासिक फ्लाईओवर की उपलब्धि का आभार व्यक्त करने मेहरा झारिया समाजसेवियों और वरिष्ठ समाजसेवी व अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, सरपंच नीलकमल झारिया के नेतृत्व में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का फूलमालाओं व श्रीफल के साथ आभार व्यक्त करते हुए स्वागत किया। इस मौके पर समाज लोगों ने कहा कि संस्कारधानी को सबसे बड़े फ्लाईओवर की सौगात मिलने पर हमारे लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं, आज उनके नेतृत्व में संस्कारधनी का नाम देश के बड़े शहरों में मशहूर हो गया है, हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में संस्कारधनी को कई उपलब्धि मिलेगी और शहर विकास तेजी से बढ़ेगा । इस मौके पर देवा झारिया, राजेश झारिया, वरिष्ठ पत्रकार हरि मेहरा, जेपी मेहरा, एड. अखिलेश झारिया, अजय झरिया, एड. जी दीपक, जेपी नायडू, महेंद्र मलिक, राहुल कोरी, सोनू श्रीवास सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## मोटर्स डीलर्स एसोसिएशन ने मंत्री राकेश सिंह का सम्मान किया



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाईओवर "वीरांगना रानी दुर्गावती फ्लाईओवर" की सौगात संस्कारधानीवासियों को देने हेतु महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में जबलपुर मोटर्स डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मंत्री राकेश सिंह का वंदन अभिनन्दन एवं शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जबलपुर मोटर्स डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राम अवतार शारदा, छब्बड़ा, जोगेश भाटिया, मनदीप कोहली, डॉ. जय रोहाणी, सुरेन्द्र टुटेजा, अमित चंदवानी, विनम्र भाटिया, अक्षय पचौरी एवं एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया ।

## मुस्लिम समाज ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों को पहुंचाई आर्थिक मदद



**जबलपुर।** पंजाब प्रदेश में बाढ़ के कारण लाखों लोग बेघर हो गए, जान-माल का नुकसान हुआ जिसमें सभी धर्म, जाति के लोग प्रभावित हुए हैं। इस आपदा में मुस्लिम समाज द्वारा सदर स्थित आपदा के लिए जुलूस ए मोहम्मदी में पैसा एकत्रित किया गया जो एक बहुत छोटा सा नजराना था, मगर इंसानियत का पैगाम देने के लिए छोटा-बड़ा नहीं देखा जाता नियत देखी जाती है जो सदर के तमाम मुसलमान एवं अन्य व्यापारियों ने जो सहयोग दिया उसके लिए हम मुस्लिम समाज की ओर से आभारी हैं। इस आयोजन में मोहम्मद अकबर खान सरवर, अशफाक कुरैशी, लालू हाजी शमीम, गली नंबर 10 अख्तर कुरैशी, चंदू कुरैशी, वसीम कुरैशी, सिराज कुरैशी आदि ने इस काम में हिस्सा लिया, जो पैसा जमा हुआ उसे दशमेश द्वार गुरुद्वारा में आयोजित सिख समुदाय की एक बैठक में यह नजराना सिख समुदाय के पास जमा कर दिया गया, साथ ही अपील की गई कि जो भी लोग इस काम में हिस्सा लेना चाहते हैं वह अपना सहयोग दे सकते हैं।

## ब्राम्हण जगत में नवाचार और नव दंपतियों के चुनाव वाली नि:शुल्क वेबसाइट आरंभ की



**जबलपुर।** अनंत ब्राह्मण महासभा महाकौशल ब्राह्मण समाज की प्रथम सामाजिक एवं वैवाहिक वेबसाइट को शुरू करने जा रही है। यह वेबसाइट ब्राह्मण समाज में हो रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों को प्रस्तुत करेगी। अनंत ब्राह्मण महासभा को इस वेबसाइट को ब्राह्मण समाज को समर्पित करने का उद्देश्य ब्राह्मण समाज में युवाओं को भारतीय संस्कृति के साथ जोड़ना, इसके साथ ही युवक, युवतियां के विवाह में भी सहायक होगी। मीडिया से बात करते हुए अनंत ब्राह्मण महासभा वेबसाइट के संस्थापक अखिलेश उपाध्याय ने बताया कि यह वेबसाइट विवाह योग्य हो चुके पर्ची का संकलन रखेगी और वेबसाइट का इस्तेमाल करने वाले इस संकलन को देख सकेंगे जिससे कि वह अपने या अपने किसी विवाह योग्य हो चुके सदस्य के लिए जीवनसाथी की तलाश कर सकेंगे। अनंत ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पंडित केके शर्मा ने बताया कि यह वेबसाइट समाज में किए जाने वाले सामाजिक कार्यों के बारे में भी जानकारी रखेगी। महासभा वेबसाइट के संयोजक पंडित ओपी मिश्रा का कहना है कि यह वेबसाइट ब्राह्मण समाज में निश्चित रूप से जानकारी के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम होगी। संगठन मंत्री पंडित अरुण पांडे ने बताया कि लोग इस वेबसाइट का इस्तेमाल करके लाभ उठा सकते हैं। समाज की भलाई के लिए ही इस वेबसाइट को समाज को समर्पित किया जा रहा है इस मौके पर पंडित रत्नेश पांडे, पंडित श्रीकांत उपरीत की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

### हिरन, कनाडी नदी में दूसरे दिन भी चला प्रतिमाओं का विसर्जन

# गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष से गूंजे नदी के घाट

हरिभूमि सिहोरा।

सिहोरा खितौला में स्थापित सैकड़ों गणेश प्रतिमाओं का विर्सजन दूसरे दिन रविवार को भी हिरन नदी मंझगवा घाट एवं कनाडी नदी में चलता रहा।

#### घाट विसर्जन स्थल पर की गई अनेक व्यवस्थाएं

गणपति बप्पा मोरया अगले तूं जल्दी आ के जयघोष से नदी के घाट गूंज उठे पुलिस एंव नगर पालिका द्वारा विसर्जन स्थल पर की गई व्यवस्थाओं की सभी ने सराहना की । घर घर विराजे विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमाओं को कोई चार पहिया तो कोई तीन पहिया और बहुत से लोग तो अपनी मोटर साइकिलों में ही विसर्जन स्थल की ओर डी जे बैड बाजों की धुन पर नाचते गाते ले जाते देखें गये । बड़ी सार्वजनिक गणेश प्रतिमाएं कटरा मोहल्ला,झंडा बाजार,काल भैरव चौक,मैना कुआं,हरदौल मंदिर,बाबताल,पुराना बस स्टेंड,गौरी तिराहा,बरा मोहल्ला खितौला आदि स्थानों से होकर निकली ।

#### सुबह से प्रारम्भ हो गया विसर्जन का क्रम

सुबह से ही विसर्जन का कृम शुरु हो गया था जो देर रात तक जारी रहा। नदी में पानी अधिक होने के कारण बड़ी गणेश प्रतिमा को नगर पालिका द्वारा हाईड्रा के माध्यम से एंव छोटी प्रतिमाओं को नाव पर बैठाकर बीच नदी में विसर्जन कराया। घाट पर जहां खितौला पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था थी तो वहीं नगर पालिका ने घाट के पहले अनेक टेबिले लगाकर गणेश जी की पूजन की व्यवस्था की थी। इसी तरह नहर से प्रवाहित हो रहे नर्मदा नदी के जल एंव खुडावल रोड़ पर स्थित कनाडी नदी,घाट सिमरिया हिरन नदी में भी दर्जनों प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। अनेक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन आज किया जायेगा घाटो पर तो जैसे भक्तों का बप्पा को बिदाई देने मेला सा लगा रहा।



## रेशम विभाग का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि सिहोरा।

मेरा रेशम मेरा अभिमान के तहत सिहोरा जनपद की ग्राम पंचायत केवलारी में मलबरी के रूट रॉट और रूट नॉट रोगों के नियंत्रण पर प्रदर्शन एंव प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका संचालन डॉ.गुलाब खान रोहेला वैज्ञानिक मैसूर द्वारा किया गया। जिसमें रेशम उत्पादन विभाग के अधिकारी हरी शंकर शर्मा रेशम निरीक्षक,मोनू धनंजय परोहा सरपंच केवलारी, उदयभान शुक्ला सचिव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



#### 32 किसानों ने लिया प्रशिक्षण

रेशम विभाग के प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ.गुलाब ने बीमारियों के नियंत्रण के लिए सूक्ष्मजीवों के सहयोग से बायोलॉजिकल के उपयोग का प्रदर्शन किया। जिसका उद्देश्य रेशम उत्पादन किसानों के लिए बायोफार्मुलेशन को प्रदर्शित करना था और प्रतिभागियों को पारंपरिक कृषि के साथ-साथ वैकल्पिक आय के रूप में रेशम उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रेरित करना। किसानों को संबोधित करते हुए सरपंच केवलारी ने किसानों को रेशम उत्पादन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

#### बड़े ही धूमधाम-भक्ति भाव से किया गणेश विसर्जन

**मझौली।** भगवान गणेश का दस दिन अपने अपने घरों पंडालों बड़े ही भक्ति भाव से पुजन अर्चन के बाद आज भगवान गणेश का विसर्जन नगर परिषद मझौली के द्वारा बनाया गया विसर्जन कुंड नरीला कुंड में किया गया। विसर्जन कुंड में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति शिप्रा राजेन्द्र चौरसिया उपाध्यक्ष सुनील सोनकरए मुख्य नगर परिषद अधिकारी श्रीमती नीतु सिह, लक्ष्मी नारायण, अमीत बघेल, विश्व नाथ, रमेश आनंद राज नीलेश, लारा, दिलीप आदि समस्त कर्मचारी मल्लाह पुलिस उपस्थित थे।

## एक दर्जन तस्करों से 528 पाव शराब जब्त



**जबलपुर।** मझौली खितौला व बरगी व कटंगी थाना क्षेत्रों में कल पुलिस ने अलग-अलग स्थानों में दबिश देकर एक बुलेरो जीप, मोटरसाइकिल की तलाशी के दौरान 528 पाव शराब व 35 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। पुलिस ने कार्यवाही के दौरान एक दर्जन सौदागरों की आबकारी एक्ट की धारा के तहत अभिरक्षा में लिया।

#### बुलेरो से 250 पाव देशी मदिरा जब्त

मझौली पुलिस ने कल लुहारी तिराहे पर खड़ी एक संदिग्ध बुलेरो जीप की तलाशी के दौरान डिक्की में रखी २५० पाव देशी शराब जब्त की है। जिसकी कीमत 20 हजार 250 रुपये है। जीप में सवार सोनू सेन, रमाकांत शिवहरे, दस्सी राजपूत व वीरू कुशवाहा को अभिरक्षा में लेकर शराब के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

#### बाईक सवारों से 128 पाव शराब जब्त

खितौला पुलिस ने कल रेलवे फाटक के समीप दबिश देकर बाईक सवार दो लोगों को पकड़ा। जिन्होंने पूछताछ के दौरान अपने नाम मोहनलाल चौरसिया व हरिओम यादव बताये। दोनो के कब्जे में रखी बोरियों की तलाशी के दौरान 128 पाव देशी मंदिरा मिली। जिसकी कीमत 17 हजार रुपये है। इसी तरह बरगी पुलिस ने ग्राम सेमरा व ग्राम लोढ़ी पिपरिया में दबिश देकर मनोहर आर्मो, रामसखा, अरविंद कुड़ापे के कब्जे से 25 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। कटंगी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बेलखाडू नुनसर रोड पर दबिश देकर विजयनगर निवासी आकाश चौधरी से 100 पाव देशी शराब जब्त की है।

### निधन

**श्री वीरेन्द्र सिंह पवार-** पुराना बस स्टैंड, जहांगीराबाद निवासी एवं राजेंद्र सिंह पवार, प्रशांत सिंह, अरुण सिंह एवं आशीष सिंह पवार के भाई एवं होटल पवार के संचालक, वीरेंद्र सिंह पवार पिता स्व. कपूर सिंह पवार का 7 सितंबर को सुबह निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल शमशान घाट में किया गया।

**श्री कृतांश चौरे-** प्रेस्टीज होम्स सिविल लाइन निवासी श्री देवेंद्र चौरे के पुत्र कृतांश चौरे (11) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती बाई प्रजापति-** लालमाटी गोपाल होटल स्थित साईं मंदिर के पीछे निवासी श्री बलराम प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई प्रजापति (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राकेश नामदेव-** गंगानगर गढ़ा निवासी श्री राकेश नामदेव (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला वर्मा-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री रमाकांत वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला वर्मा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कृपा शंकर तिवारी-** तुलसीनगर चेरीताल निवासी श्री कृपा शंकर तिवारी (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मकतूला देवी चौरसिया-** घमापुर चौक के निकट निवासी श्री मूलचंद चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती मकतूला देवी चौरसिया (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उषा कोल-** मदनमहल प्लेटफार्म नं. 4 की ओर निवासी श्री अजय कोल की धर्मपत्नी श्रीमती उषा कोल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजकुमारी चौबे-** रतननगर शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री मदन कुमार चौबे की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी चौबे (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री भूपेंद्र अहिरवार-** रानीताल लिंक रोड छोटी महाकाली के पास निवासी श्री जगदीश अहिरवार के पुत्र श्री भूपेंद्र अहिरवार (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती संध्या पटेल-** ग्राम मुडिय़ा रौसरा पाटन रोड निवासी श्री संजय पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती संध्या पटेल (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती गनेशी बाई कुम्हारे-** नई बस्ती नं. 1 गोहलपुर निवासी श्री रमेश कुम्हारे की धर्मपत्नी श्रीमती गनेशी बाई कुम्हारे (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति वर्ग से.मी.
| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

**खबर संक्षेप**

### त्योहारी मांग बढ़ने से तेल की कीमतें सुधरी



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपये में आई भारी गिरावट तथा त्योहारी मांग में वृद्धि होने के कारण घरेलू बाजार में सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम लाभ दर्शाते बंद हुए। मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी जैसे तेलों के थोक दाम काफी टूटे हुए हैं ।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में बजाज फाइनेंस



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,250.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 901.11 अंक या 1.12 प्रतिशत चढ़ गया।

### करूर वैश्य बैंक ने ब्याज दर 0.10 प्रतिशत घटाई


**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक ने कोष की सीमांत लागत आधारित (एमसीएलआर) कर्ज के लिए ब्याज दर में 0.10 प्रतिशत की कटौती की है। इससे एमसीएलआर से जुड़ा कर्ज सस्ता हो जाएगा। करूर वैश्य बैंक ने बताया कि एक साल की अवधि वाले लोन की न्यूनतम ब्याज दर अब 9.55 प्रतिशत से घटकर 9.45 प्रतिशत हो जाएगी।

### उषा श्रीराम ने बोतलबंद पानी का ब्रांड बाजार में उतारा



**कोलकाता।** घरेलू उपकरण बनाने वाली कंपनी उषा श्रीराम ने अपने प्रीमियम बोतलबंद पानी ब्रांड 'एक्वाएरो' की पेशकश के साथ दैनिक उपभोग के उपभोक्ता उत्पाद खंड में कदम रखने की घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी ने अपना आईपीओ लाने के पहले दो साल के भीतर अपना राजस्व दोगुना कर 1,000 करोड़ रुपये करने की रूपरेखा भी पेश की।

### भारत ने निर्यात उपायों के दुरुपयोग पर किया आगाह



**नई दिल्ली।** भारत ने एससीओ बैठक में निर्यात संबंधी उपायों को हथियार बनाने या उनका दुरुपयोग करके कृत्रिम कमी पैदा करने, बाजार को बिगाड़ने या आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के प्रति आगाह किया है। भारत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य में भरोसा बनाए रखने के लिए इन कदमों का संतुलित और पारदर्शी उपयोग जरूरी है।

# जीएसटी कम होने के बाद मारुति की 'ब्रेजा' होगी 30,000 रुपए तक सस्ती

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में 4 मीटर से छोटी और 1200 सीसी तक की कार और एसयूवी खरीदने वालों की बल्ले-बल्ले हो गई है, क्योंकि इनपर 28 प्रतिशत जीएसटी और 1 प्रतिशत सेस को घटाकर सीधे 18 फीसदी जीएसटी कर दिया गया है।

- इन पर 28 प्रतिशत जीएसटी घटकर अब 18 फीसदी कर दिया गया

टाटा मोटर्स, रेनो और महिंद्रा के साथ ही टोयोटा समेत अन्य कई कंपनियों ने अपनी रिवाइज्ड कीमत की घोषणा कर दी है। लोगों को मारुति सुजुकी की कारों की नए जीएसटी स्लैब आने के बाद कीमतों का बेसब्री से इंतजार है। फिलहाल हम आपको मारुति की टॉप सेलिंग सब-4 मीटर कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा की संभावित नई कीमतों के बारे में बताने जा रहे हैं, क्योंकि 4 मीटर से छोटी होने के बाद भी 1.5 लीटर इंजन होने के कारण यह 40 फीसदी जीएसटी स्लैब में आती हैं।

**1200 सीसी तक की कार खरीदने वालों को मिलेगा लाभ**

### सीएनजी मैनुअल वेरिएंट्स 32,200 रुपए होगी सस्ती

मारुति सुजुकी ब्रेजा के 1.5 लीटर सीएनजी मैनुअल वेरिएंट्स की नए जीएसटी स्लैब आने के बाद प्राइस कट की बात करें तो एलएक्सआई वेरिएंट 32,200 रुपए तक सस्ती हो सकती है और इसकी मौजूदा एक्स शोरूम प्राइस 9.64 लाख रुपए है। वहीं, वीआईएक्स वेरिएंट की कीमत में 36,800 रुपए कमी आ सकती है। मौजूदा एक्स शोरूम प्राइस 10.70 लाख रुपए है। इसके बाद ब्रेजा जेडएक्सआई वेरिएंट की कीमत 42 हजार रुपए घट सकती है। इसकी मौजूदा एक्स शोरूम प्राइस 12.21 लाख रुपए है।



### 1.5 लीटर मैनुअल वेरिएंट्स पर 30 हजार तक की बचत

मारुति सुजुकी ब्रेजा पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगने के बाद इसके 1.5 लीटर मैनुअल ऑप्शन में एलएक्सआई वेरिएंट पर 30 हजार रुपए की बचत हो सकती है। इसकी मौजूदा एक्स शोरूम प्राइस 8.69 लाख रुपए है। इसके बाद ब्रेजा का वीएक्सआई वेरिएंट 33,600 रुपए तक सस्ता हो सकता है। ब्रेजा वीएक्सआई पेट्रोल मैनुअल की मौजूदा एक्स शोरूम प्राइस 9.75 लाख रुपए है।

### पेट्रोल ऑटोमैटिक वेरिएंट्स 38,400 रुपए होगी सस्ती

नए 40 प्रतिशत जीएसटी स्लैब में आने के बाद मारुति सुजुकी ब्रेजा के 1.5 लीटर पेट्रोल ऑटोमैटिक वेरिएंट्स की कीमतों की बात करें तो इसका वीएक्सआई वेरिएंट 38,400 रुपए तक सस्ती हो सकती हो जाएगी। फिलहाल इसकी एक्स शोरूम प्राइस 11.15 लाख रुपए है। वहीं, जेडएक्सआई वेरिएंट 43,600 रुपए तक सस्ती हो सकती है। इसकी एक्स शोरूम प्राइस 12.66 लाख रुपए है। जेडएक्सआई प्लस वेरिएंट की कीमत 48,200 रुपए तक कम हो सकती है। इस वेरिएंट की मौजूदा एक्स शोरूम प्राइस 13.98 लाख रुपए है।

## वित्त मंत्री ने कहा, सुधार लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए करेगा प्रेरित

# जीएसटी में सुधारों से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, महंगाई बढ़ने का जोखिम नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जीएसटी दरों में कटौती समेत अन्य सुधार लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेंगे और इसके परिणामस्वरूप आर्थिक वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था को जरूरी गति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि महंगाई काबू में है और इसके बढ़ने का जोखिम नहीं है।

जीएसटी परिषद ने माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी।

### लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेगा

दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत टेलीविजन एवं एयर कंडीशनर जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजमर्रा के कई सामान समेत करीब 400 वस्तुओं पर दरें कम की गयी हैं। उन्होंने कहा, ''जीएसटी दरों में कटौती के साथ सुधारों की दिशा में जो कदम उठाये गये हैं वास्तव में यह लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है।

**आर्थिक वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था को जरूरी गति मिलेगी**

**विलासिता की वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की दर लागू होगी**

**रोजमर्रा के सामानों सहित 400 वस्तुएं की दरें कम की गई**




*चिकित्सा बिलों में कमी आएगी : सीतारमण ने कहा, ''इसलिए दरों में इस कमी से मासिक घरेलू राशन और चिकित्सा बिलों में कमी आएगी। साथ ही यह पुरानी कार की जगह नई कार लेने, रेफ्रिजरेटर या वॉशिंग मशीन जैसी पुरानी वस्तुओं की जगह नई चीजें खरीदने जैसी आकांक्षाओं को भी पूरा करने में मददगार होगी।''*

*अब तक का सबसे बड़ा कर सुधार : सीतारमण ने कहा, '' यह सुधार 2017 में एक राष्ट्र, एक कर व्यवस्था लागू होने के बाद से अबतक का सबसे बड़ा सुधार है और इसे आम आदमी को ध्यान में रखकर किया गया है। रोजमर्रा की जरूरत की हर वस्तु पर लगने वाले कर की कड़ी समीक्षा की गई है। आज लोग 100 रुपये में जो चीजें खरीद रहे हैं, उतने ही पैसे में वे वस्तु का ज्यादा हिस्सा खरीद सकते हैं।/''*

### बजट में 12 लाख तक की आय करमुक्त की गई

उल्लेखनीय है कि इससे पहले, 2025-26 के बजट में उन्होंने 12 लाख रुपये तक की सालाना आय (नौकरीपेशा के लिए मानक कटौती के साथ 12.75 लाख रुपये) को कर मुक्त किये जाने की घोषणा की थी। इससे लोगों के जेब में अधिक पैसा आने और खपत बढ़ने की उम्मीद है।

### रुपए पर हमारी नजर है

*रुपए की विनिमय दर में गिरावट के बीच वित्त मंत्री ने कहा है कि हमारी इस पर नजर है, लेकिन हमें यह भी देखना होगा घरेलू मुद्रा में गिरावट केवल अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में है। यह केवल रुपए का मामला नहीं है और दूसरे देशों की मुद्राएं भी प्रभावित हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया गिरावट से उबरते हुए तीन पैसे की तेजी के साथ 88.09 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे एक दिन पहले अमेरिकी डॉलर के मुकाबले यह 88.12 के भाव पर बंद हुआ था।*

# जयप्रकाश एसोसिएट्स को खरीदने के लिए वेदांता की बोली सबसे ऊंची

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- वेदांता ने 12,505 करोड़ की बोली लगाकर अदाणी को पीछे छोड़ा
- एनसीएलटी की मंजूरी मिलते ही 4000 करोड़ जमा करेगी वेदांता

खनन क्षेत्र की कंपनी वेदांता लि. ने कर्ज में डूबी हुई जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड को खरीदने के लिए सबसे ऊंची बोली लगाई है। सूत्रों के मुताबिक, वेदांता ने सफल बोली लगाने के बाद कहा कि वह एनसीएलटी की मंजूरी मिलते ही 4,000 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी और बाकी की रकम अगले पांच से छह सालों में चुकाएगी।

वेदांता ने करीब 12,505 करोड़ रुपये की बोली लगाकर अदाणी समूह को पीछे छोड़ दिया है। यह बोली बैंकों द्वारा आयोजित नीलामी में लगाई गई थी, जिनका उद्देश्य जयप्रकाश ग्रुप के लिए खरीदार ढूंढना था। जयप्रकाश समूह रियल एस्टेट, सीमेंट, बिजली, होटल और सड़कों जैसे क्षेत्रों में काम करता है। जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड इस समय आईबीसी (दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता) के तहत दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। इस प्रक्रिया के तहत, 24 जून को समाधान योजनाएं मांगी गईं। इसके बाद, पांच कंपनियों — वेदांता, अदाणी, डालमिया, जिंदल पावर और पीएनसी इंफ्राटेक के बीच इसे हासिल करने के लिए मुकाबला हुआ। इसमें वेदांता ने 12,505 करोड़ रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाई।

### मंजूरी में लग सकता है एक साल का समय

सूत्रों के मुताबिक, जेएआईएल के लिए वेदांता को सबसे ऊंची बोली लगाने वाला बोलीदाता घोषित किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, यह पूरा भुगतान एक साथ नहीं किया जाएगा, बल्कि किस्तों में होगा। पहली किस्त करीब 4,000 करोड़ रुपये की होगी, जो एनसीएलटी की मंजूरी मिलने के बाद दी जाएगी। इस मंजूरी में करीब एक साल का समय लग सकता है। बाकी बची हुई रकम अगले पांच से छह सालों में चुकाई जाएगी।

# घरेलू और वैश्विक स्तर के आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- विदेशी निवेशकों की गतिविधियां डालेगी असर
- मुद्रास्फीति का आंकड़ा 12 सितंबर को जारी किया जाएगा

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और मुद्रास्फीति के आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। एक विश्लेषक ने कहा कि मजबूत घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों और नीतिगत सुधारों के समर्थन से पिछले सप्ताह बेंचमार्क सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह भी घरेलू और वैश्विक स्तर पर काफी आंकड़े आएंगे। घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति का आंकड़ा 12 सितंबर को जारी किया जाएगा।'' मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका के महत्वपूर्ण आंकड़ों पर नजर रहेगी। इनमें उपभोक्ता मुद्रास्फीति, बेरोजगारी के दावे और उपभोक्ता धारणा शामिल हैं, जो फेडरल रिजर्व की नीतिगत अपेक्षाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कोई भी नई सूचना बाजार की धारणा को और मजबूत कर सकती है।''भारतीय शेयर बाजार इस सप्ताह सतर्क और आशावादी रुख के साथ शुरुआत कर सकता हैं। निवेशक विशेष रूप से उपभोग-आधारित और पूंजीगत व्यय-आधारित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।'' विश्लेषकों का कहना है कि इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और रुपये-डॉलर का रुख भी इस सप्ताह बाजार का रुख तय करेगा।

# महंगाई के नरम पड़ने से जीडीपी वृद्धि में कमी संभव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- सीईए नागेश्वरन ने लगाया अनुमान
- बजट अनुसार जीडीपी 10.1 फीसदी से कम रह सकती है

महंगाई के नरम पड़ने से चालू वित्त वर्ष में बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बजट अनुमान (10.1 प्रतिशत) से कम रह सकती है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने यह अनुमान जताया है।

मौजूदा बाजार कीमतों पर आधारित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में महंगाई के प्रभाव को समायोजित नहीं किया जाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिका के भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाने के बावजूद चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3-6.8 प्रतिशत के वास्तविक जीडीपी वृद्धि के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। वास्तविक जीडीपी में महंगाई के प्रभाव को समायोजित किया जाता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद ने हाल में ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों को मंजूरी दी है, जिससे लगभग 400 वस्तुओं की कीमतों में कमी होगी। इसके अलावा खरीफ की अच्छी फसल के कारण भी मुद्रास्फीति कम रहने की उम्मीद है। उन्होंने बताया, ''बाजार मूल्य पर जीडीपी वृद्धि में कुछ कमी हो सकती है। मुझे लगता है कि ऐसा होने की संभावना ज्यादा है।

*प्रत्यक्ष कर राहत सं महंगाई कम होगी : सीईए ने कहा कि जीएसटी राहत और फरवरी के बजट में दी गई प्रत्यक्ष कर राहत से महंगाई कम होगी और खर्च करने योग्य आय बढ़ेगी। इससे घरेलू खपत बढ़ेगी, लेकिन कुल मिलाकर मुद्रास्फीति नियंत्रित रहेगी। जीडीपी पर जीएसटी सुधारों के प्रभाव के बारे में नागेश्वरन ने कहा कि इस समय इसका आकलन करना मुश्किल होगा, लेकिन बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि उपभोक्ता कैसी प्रतिक्रिया देते हैं।*

# एलएंडटी सेमीकॉन ने फुजित्सु की इकाई का किया अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** चिप डिजाइन कंपनी एलएंडटी सेमी कंडक्टर टेक्नो लॉजीज ने कहा कि उसने जापान की फुजित्सु जनरल इलेक्ट्रॉनिक्स की पावर मॉड्यूल डिजाइन परिसंपत्तियों का अधिग्रहण किया है। इस सौदे के तहत, एलएंडटी सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजीज (एलटीएससीटी) ने फुजित्सु जनरल इलेक्ट्रॉनिक्स (एफजीईएल) की पावर मॉड्यूल प्रौद्योगिकियों से संबंधित अनुसंधान एवं विकास उपकरण, डिजाइन पेटेंट और विभिन्न बौद्धिक संपदाओं का अधिग्रहण किया है। वैश्विक सेमीकंडक्टर परिवेश में भारत की उपस्थिति बढ़ाने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है।'

# सोने में आ सकती है मुनाफावसूली

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- निवेशकों को मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार
- पिछले सप्ताह सोने ने रिकॉर्ड ऊंचाई को छूआ था

पिछले सप्ताह रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद सोने की कीमतों में कुछ समय के लिए मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा है कि इस कीमती धातु की भविष्य की दिशा आगामी वैश्विक आर्थिक संकेतकों पर निर्भर करेगी, जिनमें अमेरिका और घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और यूरोपीय केंद्रीय बैंक की नीतिगत बैठक शामिल हैं। सराफा कारोबारी अमेरिकी उत्पादक मूल्य सूचकांक और यूरोपीय केंद्रीय बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड के भाषण सहित व्यापक आर्थिक आंकड़ों पर भी कड़ी नज़र रखेंगे।

*पिछले सप्ताह 4000 रुपए की तेजी आई थी : पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में लगभग 4,000 रुपये प्रति 10 ग्राम या 3.81 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा, ''तकनीकी चार्ट अत्यधिक खरीदारी का संकेत दे रहे हैं और कुछ मुनाफावसूली हो सकती है। फिर भी रुझान सकारात्मक बना हुआ है और एमसीएक्स पर इसके 1,10,000-1,12,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक बढ़ने की संभावना है।''*

## स्पाइसजेट को बढ़ी लागत के कारण हुआ नुकसान



**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट ने शुक्रवार को बताया कि जून में समाप्त तिमाही के दौरान उसे 238 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ। कंपनी ने कहा कि विमानों के खड़े होने और अवकाश यात्रा की मांग में कमी से उसकी वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई। कई चुनौतियों का सामना कर रही इस बजट एयरलाइन ने चालू वित्तवर्ष की पहली तिमाही में कुल 1,190.56 करोड़ रुपये की आय अर्जित की। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले इसी अवधि में उसने 2,067.21 करोड़ रुपये की आय दर्ज की थी। स्पाइसजेट ने एक बयान में कहा कि पड़ोसी देश के साथ भू-राजनीतिक स्थिति और प्रमुख बाजारों में हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण कंपनी के नतीजे काफी प्रभावित हुए, जिसके कारण अवकाश यात्रा की मांग कम रही।

## बड़ा आकार होने के कारण छोटी-मोटी घटनाएं होना सामान्य

# एयर-इंडिया करने जा रही सेवा में कमी की भरपाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हाल ही में हुई एयर इंडिया के कुछ विमानों से जुड़ी घटनाओं के बीच एयरलाइन के प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने कहा है कि एयर इंडिया समूह के बड़े आकार को देखते हुए ऐसी घटनाओं का होना पूरी तरह से सामान्य है। विमानन कंपनी अपनी केबिन क्रू को उड़ानों के दौरान सेवा में कमी की भरपाई के लिए यात्रियों को 'ई-वाउचर' देने की अनुमति देने की योजना बना रही है। यह योजना यात्रियों द्वारा सेवा संबंधी समस्याओं, तथा कुछ विमानों में तकनीकी खराबी के कारण उड़ानों के रद्द होने और देरी की शिकायत की पृष्ठभूमि में बनाई गई है।

### हाल के हफ्तों में घटनाएं बढ़ी है

एयर लाइन प्रमुख ने पांच सितंबर को कर्मचारियों को एक संदेश में कहा, ''जब हम पर ध्यान केंद्रित होता है, तो समय पर, स्पष्ट और सटीक जानकारी और सही संदर्भ प्रदान करना महत्वपूर्ण है। इसलिए, हाल के हफ्तों में, हम घटनाओं और घटनाओं की रिपोर्ट करने में सामान्य से भी अधिक पारदर्शी रहे हैं, चाहे वे कितनी भी छोटी क्यों न हों।''

### फ्रंटलाइन टीमों को होगा वाउचर देने का अधिकार

एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक ने यह भी कहा कि विमानन कंपनी ने अपनी फ्रंटलाइन टीमों को यह अधिकार दिया है कि जब सेवा में कोई कमी हो जाए तो वे यात्रियों को ई-वाउचर दे सकते हैं ताकि उनकी परेशानी का तुरंत समाधान किया जा सके।

### सेवा में कमी की भरपाई के लिए 'ई-वाउचर' देने की योजना




### प्रतिदिन 1200 से ज्यादा उड़ानें संचालित

विल्सन ने कहा, ''हम अपने केबिन क्रू को भी यह क्षमता प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं, ताकि वे यात्रा के दौरान ग्राहकों को तत्काल समाधान प्रदान कर सकें।'' एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस से मिलकर बना एयर इंडिया समूह, प्रतिदिन 1,200 से ज़्यादा उड़ानें संचालित करता है।

### विश्वास बनाने में मदद करेगी

उनके अनुसार, यह पारदर्शिता समय के साथ, विश्वास बनाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, ''शुरुआत में जब हम हर छोटी-बड़ी घटना की जानकारी खुले तौर पर देते हैं, तो जाहिर है कि खबरों में हमारा जिक्र बढ़ जाता है। एयर इंडिया समूह हर दिन 1,200 से ज्यादा उड़ानें संचालित करता है, लगभग हर मिनट एक उड़ान। ऐसे में यह सब कुछ ज्यादा लग सकता है। लेकिन हमारे काम के पैमाने और आकार को देखते हुए, ये घटनाएं सामान्य हैं।''

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1.निविदा क्र.:** एन-28-एनजीपी-2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN / नैनपुर के अधीन SSE (P.Way) / BTC के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत 24 महीने के ट्रैक के रखरखाव के लिए विविध पी.वे कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 70,30,534/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,40,600/-

**2.निविदा क्र.:** एन-29-एनजीपी-2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN / नैनपुर के अधीन SSE (P.Way) / GRG के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत 24 महीने के लिए ट्रैक के रखरखाव के विविध पी.वे कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 49,89,811/-
**बयाना राशि:** ₹ 99,800/-

**3.निविदा क्र:** एन-30-एनजीपी-2025-2026 **कार्य का नाम:** (1) ADEN / छिंदवाड़ा के व 322 का कवर शेड, सम्प, नाली का निर्माण, इपॉक्सी व सीमेंट ग्राउटिंग आदि उपलब्ध करने के साथ सुधार कार्य। (2) ADEN/छिंदवाड़ा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत RUB - 182 व 206 का कवर शेड, सम्प, नाली का निर्माण, इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि उपलब्ध करने के साथ सुधार कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,19,73,665/-
**बयाना राशि:** ₹ 3,09,900/-

**4.निविदा क्र.:** एन-31-एनजीपी-2025-2026 **कार्य का नाम:** (1) ADEN / छिंदवाड़ा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत RUB - 226, 266 और 270 का कवर शेड, सम्प, नाली का निर्माण, इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि उपलब्ध करने के साथ सुधार कार्य। (2) ADEN / छिंदवाड़ा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत RUB - 332, 315 और 346 का कवर शेड, सम्प, नाली का निर्माण, इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि उपलब्ध करने के साथ सुधार कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,53,46,037/-
**बयाना राशि:** ₹ 3,26,700/-

बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियाँ दिनांक **23.09.2025** के **15:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे।
इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है व प्राप्त मैन्युअल ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे।
अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मंडल अभियंता (उत्तर), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
MS/23-110

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# आतंकवाद पर अमेरिका की दोहरी नीति उजागर

अमेरिका अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकता है। जहां लाभ हो वहां उसके लिए नीति अनीति कोई मायने नहीं रखती। अनेक मौके ऐसे आए हैं जब अमेरिका की आतंकवाद पर दोहरी नीति जगजाहिर हुई है। अब एक बार फिर ऐसा ही हो रहा है। खुद राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि वॉशिंगटन फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह हमास के साथ बहुत गहन बातचीत कर रहा है। ट्रंप का यह बयान तब आया है, जब इजरायल ने अमेरिका से हमास के कब्जे में अब भी मौजूद अपने बंधकों की रिहाई का आग्रह किया है। हालांकि, ट्रंप का यह ऐलान अमेरिका की कथनी और करनी में अंतर जरूर दिखाता है कि वह आतंकवादियों से बात नहीं करता। कागजों और जुबान से अमेरिका आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर देता है। वह कहता है कि आतंकवादियों के साथ किसी भी तरह की बातचीत या समझौता नहीं किया जा सकता है। हालांकि अमेरिका ने लगभग दुनिया के हर एक कोने में मौजूद शक्तिशाली आतंकवादी समूहों के साथ संबंध रखे हैं। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी भला कौन भूल सकता है। यह वापसी तालिबान के साथ अमेरिका के समझौते का ही परिणाम था, जिसे ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में कतर की मदद से अंजाम दिया था। दुनिया जानती है कि अमेरिका, तालिबान और हमास के अलावा लेबनान के हिजबुल्लाह, अल कायदा, लश्कर-जैश समेत कई आतंकी संगठनों और समूहों के साथ सीधे संपर्क में रहा है। यह ऐसा देश है जो कई बार आतंकवादी समूहों के सीधे संपर्क में न होकर अपने प्रॉक्सी मिलिशिया या फिर खुफिया एजेंसी सीआईए के जरिए उनसे संबंध बनाए रखता है। अमेरिका पर दुनिया के कई देशों में तख्तापलट, विरोध प्रदर्शन, सरकार विरोधी सशस्त्र समूहों के समर्थन के आरोप लगते रहे हैं। दरअसल, अमेरिका की नीति भू-राजनीतिक अवसरवाद पर आधारित है। जहां उसे फायदा दिखता है, वो वही करता है। आतंवाद के पोषक पाकिस्तान के प्रति भी उसकी नीति हमेशा लचीली रही है। पिछले सात दशक में यह बार-बार साबित हुआ है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पाकिस्तान से अमेरिका के रिश्ते अडिग रहे हैं। वह दशकों से पाकिस्तान को दक्षिण एशिया और मध्य-पूर्व के बीच रणनीतिक सहयोगी के रूप में इस्तेमाल करता है। उसे आतंक को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों से भी परहेज नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के बीच भी पाकिस्तान को आईएमएफ से आर्थिक मदद दिलाने में अमेरिका ने अहम भूमिका निभाई है। वैसे भी भारत में आतंकी हमलों पर अमेरिका सरकार की प्रतिक्रिया निंदा करने तक सीमित रही है। पाकिस्तान के सियासी नेताओं और सैन्य अफसरों के भारतीय हमले में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में सार्वजनिक रूप से नजर आना यही बताता है कि पाक में आतंकियों का खुल्लम-खुल्ला इस्तेमाल होता है। पाकिस्तान में खुलेआम रैली कर रहे लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर सैफुल्लाह कसूरी की सार्वजनिक उपस्थिति और पहलगाम हमले पर उसकी स्वीकारोक्ति को भी इसी नजरिये से देखे जाने की जरूरत है। यह सब पूरी पूरी दुनिया ने देखा, लेकिन अमेरिका को कुछ भी दिखाई नहीं दिया। ट्रंप उसे अपना सहयोगी बताते हैं। अब समय है जब दुनिया अमेरिका के इस दोहरे रवैये को वैश्विक मंच पर चुनौती देते हुए आत्मनिर्भरता और स्पष्टता का परिचय दे। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई किसी रणनीतिक संतुलन की मोहताज होने के बजाए मानवता के पक्ष में निष्ठावान संकल्प होना चाहिए।



**जन्म जयंती**

नरेंद्र मोदी

# मां भारती के सच्चे उपासक थे भूपेन दा

> भूपेन दा के रूप में असम से एक ऐसी आवाज़ निकली जो किसी कालजयी नदी की तरह बहती रही। भूपेन दा सशरीर हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी आवाज आज भी हमारे बीच है। वो आवाज आज भी सीमाओं और संस्कृतियों से परे है। उसमें मानवता का स्पर्श है। भूपेन दा ने दुनिया का भ्रमण किया, समाज के हर वर्ग के लोगों से मिले, लेकिन वे असम में अपनी जड़ों से हमेशा जुड़े रहे। असम की समृद्ध मौखिक परंपराएं, लोकधुनें और सामुदायिक कहानी कहने के तरीकों ने उनके बचपन को गढ़ा। यही अनुभव उनकी कलात्मक भाषा की नींव बने। उन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मविभूषण, दादा साहेब फाल्के अवार्ड समेत कई सम्मान मिले। 2019 में उन्हें भारत रत्न मिला।

भारतीय संस्कृति और संगीत से लगाव रखने वालों के लिए आज 8 सितंबर का दिन बहुत खास है। विशेषकर इस दिन के साथ असम के मेरे भाइयों और बहनों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। आज भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म जयंती है। वे भारत की सबसे असाधारण और सबसे भावुक आवाज़ों में से एक थे। ये बहुत सुखद है कि इस वर्ष उनके जन्म शताब्दी वर्ष का आरंभ हो रहा है। यह भारतीय कला-जगत और जन-चेतना की दिशा में उनके महान योगदानों को फिर से याद करने का समय है। भूपेन दा ने हमें संगीत से कहीं अधिक दिया। उनके संगीत में ऐसी भावनाएं थीं जो धुन से भी आगे जाती थीं। वे केवल एक गायक नहीं थे, वे लोगों की धड़कन थे। कई पीढ़ियां उनके गीत सुनते हुए बड़ी हुईं। उनके गीतों में हमेशा करुणा, सामाजिक न्याय, एकता और गहरी आत्मीयता की गूंज है।

भूपेन दा के रूप में असम से एक ऐसी आवाज़ निकली जो किसी कालजयी नदी की तरह बहती रही। भूपेन दा सशरीर हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी आवाज आज भी हमारे बीच है। वो आवाज आज भी सीमाओं और संस्कृतियों से परे है। उसमें मानवता का स्पर्श है। भूपेन दा ने दुनिया का भ्रमण किया, समाज के हर वर्ग के लोगों से मिले, लेकिन वे असम में अपनी जड़ों से हमेशा जुड़े रहे। असम की समृद्ध मौखिक परंपराएं, लोकधुनें और सामुदायिक कहानी कहने के तरीकों ने उनके बचपन को गढ़ा। यही अनुभव उनकी कलात्मक भाषा की नींव बने। वे असम की आदिवासी पहचान और लोगों के सरोकार को हर समय साथ लेकर चले। बहुत छोटी उम्र से उनकी प्रतिभा लोगों को नजर आने लगी। केवल पांच वर्ष की उम्र में उन्होंने सार्वजनिक मंच पर गाया। वहां लक्ष्मीनाथ बेझबरुआ जैसे असमिया साहित्य के अग्रदूत ने उनके कौशल को पहचाना। किशोरावस्था तक पहुंचते-पहुंचते उन्होंने अपना पहला गीत रिकॉर्ड कर लिया। लेकिन संगीत उनके व्यक्तित्व का सिर्फ एक पहलू था। भूपेन दा भीतर से एक बौद्धिक व्यक्तित्व थे। जिज्ञासु, साफ बोलने वाले, दुनिया को समझने की अटूट चाह रखने वाले। ज्योति प्रसाद अग्रवाला और विष्णु प्रसाद रभा जैसे सांस्कृतिक दिग्गजों ने उनके मन पर गहरा प्रभाव डाला, और उनकी जिज्ञासु प्रवृत्ति को और बढ़ावा दिया। सीखने की यही लगन उन्हें कॉटन कॉलेज, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय तक ले गई। वो बीएचयू में राजनीति शास्त्र के छात्र थे, लेकिन उनका अधिकतर समय संगीत साधना में बीतता था। बनारस ने उन्हें पूरी तरह संगीत की तरफ मोड़ दिया। काशी का सांसद होने के नाते मैं उनकी जीवन यात्रा से एक जुड़ाव महसूस करता हूं, और मुझे बहुत गर्व होता है। काशी से आगे बढ़ी जीवन यात्रा में फिर उन्होंने अमेरिका में कुछ समय बिताया। वहां उन्होंने अपने समय के नामचीन विद्वानों, विचारकों और संगीतकारों से संवाद किया। अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला एलेनॉर रूजवेल्ट ने भारतीय लोकसंगीत प्रस्तुतियों के लिए उन्हें गोल्ड मेडल भी दिया। भूपेन हजारिका, संगीत के साथ ही मां भारती के भी सच्चे उपासक थे। भूपेन दा के पास अमेरिका में रहने का विकल्प था,लेकिन वे भारत लौट आए और संगीत साधना में डूब गए। रेडियो से लेकर रंगमंच तक, फिल्मों से लेकर एजुकेशनल डॉक्यूमेंट्री तक, हर माध्यम में वे पारंगत थे। जहां भी गए, नई प्रतिभाओं को समर्थन दिया।



भूपेन दा की रचनाएं काव्यात्मक सौंदर्य से भरी रहीं, और साथ-साथ उन्होंने सामाजिक संदेश भी दिए। गरीबों को न्याय, ग्रामीण विकास, आम नागरिक की ताकत, ऐसे अनेक विषय उन्होंने उठाए। उनके गीतों ने नाविकों, चाय बागान के मजदूरों, महिलाओं, किसानों की आकांक्षाओं को आवाज़ दी। उनकी रचनाएं लोगों को पुरानी स्मृतियों में ले जाती थीं। साथ ही, उन्होंने आधुनिकता को देखने का एक सशक्त नजरिया भी दिया। बहुत से लोग, खासकर सामाजिक रूप से वंचित तबकों के लोग, उनके संगीत से शक्ति और आशा पाते रहे...और आज भी पा रहे हैं। भूपेन दा की जीवन यात्रा में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना का स्पष्ट प्रभाव दिखता है। उनकी रचनाओं ने भाषा और क्षेत्र की सीमाएं तोड़कर एकजुट किया। उन्होंने असमिया, बांग्ला और हिन्दी फिल्मों के लिए संगीत रचा। उनकी आवाज में जो पीड़ा थी, वो बरबस हम सभी का ध्यान खींच लेती थी। 'दिल हूम हूम करे' में जो पीड़ा बहती है, वो सीधे दिल की गहराइयों को छू लेती है। और जब वे पूछते हैं, 'गंगा बहती है क्यूं', तो ऐसा लगता है मानो हर आत्मा को झकझोर कर जवाब मांग रहे हों। उन्होंने पूरे भारत के सामने असम को सुनाया, दिखाया, महसूस कराया। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि आधुनिक असम की सांस्कृतिक पहचान को गढ़ने में उनका बड़ा योगदान रहा। असम के भीतर और दुनिया भर के असमिया प्रवासियों, दोनों के लिए वो असम की आवाज बने। भूपेन दा राजनीतिक व्यक्ति नहीं थे, फिर भी जनसेवा की दुनिया से जुड़े रहे। 1967 में वे असम के नौबोइचा से निर्दलीय विधायक चुने गए। यह दिखाता है कि लोगों को उन पर कितना गहरा विश्वास था। उन्होंने राजनीति को अपना करियर नहीं बनाया, लेकिन हमेशा लोगों की सेवा में जुटे रहे। भारत की जनता और भारत सरकार ने उनके योगदान का सम्मान किया। उन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मविभूषण, दादासाहेब फाल्के अवार्ड समेत कई सम्मान मिले। 2019 में हमारे कार्यकाल के दौरान उन्हें भारत रत्न मिला। यह मेरे लिए और एनडीए सरकार के लिए भी सम्मान की बात थी। दुनिया भर में, खासकर असम और उत्तर-पूर्व के लोगों ने, इस अवसर पर खुशी जताई। यह उन सिद्धांतों का सम्मान था, जिन्हें भूपेन दा दिल से मानते थे। वो कहते थे किसच्चाई से निकला संगीत किसी एक दायरे में सिमट कर नहीं रहता।

एक गीत लोगों के सपनों को पंख लगा सकता है, और दुनिया भर के दिलों को छू सकता है। मुझे 2011 का वह समय याद है जब भूपेन दा का निधन हुआ। मैंने टीवी पर देखा, उनके अंतिम संस्कार में लाखों लोग पहुंचे। हर आंख नम थी। जीवन की तरह, मृत्यु में भी उन्होंने लोगों को साथ ला दिया। इसलिए उन्हें जलुकबाड़ी की पहाड़ी पर ब्रह्मपुत्र की ओर देखते हुए अंतिम विदाई दी गई, वही नदी जो उनके संगीत, उनके प्रतीकों और उनकी स्मृतियों की जीवनरेखा रही है। अब ये देखना बहुत सुखद है कि असम सरकार भूपेन हजारिका कल्चरल ट्रस्ट के कार्यों को बढ़ावा दे रही है। भूपेन दा की सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने के लिए देश के सबसे बड़े पुल को भूपेन हजारिका सेतु नाम दिया गया। भूपेन हजारिका का जीवन हमें करुणा की शक्ति का एहसास कराता है। लोगों को सुनने और अपनी मिट्टी से जुड़े रहने की सीख देता है। वह हमें विविधता में एकता पर भरोसा करने के लिए प्रेरित करता है। भारत भूपेन हजारिका जैसे रत्न से धन्य है। जब हम उनके शताब्दी वर्ष का आरंभ कर रहे हैं, तो आइए यह संकल्प लें कि उनके संदेश को दूर-दूर तक पहुंचाएंगे। यह संकल्प हमें संगीत, कला और संस्कृति के लिए और काम करने की प्रेरणा दे, नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करे, भारत में सृजनात्मकता और कलात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा दे।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**श्राद्ध पक्ष**

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा




# पंचग्रास में समाहित है संपूर्ण चराचर जगत का कल्याण

पूर्वजों के पुण्य स्मरण की परंपरा भले ही हमारे यहां श्राद्ध पक्ष के सोलह श्राद्धों के माध्यम से आदि काल से चली आ रही हो पर दुनिया के लगभग सभी धर्मावलंबियों और देशों में किसी ना किसी रूप में पूर्वजों के पुण्य स्मरण की परंपरा अनवरत काल से चली आ रही है। हालांकि हमारे देश के ही कुछ प्रतिक्रियावादी लोग श्राद्ध और श्राद्ध कर्म को लेकर मखौल उड़ाने में किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ते पर वह यह भूल जाते हैं कि धरती के साक्षात देवता हमारे जन्मदाता माता-पिता हैं। यह साफ हो जाना चाहिए कि माता-पिता के अस्तित्व को लेकर कोई किसी तरह का प्रश्न चिन्ह नहीं उठा सकता। उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता। माता-पिता की यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है और पीढ़ी दर पीढ़ी उनके स्मरण का हमारा दायित्व हो जाता है। पितृपक्ष और मातृपक्ष दोनों ही पीढ़ियों के स्मरण और श्रद्धा या यों कहें कि श्राद्ध स्वरूप भोजन, वस्त्र, जल आदि पत्र पुष्प के माध्यम से सम्मान स्वरूप स्मरण किया जाता है। श्राद्ध स्वरूप ब्राह्मणों को भोजन कराने और इसी तरह की अन्य व्यवस्थाओं के साथ जुड़ी पंच ग्रास की परंपरा का आलोचकों को ज्ञान ही नहीं होता। श्राद्ध निमित्त ब्राह्मण भोजन से पहले पंच ग्रास का विधान है। पंचग्रास के पीछे के रहस्य को समझना भी आवश्यक हो जाता है। पंचग्रास में गोग्रास, श्वान ग्रास, कोए को ग्रास, चिंटी आदि को ग्रास और अभ्यागत ग्रास इस तरह से पंच ग्रास का विधान है। अब इसी से समझ सकते हैं कि इस पंच ग्रास में प्रकृति का कोई पक्ष शेष नहीं रह जाता है। पंच ग्रास से अर्थ मात्र औपचारिकता से नहीं लिया जाना चाहिए। हमारी शाश्वत परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति पर तीन ऋण होते हैं और उनमें से पहला ऋण देव ऋण है तो दूसरा ऋषि ऋण और तीसरा ऋण पितृ ऋण है। प्रत्येक जन्म लेने वाले व्यक्ति को इन तीनों ऋणों से उऋण होने की शिक्षा दी जाती है तो यह उसका दायित्व भी हो जाता है। देव ऋण में सृष्टि के नियंता का स्मरण और उसके प्रति आभार प्रकट करना है। इसके लिए भजन-पूजन, स्मरण, सदाचरण आदि की बात है। प्रकृति को विकृति से बचाना हमारी जिम्मेदारी होती है और प्रकृति व मानवमात्र के कल्याण की बात करना ही देव ऋण से उऋण होने का एक तरीका है। इसी तरह से हमको शिक्षा प्रदान करने वाले गुरु परंपरा का मान-सम्मान और ज्ञान की इस परंपरा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना ही गुरु ऋण से उऋण होने का एक तरीका हो सकता है। जहां तक पितृ ऋण से उऋण होने का प्रश्न है तो इसका भी आसान रास्ता बताया गया है और वह बच्चे होते ही पूरी होना शुरू हो जाती है। इन बच्चों की शिक्षा और संस्कारित करना और शादी विवाह आदि जिम्मेदारियों का निर्वहन तो आता ही है।

यही कारण है कि पौत्र-प्रपौत्र या नाती-नातियों को देखना और पौत्र होने पर सोने की सीढ़ी चढ़ना आदि इसी ओर इशारा करता है कि हमारे कुल परंपरा में पूर्वजों के श्राद्ध यानी स्मरण करने वाली पीढ़ी हो गई है। कभी मृत्यु के बाद बारह दिन के संस्कारों को देखने या फिर बारहवें दिन की सपीण्डी क्रिया देखने का अवसर मिले तो कई बातें साफ हो जाती हैं। सपीण्डी में तीन पितृ पक्ष और तीन मातृ पक्ष के पूर्वजों के स्मरण, पूजा आदि के बाद जब सभी को एकाकार कर दिया जाता है तो उसे सपीण्डी कहा जाता है। हमारी शाश्वत परंपरा में व महाभारत व अन्य पौराणिक ग्रन्थों में उल्लेख आता है कि महर्षि अत्रि ने सबसे पहले निमि को श्राद्ध का उपदेश दिया और महर्षि निमि ने सबसे पहले अपने पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध कर्म किया। श्राद्ध कर्म में अग्नि को भी खास महत्व दिया गया है और यह माना जाता है कि अग्नि देव के माध्यम से श्राद्ध पूर्वजों को अर्पित किया जाता है। शास्त्राचार व लोकाचार में एक बात पर अवश्य जोर दिया गया है कि हमारे पूर्वज श्राद्ध के दिन पुत्री पक्ष की उपस्थिति से अधिक प्रसन्न होते हैं। इसमें श्राद्ध भोजन कि निमित्त या अवसर पर दोयते-दोयती, भांजें-भांजी को भोजन कराना अत्यधिक फलदायक बताया गया है। यह साफ हो जाना चाहिए कि श्राद्ध, श्राद्ध पक्ष और श्राद्ध कर्म के पीछे हमारे पूर्वजों की गहन सोच है। यह मात्र औपचारिकता या ब्राह्मण भोजन तक सीमित नहीं है तो भोजन कराने से पूर्वजों तक भोजन पहुंचने को लेकर मजाक उड़ाने वालों को बहुत कुछ समझने और उसके मूल को समझना होगा। यदि यह ढकोसला होता तो चीन में छिंग-मिंग, जापान में ओबोन, बौद्ध देशों में घूस्ट फेस्टिवल या योरोपीय देशों में टेसेंट या आल सेंट्स डे आदि नहीं होते। इन सबसे भी इतर हमें हमारे जन्मदाताओं के प्रति कृतज्ञता तो व्यक्त करना हमारा दायित्व हो जाता है और यही तो हम श्राद्ध कर्म के माध्यम से करते हैं। बस श्राद्ध में श्रद्धा का जो महत्व है उसकी पालना हमें करनी ही होगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# लोकहित में त्याग करने वाले ही बनते हैं संत




संकलित

**दर्शन**

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

# गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित

**प्रेरणा**

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन्, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान जरूरी

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए। *– विवेक शर्मा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



महान संत, दार्शनिक और सुधारक श्री नारायण गुरु की जयंती पर नमन करता हूँ, उन्होंने अपना जीवन सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन के लिए समर्पित कर दिया। उनका शाश्वत संदेश आज भी भारत को सामंजस्यपूर्ण समाज की ओर ले जा रहा है।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### राहत सामग्री रवाना



राहत सामग्रियों से भरे 52 ट्रक आज दिल्ली से पंजाब के भाई-बहनों के लिए रवाना किए गए हैं। पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में दिल्ली सरकार द्वारा 5 करोड़ की सहयोग राशि भी प्रदान की गई है। पंजाब की पीड़ा, दिल्ली की पीड़ा है। संकट की इस घड़ी में हम सब एक परिवार की तरह खड़े हैं।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### सहयोग राशि जारी



उत्तराखंड में भीषण बाढ़ से उत्पन्न विकट स्थिति तथा उससे हुई जन-धन की क्षति अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। इस कठिन घड़ी में राजस्थान सरकार द्वारा तात्कालिक राहत एवं पुनर्वास कार्यों में सहयोग हेतु 5 करोड़ की राशि प्रेषित की है।

**- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### कार्यकर्ता भाव




दिल्ली में आयोजित सांसद कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम पंक्ति में बैठकर यह संदेश दिया कि भारतीय जनता पार्टी में पद से बड़ा कार्यकर्ता भाव है। उनकी सादगी सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

**- मनोज तिवारी, सांसद, भाजपा**

## करंट अफेयर


# दीपावली उत्सव में मणिपुर की सांस्कृतिक प्रस्तुति



मणिपुर के एक सांस्कृतिक दल ने सिंगापुर में शनिवार को लिटिल इंडिया परिसर में वार्षिक कार्यक्रम 'दीपावली लाइट अप' में प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में सिंगापुर के राष्ट्रपति थरमन षणमुगरत्नम तथा विविध समूहों के 700 प्रतिभागियों ने शिरकत की और इसी के साथ देश में दो महीने तक चलने वाले दीपों के इस त्योहार की शुरुआत हुई। भारतीय उच्चायोग ने रविवार को कहा, 'भारत से मणिपुरी सांस्कृतिक दल ने समारोह में भाग लिया और मणिपुर की कलाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।' इस मंडली को भारतीय उच्चायोग (सिंगापुर) ने आमंत्रित किया था और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने इसे पूरा सहयोग दिया। उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने भी दीपावली प्रकाश समारोह में भाग लिया। मणिपुर का यह सांस्कृतिक दल रविवार दोपहर को 'टैम्पाइन्स हब' के फेस्टिव प्लाजा में भी प्रस्तुति देगा। 'लिटिल इंडिया' को सिंगापुर के 60वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न के तौरपर 600,000 एलईडी लाइटों से सजाया गया है। यह इलाका दो किलोमीटर तक फैला हुआ है। सिंगापुरवासी 20 अक्टूबर को दीपावली मनाएंगे और उस दिन यहां आधिकारिक अवकाश रहेगा।

## ऑफ बीट

# जलवायु संकट को लेकर युद्ध के बारे में सोच बदलें



पृथ्वी का औसत तापमान 2024 में पहली बार पूर्व–औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ गया, जो जलवायु संकट की एक महत्वपूर्ण सीमा है। साथ ही, यूक्रेन, गाजा, सूडान और अन्य जगहों पर व्यापक स्तर पर सशस्त्र संघर्ष जारी है। युद्ध और जलवायु परिवर्तन के बीच का संबंध जटिल है। लेकिन यहां तीन कारण दिये गए हैं कि जलवायु संकट को युद्ध के बारे में हमारी सोच को क्यों बदलना चाहिए। 1. युद्ध जलवायु परिवर्तन को बढ़ाता है। युद्ध की अंतर्निहित विनाशकारी क्षमता ने लंबे समय से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है। 2. जलवायु परिवर्तन के लिए सैन्य प्रतिक्रिया की आवश्यकता। जलवायु पर युद्ध के प्रभाव के सामने आने से पहले, शोधकर्ताओं ने इस बात पर बहस की थी कि क्या जलवायु संकट ''खतरे को बढ़ाने वाला'' एक कारक बन सकता है? इस कारण कुछ लोगों ने यह तर्क दिया है कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के उन हिस्सों में हिंसा के जोखिम को और बढ़ा सकता हैं। 3. सशस्त्र बलों को अनुकूलन करना होगा भू–राजनीतिक तनाव और संघर्ष बढ़ने के साथ, यह असंभव प्रतीत होता है कि विसैन्यीकरण की मांग जल्द ही पूरी होगी। इस बात पर पुनर्विचार करना होगा कि एक ऐसे विश्व में सैन्य बल का प्रयोग कैसे किया जा सकता है।

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### हाईवे सहित मुख्य मार्गों में आवारा मवेशियों की वजह से हादसों का बढ़ रहा ग्राफ

# बड़ी समस्याः हादसे में वाहन चालक तो कभी मवेशियों की जा रही जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

कटनी से शहडोल राष्ट्रीय राज मार्ग में ग्राम पठरा और मझगवां के जंगलों के मध्य बंदरों एवं आवारा गायों का जमावड़ा देखा जा सकता है जिससे हाईवे से निकलने वाले राहगीरों को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। मवेशियों के चलते राहगीरों एवं वाहन चालकों के साथ हादसे होने की संभावना बनी रहती है। जिम्मेदार विभागीय कर्मचारियों के द्वारा उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है जिससे प्रतिदिन छोटे बड़े कोई न कोई हादसे होते रहते है। कभी बाइक चालक बंदरों एवं गायों को बचाने के चक्कर में रोड में गिर रहे है या आसपास के पेड़ो से टकरा रहे है, जिससे लोगों को गंभीर चोटे भी आ रही है। बड़े वाहन जानवरों को बचाने के चक्कर में सड़क पर पलट रहे है जिससे आए दिन हादसे हो रहे है। अधिकारियो का हाईवे से आना जाना लगा रहता है लेकिन उनके द्वारा समस्या को अनदेखा किया जा रहा है। वाहनों की चपेट में आने से बंदरों एवं मवेशियों की मौतें हो रही है। इन दिनों बरसात का मौसम है और रात के समय बरसात होने पर सड़क में स्पष्ट देख पाने में वैसे ही समस्या होती है जिससे मार्ग में बैठे काले रंग के जानवरों के मार्ग में जमावड़ा होने से हादसे होने की संभावना बढ़ जाती है एवं लगातार जानवरों को बचाने के चक्कर में हादसे हो रहे है।





सुबह से रात तक आवारा पशु सड़क पर डटे रहते है और इन्हें सड़क से भगाने की कोशिश में ही दुर्घटनाएं घट जाती है। सबसे ज्यादा परेशानी साप्ताहिक बाजार के दिन होती है। जब ये आवारा पशु बाजार में घुसकर अव्यवस्था उत्पन्न करते है और इन्हें भागने की कोशिश में लोग भी चोटिल हो जाते है। वहीं मवेशियों के सड़कों पर बैठने पर चालक सीधे वाहन नहीं चला पाते और कई बार मवेशियों को बचाने के चक्कर में दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते है। हालात यह है कि शाम को जब मवेशी सड़क पर बैठते हैं तो वाहनों को निकलने के लिए जगह ही नहीं मिलती। इन मवेशियों के सड़क पर बैठने के कारण वाहन चालक तो दुर्घटनाग्रस्त होते रहते है। साथ ही वाहनों की टक्कर से मवेशी भी घायल होते रहते हैं। इसके साथ ही आवारा पशु जब आपस में लड़ते हैं तो सड़क से पैदल निकल रहे लोगों सहित दो पहिया वाहन चालकों को भय बना रहता है। वही कई बार यह मवेशी सड़क किनारे खड़ी बाइक को गिरा देते, जिससे बाईक में भी टूट फूट हो जाती है। गांव में आवारा पशुओं का डेरा कभी न खत्म होने वाली समस्या बन गई है जिसे कभी भी देखा जा सकता है।

### चरका गांव में खौफनाक वारदात

# पत्नी-साले पर तलवार से हमला फिर पति ने जहर पीकर दी जान

शहडोल।

**जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के चरका गांव में शुक्रवार की रात एक सनसनीखेज घटना घटी। घरेलू विवाद से नाराज संजू उर्फ मनोज कहार (निवासी कुमारिया) ने अपने ससुराल पहुंचकर पहले पत्नी और साले पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं। वारदात के बाद आरोपी ने मौके पर ही जहर पीकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तलवार जब्त कर जांच शुरू कर दी है।**

#### विवाद से उपजा खूनी खेल

जानकारी के मुताबिक, संजू और उसकी पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। आए दिन होने वाली मारपीट से परेशान होकर पत्नी दो बच्चों के साथ मायके चरका आ गई थी। इसी बात से नाराज मनोज 5 सितंबर की रात शराब के नशे में ससुराल पहुंचा। उसने पहले से घर के बाहर धारदार हथियार और जहर की शीशी छुपा रखी थी। परिजनों के अनुसार, रात में खाना खाने के बाद सब सो गए। तभी करीब दो बजे मनोज उठा और बाहर से छिपाई तलवार निकालकर सो रही पत्नी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। चीख-पुकार सुन साला बीच-बचाव करने पहुंचा तो उस पर भी हमला कर दिया गया। दोनों खून से लथपथ हो गए।

#### जहर पीकर मौत को लगाया गले

हंगामे के बाद परिवार और आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल पत्नी व साले को अस्पताल ले गए। इधर आरोपी संजू उर्फ मनोज ने अपनी जेब में रखी जहर की शीशी निकालकर पी ली और मौके पर ही ढेर हो गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पारिवारिक विवाद ने एक परिवार को बर्बादी की कगार पर पहुंचा दिया है।

#### इनका कहना है...

घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मनोज ने पहले अपनी पत्नी और साले को घायल किया था। फिर उसने जहर खाकर अपनी जान दी है। तलवार जब्त की गई है।

**अरुण पाण्डेय**

## नदी में डूबा किशोर, दोस्तों के साथ गया था नहाने

**सतना।** जिले के कोटर थाना क्षेत्र के डगडीहा गांव में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां 12 वर्षीय राजेंद्र सिंह,पिता सुरेंद्र सिंह सेमरावल नदी में नहाते समय तेज बहाव में बह गया। गहरे पानी में उतरा और डूब गया। ग्रामीणों ने बताया राजेंद्र सुबह करीब 9 बजे गांव के दो दोस्तों के साथ नदी नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में उतर गया और डूब गया। शनिवार देर रात हुई बारिश से नदी का बहाव तेज था,जिसमें वह बह गया। घटना के बाद उसके दोस्तों ने गांव आकर लोगों को जानकारी दी। स्थानीय गोताखोरों ने नदी में तलाश शुरू की,लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर कोटर पुलिस ने सतना से एसडीआर एफ टीम बुलवाई। दोपहर 12 बजे से टीम बोट के जरिए नदी में रेस्क्यू कर रही है,लेकिन खबर लिखे जाने तक बच्चे का कोई पता नहीं चल सका। राजेंद्र के घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजन नदी किनारे बच्चे का इंतजार करते हुए बार-बार बेहोश हो रहे हैं।

## युवक ने किया जहरीला पदार्थ का सेवन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के बंडोल थाना क्षेत्र के घोंटी गांव में एक युवक ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। घोंटी गांव निवासी प्रकाश यादव (30) ने सुबह के समय जहर खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जांच शुरू की। बंडोल थाना प्रभारी अर्पित भैरम ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच गई है। युवक ने किन कारणों से यह कदम उठाया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच में जुटी है।

# इंस्टाग्राम से जाल में फंसाकर 5 लाख रुपए की ठगी





सतना।

सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक साइबर फ्रॉड को गिरफ्तार किया है। आरोपी जोधपुर, राजस्थान का रहने वाला सोहेल वेलिम है।वह मानसिक दिव्यांग युवती से ठगी करने आया था। पुलिस के अनुसार दो साल पहले आरोपी ने आकाश गंगा नगर पतेरी की रहने वाली दिव्यांग युवती को इंस्टा ग्राम के जरिए अपने जाल में फंसाया था।उसने परिवार की बीमारी आदि बहाने बनाकर युवती से ऑन लाइन 5 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए थे। युवती के परिजनों को जानकारी मिलने पर 2023 में पुलिस में शिकायत की गई और मोबाइल नंबर बदल दिया गया। लेकिन आरोपी ने नया नंबर ढूंढकर फिर से पैसों की मांग शुरू कर दी। शनिवार को आरोपी अपने एक साथी के साथ सतना आया और युवती से सोने के गहने हड़पने की योजना बना रहा था। परिजनों ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान उसका साथी फरार हो गया,जबकि सोहेल को लोगों ने सुमित बाजार के सामने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

#### फरार साथी की तलाश जारी

टीआई योगेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। फरार साथी की तलाश जारी है। माना जा रहा है कि यह गिरोह प्रदेश और बाहर कई लोगों को अपना शिकार बना चुका है। परिजन चाहते हैं कि आरोपी दोबारा उनकी बेटी को परेशान न करे।पुलिस पूरे मामले की तह तक जाने के प्रयास में है और युवती का बयान भी लिया जा रहा है।

# मैहर रोपवे 8 से 17 सितंबर तक रहेगा बंद

मैहर।

आगामी नवरात्रि मेले की तैयारियों और रखरखाव कार्यों को देखते हुए,माँ शारदा देवी धाम, मैहर का रोपवे 8 सितंबर से 17 सितंबर तक बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान श्रद्धालु रोपवे की सुविधा का लाभ नहीं उठा पाएंगे। प्रशासन ने यह निर्णय यात्रियों की सुरक्षा और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए लिया है। रोपवे का संचालन 18 सितंबर से सामान्य रूप से फिर शुरू होगा। श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इस सूचना का ध्यान रखें।



# डॉक्टर पर महिला से छेड़छाड़ का आरोप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के परसवाड़ा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एक महिला ने डॉक्टर प्रदीप राहंगडाले पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि 28 अगस्त को इलाज के लिए आने पर डॉक्टर ने गलत नीयत से उसके साथ खींचतान की। डॉक्टर ने उसे भीकेवाड़ा में इलाज के लिए बुलाया।

महिला ने अगले दिन 29 अगस्त को इस घटना की जानकारी अपने पति भूपेंद्र परते को दी। इसके बाद से डॉक्टर क्लिनिक नहीं आया। 6 सितंबर को जब डॉक्टर अरोग्य केंद्र पहुंचा तो महिला के पति बात करने गया। इसके बाद डॉक्टर ने बहस के दौरान महिला के पति को धक्का दिया और लात मारी। इसकी पुष्टि वहां मौजूद आशा कार्यकर्ता ने की है। इसके बाद डॉक्टर ने महिला के पति के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और मारपीट का केस दर्ज करा दिया। 7 सितंबर को ग्रामीण महिलाएं इस घटना से नाराज हैं। उन्होंने डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। परसवाड़ा थाना प्रभारी मदनलाल इवने ने कहा कि महिला की शिकायत पर जांच की जा रही है।

सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने एसडीएम से इस मामले पर चर्चा की है। उन्होंने सीएचओ को जानकारी के लिए बुलाया है। मंगलवार को वह स्वयं गांव जाकर दोनों पक्षों से बात करेंगे।

## पत्नी ने कीटनाशक खाकर दी जान

**बालाघाट।** बालाघाट के धापेवाड़ा में एक पारिवारिक विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया। 29 वर्षीय गीतमाला मोहारे की रविवार को जिला अस्पताल में मौत हो गई। गीतमाला ने खाना नहीं बनाने के विवाद में पति ने थप्पड़ मार दिया। इसके बाद गीतमाला ने कीटनाशक खा लिया था। पवन मोहारे और गीतमाला के बीच खाना नहीं बनाने को लेकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान पवन ने गीतमाला को थप्पड़ मार दिया। इससे आहत गीतमाला ने घर में रखी कीटनाशक दवा खा ली। गीतमाला की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गए। वहां उपचार के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई।

# पांच साल में तीन घरों से 30 लाख के जेवर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

**जिला पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश ने प्रेस वार्ता के माध्यम से 3 ऐसी चोरियों का खुलासा किया जिसमें वर्ष 2020 में हुई काफी बडी चोरी का मामला शामिल है। इन्होंने बताया कि 2020 में टेकडी वार्ड निवासी इकबाल पटेल के सूने निवास में चोरों ने रात्रि में हाथ साफ कर दिया था। इसके बाद वर्ष 2024 में गुरूदेव वार्ड निवासी शेख अल्फाज के यहां चोरी हुई थी।**



इसके अलावा अभी लगभग 5-7 दिन पहले गणेश वार्ड निवासी पंकज येरपूडे के घर पर इन चोरों ने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर शेख जाबेर उर्फ गुड्डू तथा गणेश वार्ड निवासी शंकर ओरिया को हिरासत में लेकर कडी पूछताछ की। दोनों आरोपियों ने उक्त 3 चोरियां किया जाना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से 10 लाख 25 हजार 4 सौ 16 रू. का कुल मशरूका बरामद कर लिया है। टाइल्स फिटिंग की आड में होती थी रेकीइन चोरी के मामलों में तेजी से छानबीन और आरोपियों को पकडने में थाना प्रभारी अजय मरकाम, एसआय शिवपाल सरेयाम, एएसआय अशोक तूरिया, अशोक हरसूले, पुष्पेंद्र सिंह, ओमवीर जाट तथा शिव जाट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी शेख जाबेर उर्फ गुड्डू लोगों के घरों में टाइल्स फिटिंग के ठेके लेता है। टाइल्स फिटिंग के लिए लगने वाले 5-7-10 दिनों में आरोपी घर के रोशनदान, दरवाजे और घर में किस दिशा से प्रवेश करना आसान होगा ? कौनसी खिडकी कमजोर है या टूटी है ? दरवाजे की हालत कैसी है ? घर में तिजोरी या गोदरेज की आलमारियां कहां है ? घर के जेवर कहां कहां रखे हो सकते है ? इन सब का अभ्यास कर लेता था। फिर इसके कुछ माह के उपरांत इन घरों की रेकी की जाती जब परिवार के लोग शहर से बाहर जाते तब इन घरों को पूर्व में हासिल की गई जानकारी के आधार पर निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जाता।

### विरोध में भाजपा का जन आक्रोश व कार्रवाई को लेकर आज सौंपेंगे ज्ञापन

# कांग्रेस विधायक मुंजारे की तानाशाही लोकतंत्र के लिए काला धब्बा

### रिश्वतखोरी के खिलाफ, भाजपा मैदान में

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

एक जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी दोनों जन सेवक होते हैं। इनका जनता के प्रति उत्तरदायित्व होता है, जिसका उन्हें हर हाल में पालन करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। लेकिन कांग्रेस के जनप्रतिनिधि इस जवाबदेही को अपने मतलब के लिए सिद्ध कर रहे हैं। बानगी में बालाघाट विधानसभा कि कांग्रेस विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने अपने जन प्रतिनिधि के दायित्व को तार-तार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने एक भारतीय वन सेवा के वन मंडल अधिकारी श्रीमती नेहा श्रीवास्तव से अमर्यादित, बदले की भावना, जन सेवा की विपरीत स्वयं की सेवा और मेवा के लिए 03 पेटी की रिश्वत मांगी। ऐसा पीड़ित वन मंडल अधिकारी ने अपने उच्च अधिकारी को लिखी शिकायत में कहा है। इस अधिकारी ने विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे पर रिश्वत मांगने का आरोप ही नहीं अपितु गाली-गलौज, कार्य नहीं करने की धमकी देने, शासकीय कार्य में बांधा का आरोप लगाया है। इस अप्रिय घटना में विधायक के साथ उनका निजी स्टाफ, सुरक्षा और उनके कार्यकर्ताओं ने भी इस अधिकारी के साथ बदतमीजी की जो लिखित पत्र में उल्लेखित है। निश्चित ही यह घटना शुचिता, मर्यादा, महिला सम्मान और स्वच्छ लोकतंत्र के लिए काला धब्बा है।

#### कांग्रेस की नीति-रीति उजागर

कांग्रेस विधायक की यह ओछी हरकत उनके ही नहीं बल्कि उनके दल कांग्रेस की नीति-रीति और कार्य प्रणाली को उजागर करता है। जिले की राजनीति में यह पहला मामला होगा की एक भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी ने एक विधायक जैसे संवेदनशील दायित्व को निभाने वाले जनप्रतिनिधि पर ऐसा आरोप लगाया होगा। कांग्रेस विधायक की इस बेहद घटिया, निम्न स्तरीय मानसिकता से प्रदेश ही नहीं अपितु सारे देश में जिले की छवि खराब हुई है। जिसे भारतीय जनता पार्टी हरगिज़ भी बर्दाश्त नहीं करेगी। रिश्वतखोरी के खिलाफ, भाजपा मैदान में। इसी कड़ी में जिला भाजपा आम जनमानस, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों के साथ आज यानि सोमवार को संविधान निर्माता डां बाबा साहब अंबेडकर चौक में दोपहर 11 बजे जन आक्रोश जताएगी। पश्चात महामहिम राज्यपाल के नाम कांग्रेसी विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे को पद से पृथक करने की कार्रवाई को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौपेगी। वहीं एक महिला, वन मंडल अधिकारी नेहा श्रीवास्तव के साथ किए गए अशोभनीय कृत्य, रिश्वतखोरी, गुंडागर्दी और तानाशाही, भ्रष्टाचार से क्षुब्द होकर कांग्रेसी विधायक, उनके सहयोगी, सहकर्मी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करने के लिए पुलिस अधीक्षक ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# छात्रा ने प्राथमिक शिक्षक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12 वी पढ़ाई करने वाली एक 16 वर्षीय छात्रा ने एक प्राइमरी स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक के उपर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए परसवाड़ा थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया है। जानकारी अनुसार परसवाड़ा पुलिस को छात्रा ने बताया कि 06 सितम्बर को दिन में करीबन 12.30 बजे मैं स्कूल के बीच में ग्राऊंड पर शिक्षक दिवस मनाने के लिये डेस्क लगा रही थी तभी मेरे साथ की दो छात्राओं ने आकर मुझे बतायी कि हम दोनो प्राथमिक स्कूल के शिक्षक सुरेन्द्र पटले को बुलाने गये थे तब उन्होने स्कूल के बच्चो की ग्रुप फोटो अपने मोबाईल पर दिखाकर उसमें से तुम्हारा फोटो जूम करके दिखाये और ये लडकी का नाम क्या है पूछे तब हमने तुम्हारा नाम बताया तथ शिक्षक सुरेन्द्र पटले ने बोले ये पेन ले लो गिफ्ट के जैसे पैक कर देना और इस लडकी से ही मुझे गिफ्ट दिलाना । मुझे यह बात सुनकर बहुत अजीब लगा तब मैने यह बात अपने मौसेरा भाई जो स्कूल में ही 11 वी में पढता है को बतायी तब भाई ने घर पर काल करके बताये तब मेरे पापा और चाचा आये तब मैं इनको भी उक्त बात बतायी । इससे पहले भी विदाई कार्यक्रम था दिनांक 03 सितम्बर को दिन करीब 03.00 बजे की बात है मैं अपनी दोस्तो और बाकी बच्चो के साथ कार्यक्रम में बैठी थी तब शिक्षक सुरेन्द पटले मेरे तरफ गंदी नजर से देखकर मुस्कुरा रहे थे और आंख से गंदे इशारे कर रहे थे हम सभी लड़कियों की फोटो खींचे थे फिर मैं अपने पिता के साथ थाना रिपोर्ट करने आयी हूँ। जानकारी अनुसार घटना के पश्चात ग्राम के विद्यालय में देर शाम तक भारी गहमा गहमी का माहौल रहा। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 134/2025धारा- 75(3), 79BNS, 11,12 पाक्सो एक्ट वर्ष-2025 के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।इस मामले में परसवाड़ा थाना प्रभारी मदनलाल इवने ने बताया कि मामले में देर रात के समय शिक्षक सुरेन्द्र पटले के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में अपराध दर्ज कर आरोपित शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में जांच जारी है।

## गणपति बप्पा मोरिया अगले वर्ष तू जल्दी आ....






गौरीघाट में गणेशजी की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन।



## रांझी गणेश चल समारोह में 21 प्रतिमाएं हुई शामिल

**जबलपुर। रांझी नवयुवा सनातन धर्मसभा के ब्रजलाल श्रीपाल ने बताया कि 06 सितम्बर को शाम 04 बजे से बड़ा पत्थर रांझी से गणेश चल समारोह प्रारंभ हुआ।** समारोह के मुख्य अतिथि अशोक रोहाणी विधायक केंट ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर चल समारोह प्रारंभ किया, गणेश चल समारोह में 21 प्रतिमाएं शामिल हुईं। चल समारोह में आगे समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य चल रहे थे। चल समारोह बड़ा पत्थर से मस्ताना चौक, दर्शन सिंह तिराहा, व्हीकल मोड़ से होते हुए गोकलपुर पहुंचा जहां तालाब में मूर्तियों का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के दीपचंद गुप्ता, चेतन लाहोरिया, सुधीर बेन, बृजलाल श्रीपाल, शैलेन्द्र सिंह, अजय कुशवाहा, मिक्की शर्मा, हर्ष बेन, अजय गुप्ता, आशीष विश्वकर्मा, हैप्पी सिंह, शोभित आनंद, सुमन बर्मन, कृष्णा सोनी, बबीता चौधरी, मल्कियत कौर, रंजना दुबे सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## माता मरियम के आदर में की गई नवीन प्रार्थना

**जबलपुर।** 5 सितंबर को निर्मला चर्च में स्वास्थ्य की माता मरियम के आदर में नवीन प्रार्थना का सातवां दिवस का आयोजन किया गया। आज के मुख्य योजक श्रद्धेय फा. जयप्रकाश ओ. प्रेम. प्रायर सेंड नॉरबर्ट एबी जमतरा जबलपुर, के द्वारा ध्वजारोहण एवं मिस्सा बलिदान अर्पित किया गया। फा. जी ने अपने उद्बोधन में समस्त उपस्थित माता के भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि माता मरियम सदैव प्रभु की एक उत्तम सेविका बनी रहीं, उन्होंने प्रभु यीशु के जन्म के समय से लेकर उनकी क्रूस मृत्यु तक पिता परमेश्वर की सेवा करती रहीं, सदैव उन्होंने प्रभु के वचनों को अपने हृदय में संजोय रखा। आयोजन शीतला माई मेन रोड, बाई का बगीचा क्षेत्र के विश्वासियों द्वारा किया गया। जिसमें पल्ली परिषद के फ्रांसिस मारियन, रवीश चार्ल्स एवं समस्त क्षेत्रवासियों का सहयोग रहा। कल नवीन प्रार्थना का आठवां दिवस चांदमारी क्षेत्र के विश्वासियों द्वारा आयोजित किया जाएगा। पल्ली पुरोहित श्रद्धेय फा. जेवियर फ्रांसिस, सचिव शैलेश जॉर्ज, संयोजक क्लाइमेट पायस, मनीष चार्ल्स, लॉरेंस बर्नाबास एवं समस्त पल्ली परिषद के सदस्यों द्वारा माता के भक्तों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आत्मिक लाभ प्राप्त करने के हेतु अपील की जाती है।



## मुफ्ती-ए-आजम का समाजसेवी नसीम बेग के नेतृत्व में मुस्लिम समाज ने किया अभिनंदन

**जबलपुर।** ईद मिलाद उन नबी का पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉ. मुशाहिद रजा कादरी का भारतीय जनता पार्टी के मुस्लिम पदाधिकारी ने भव्य रूप से स्वागत एवं इस्तकबाल किया, जिसमें सर्वप्रथम फूलों की माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर मौलाना साहब का सत्कार इस्तकबाल किया गया, तत्पश्चात शॉल पहनाकर, फल फ्रूट, मिठाईयां भी भेंट की गई। इस अवसर पर पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी नसीम बेग के साथ सैयद कमर अली, अंजुमन इस्लामिया स्कूल के अध्यक्ष अनवर अन्नू, जबलपुर वक्फ बोर्ड अध्यक्ष समसुल हसन, जिला मंडला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष हाजी गनी खान तथा जावेद सौदागर, मोइन खान, गुलाम मुस्तफा अंसारी, शेख अयाज, शहजाद शाह, मिर्जा ओबैद रजा तथा मंडला से आए हुए आसिफ खान, वकील राइन, राजा भाई, साबिर भाई, सहबाज खान एवं मुस्लिम समाज के पदाधिकारी, समाजसेवियों ने स्वागत सम्मान किया। मौलाना साहब मुफ्ती ए आजम ने ईद मिलादुन्नबी त्यौहार के सफल आयोजन के लिए जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशासन और नगर निगम प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।




## रेशम उत्पादन को बढ़ाने के लिए किसानों को प्रेरित किया

**जबलपुर।** "मेरा रेशम मेरा अभिमान (MRMA)" अभियान के तहत 5 सितंबर 2025 को परासिया ग्राम पंचायत में 'मलबरी के रूट रॉट और रूट नॉट रोगों के नियंत्रण पर क्षेत्रीय प्रदर्शन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का संचालन डॉ. गुलाब खान रोहेला, वैज्ञानिक-डी, CSB-CSRTI, मैसूर और सुनील कुमार, फील्डमैन, शासकीय रेशम केंद्र, भदौर द्वारा किया। इस कार्यक्रम को राम सिंह, पूर्व-सरपंच, परासिया ग्राम पंचायत, के स्थानीय नेतृत्व से मजबूत समर्थन मिला। कुल 26 किसानों ने प्रदर्शन कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. गुलाब खान रोहेला ने मलबरी में रूट रॉट और रूट नॉट बीमारियों के नियंत्रण के लिए सूक्ष्म जीवों के सहयोग से बायोलॉजिकल एजेंट 'Mr. Pro' के उपयोग का प्रदर्शन किया, इस सत्र का उद्देश्य रेशम उत्पादन किसानों के लिए बायोफार्मुलेशन को प्रदर्शित करना था और प्रतिभागियों को पारंपरिक कृषि के साथ-साथ वैकल्पिक आय के रूप में रेशम उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रेरित करना था। किसानों को संबोधित करते हुए, राम सिंह, पूर्व सरपंच, परासिया ग्राम पंचायत, जबलपुर ने भी किसानों को रेशम उत्पादन अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे किसानों की आय और रोजगार बढ़ाने की क्षमता को उजागर किया, सत्र के अंत में सभी प्रतिभागियों को Mr. Pro के उपयोग के साथ सूचनात्मक पम्फलेट पूर्व सरपंच और रेशम विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा वितरित किए गए।

## धनगर यादव समाज के मंदिर में हुई महाआरती

**जबलपुर।**

दिनांक 03 सितंबर 2025 को समाज के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की महाआरती का आयोजन धनगर यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामरतन यादव द्वारा किया गया, जिसमें अतिथि के रूप में दिलीप यादव, सेवानिवृत्ति लेखा अधिकारी मध्य प्रदेश विद्युत मंडल एवं कैलाश यादव समाजसेवी एवं पूर्व महामंत्री अखिल भारतीय यादव महासभा जबलपुर के मुख्य आतिथ्य में सभी सम्मानीय बुजुर्गों के सानिध्य में धनगर यादव समाज जबलपुर मध्य प्रदेश के पदाधिकारी के द्वारा किया गया, तत्पश्चात बुजुर्गों का सम्मान प्रदेश अध्यक्ष रामरतन यादव एवं सभी पदाधिकारियों द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर किया गया।



साथ ही धनगर यादव समाज के भव्य सामाजिक भवन में श्री बजरंग कला मंदिर के द्वारा विराजे भगवान श्री गणपति महाराज को 56 भोगों का भोग लगाकर सभी सम्मानीय बुजुर्ग एवं पदाधिकारीगण कृतार्थ हुए। भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की भव्य महाआरती एवं एक नई पहल नई ऊर्जा की सराहना सभी उपस्थित बुजुर्गों विशेष अतिथियों ने मुक्त कंठ से की। इसी कड़ी में हर शुक्ल पक्ष की एकादशी में सामाजिक भवन में महाआरती का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया जो निरंतर भविष्य में भी चलता रहेगा।

उक्त कार्यक्रम में निम्नलिखित स्वजातिय बंधु एवं स्नेहीजन उपस्थित थे- रघुनाथ यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम जबलपुर, खेमचंद धनगर झलकन यादव, सुरेश यादव, राजकुमार यादव, विनोद यादव, जगदीश यादव, कृष्ण कुमार यादव, अरुण यादव, अरविंद यादव, अजीत यादव, रामकुमार यादव, शंकर शाह वार्ड के पार्षद दिनेश गुड्डू तामशेतवार, विजय पटेल एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु कार्यक्रम में उपस्थित रहे।




## कुर्मी सेवा संस्थान ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**जबलपुर।** आज कुर्मी सेवा संस्थान के तत्वावधान में मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा दसवीं के 120 से अधिक छात्र एवं कक्षा 12वीं के लगभग 70 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुर्मी सेवा संस्थान के अध्यक्ष चौधरी नारायण सिंह कुर्मी, छतरी समाज जबलपुर ग्रामीण के अध्यक्ष चौधरी राजकिशोर पटेल, युवा संगठन के अध्यक्ष अनिल पटेल, अजय पटेल, नंदन पटेल, बृजेश पटेल, एडवोकेट रमेश पटेल, अरविंद पटेल, सुशील पटेल आदि उपस्थित रहे।

## बैंक ऑफ इंडिया का 120वां स्थापना दिवस मनाया

### रक्तदान शिविर, ग्राहक सम्मान, पौधारोपण व अन्य कार्यक्रम हुए

**जबलपुर।** जबलपुर अंचल द्वारा बैंक ऑफ इंडिया के 120वें स्थापना दिवस पर 07 सितम्बर को आंचलिक प्रबंधक रमेश कुमार एवं उप आंचलिक प्रबंधक संतोष सहाय की अगुवाई एवं मार्गदर्शन में जबलपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातःकाल आंचलिक प्रबंधक रमेश कुमार एवं उप आंचलिक प्रबंधक संतोष सहाय, बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी, कर्मचारी संगठन के प्रतिनिधियों एवं विभिन्न शाखाओं से आये अधिकारियों, कर्मचारियों ने माँ नर्मदा के तिलवारा तट पर पूजन कर जरूरतमंदों को 120 थाली भोजन का वितरण किया। वहीं आंचलिक कार्यालय जबलपुर में आयोजित रक्तदान शिविर में बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर अंचल के 45 से अधिक




अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपना रक्तदान किया, जिनमें आंचलिक प्रबंधक रमेश कुमार, उप आंचलिक प्रबंधक संतोष सहाय, बैंक संगठन के प्रतिनिधि एवं विभिन्न शाखाओं से आये अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे। पर्यावरण को सुदृढ़ करने की दृष्टि से बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर अंचल के अधिकारियों, कर्मचारियों ने विभिन्न फलदार पौधे रोपे। ग्राहक सम्मेलन में ग्राहकों को आमंत्रित कर उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को आमंत्रित कर बैंक विकास में उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।



श्री छोटी खेरमाई गणेशोत्सव समिति झामनदास चौक पर स्थापित गणेश प्रतिमा का कल होगा विसर्जन।

## प्रतिनिधि मण्डल द्वारा केंट सी.ई.ओ. से की गयी चर्चा



**जबलपुर।** केंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी के नेतृत्व में केंट बोर्ड के सी.ई.ओ. राजीव कुमार से प्रतिनिधि मण्डल केंटोमेंट बोर्ड के अधीन वार्डों की जनसमस्या को लेकर चर्चा की गयी। आगामी त्यौहारों को देखते हुए गणेश पूजन एवं दुर्गा पूजा बंद पड़ी स्ट्रीट लाईट एवं सड़कों के रिपेयरिंग एवं सदर काली माई मंदिर में वॉटर कूलर एवं महिला शौचालय की व्यवस्था, धार्मिक कार्यक्रमों के लिए शिवाजी मैदान के निःशुल्क उपयोग हेतु एवं यातायात की गंभीर समस्या को देखते हुए मल्टी लेवल पार्किंग बनाई जाए, मोतीलाल नेहरू चिकित्सालय को अतिआधुनिक सुविधायुक्त बनाएं जाने हेतु, डोर-टू-डोर कचरा व्यवस्था एवं सी.सी.टी.व्ही. कैमरा एवं झिरिया बारात घर में कमरों की व्यवस्था कराई जाए, साफ-सफाई व्यवस्था कराये जाने हेतु प्रतिनिधि मण्डल द्वारा चर्चा की गयी। इस अवसर पर संजय जैन, सौरभ गोयल, आशीष राव, सुंदर अग्रवाल, अजय पदम, गोविंद यादव, संजय कपूर, आसिफ हैदर, राहुल पिल्ले आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने किया शिक्षकों का सम्मान

## शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला हिंदी गोहलपुर में एमआईसी सदस्य विवेक राम सोनकर के मुख्य आतिथ्य और संकुल प्राचार्य ज्योति राव, जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाज़रा, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अरुण यादव और पार्षद मुकिमा अंसारी, याकूब अंसारी के विशिष्ट आतिथ्य में लगभग पचास शिक्षकों का सम्मान उनके अग्रणी योगदान देने, देश के भविष्य को संवारने,



सामाजिक हित में कार्य करने और विद्यार्थियों का जीवन संवारने जैसे उत्कृष्ट कार्य हेतु शिक्षकों एवं खेल प्रशिक्षकों का जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन की ओर से प्रतीक चिन्ह, शॉल, श्रीफल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में सुश्री सीमा पटेल, मीनुकान्त शर्मा, प्रकाश मिश्रा, अब्दुल सत्तार, छाया जैन, मोनिका सोनी, शबाना खान, स्वाती गड़ेवाल, पद्मा मालवीय, अख़्तर बेगम, अप्सा तबस्सुम, अजगर अली, शाहीन अख़तर आदि शिक्षकों का सम्मान किया गया। विवेक राम सोनकर ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कार्यक्रम की सराहना की।इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, राजेश सहारिया, रऊफ खान, गुडविन चाल्स, हेमंत ठाकरे, फिलिप एंथोनी, रिंकू पीटर, सैम , आरपी खनाल, विरेन्द्र श्रीवास, सरीफ अहमद अंसारी, अशोक परस्ते आदि ने उपस्थित होकर सभी सम्मानित किए गए शिक्षकों एवं खेल प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# लुत्ती के बाद टूटा गेरसा का बांध

## अहिराज सांप के बिल से शुरू हुआ था रिसाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर



बलरामपुर जिले के लुत्ती बांध के बाद लुंड्रा में गेरसा बांध टूट गया है। शनिवार की सुबह सुबह बांध का एक बड़ा हिस्सा धराशायी हो गया। गनीमत रही कि घटना दिन के उजाले में हुई और बांध के आस पास कोई रिहायशी बस्ती नहीं है, जिससे बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। बांध के टूटने से लगभग 20 एकड़ में लगी फसल पानी में तबाह हो गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद कलेक्टर के साथ ही आला अधिकारी और विभाग की टीम मौके ओर पर पहुंची हुई है। विभाग ने बांध के मरम्मत का काम शुरू कर दिया है और सिर्फ 2 मीटर ही पानी निकलने की संभावना है। बताया जा रहा है सरगुजा के लुंड्रा विकासखंड अंतर्गत ग्राम गेरसा में जल संसाधन विभाग का लघु सिंचाई योजना का बांध स्थित है। इस बांध से शुक्रवार की शाम से ही रिसाव होना शुरू हो गया था और शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे अचानक ही बांध के दाईं फ्लैन्क का 25-30 मीटर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बांध के टूटने व बाढ़ की शक्ल में पानी तेजी से निकलने लगा। ऐसे में गांव में हड़कंप मच गया। बांध टूटने की जानकारी मिलने के बाद विभाग के आला अधिकारियों के साथ ही कलेक्टर, जिपं सीईओ विनय अग्रवाल, एसएसपी राजेश अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त बांध का निरीक्षण करने के साथ ही किसानों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि शासन-प्रशासन उनकी हर संभव मदद करेगा और किसानों को हुए नुकसान की भरपाई प्राथमिकता से की जाएगी। इस दौरान एसडीएम जेयू शतरंज, राज्य बांध सुरक्षा संगठन रायपुर से मुख्य अभियंता अरुण बाडियें, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता अशोक निरंजन सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

खास खबर

### तात्कालिक रूप कराया जा रहा मरम्मत

इस घटना में बांध का लगभग 25 से 30 मीटर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। बांध के टूटने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है लेकिन अधिकारियों का कहना है कि अहिराज सांप ने बांध के इस हिस्से में बड़े बड़े बिल बनाए थे जिससे पानी रिसाव होने लगा और बांध क्षतिग्रस्त हो गया। फिलहाल बांध के क्षतिग्रस्त हिस्से के दोनों तरफ बांस की बेरिकेटिंग की गई है। इसके साथ ही मरम्मत का कार्य देर शाम से शुरू कर दिया गया है। क्षतिग्रस्त हिस्से में बांस लगाकर मिट्टी भरने का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही अधिकारियों ने बांध की तकनीकी जांच कर मरम्मत एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक कंक्रीटिंग और कटिंग कार्य की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए है।


सिंचाई विभाग के ईई अशोक निरंजन का कहना है कि उक्त बांध में 5 से 7 एकड़ ही जल भराव है। बांध में 12 से 13 मीटर ही पानी भरा था। बांध के आगे का हिस्सा ही टूटा है ।

### लोग सुरक्षित, फसलें तबाह

गेरसा बांध के टूटने की घटना दिन के समय हुई। अच्छी बात यह है कि बांध के आस पास रिहायशी मकान नहीं है। बांध के पास लोगों के खेत है। बांध टूटने से किसानों की लगभग 20 एकड़ में लगी धान की फसल के तबाह होने की बात कही जा रही है। घटना के बाद अधिकारियों ने प्रभावित गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने के निर्देश दिए है ताकि जान-माल की हानि न हो। प्रभावित किसानों की फसल क्षति का त्वरित सर्वे कर मुआवजा भुगतान की कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ कर दी गई है। प्रभावित क्षेत्र में मछली पकड़ने की गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने कहा गया है।

सरकार की सख्ती के बाद तस्करों का नया पैंतरा

# अंधेरे में रेत खनन, सुबह होते ही मशीनें गायब



लक्ष्मण लेखवानी ▶▶| रायपुर

मानसून का समय है। बारिश में 10 जून से लेकर 10 अक्टूबर तक रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगा हुआ है। साय सरकार ने सख्ती करते हुए सभी घाटों को पूर्ण रूप से बंद भी कराया था, वहीं कई घाट में पानी भरने के कारण भी उत्खनन बंद है। प्रदेश के कई जिलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई की वजह से अवैध खनन बंद हुआ है। वहीं रेत माफिया बाज नहीं आ रहा। शाम होते ही मशीनों से रेत खनन किया जा रहा है। सुबह होते ही मशीनों गायब कर दी जाती हैं। हरिभूमि को रायपुर जिले के ग्राम सेमरा का एक विडियो मिला है। इस विडियो में नदी में पोकलेन मशीन उतारकर उत्खनन किया जा रहा है।

खास खबर

अफसरों ने कहा, शिकायत पर कार्रवाई करेंगे, अंधेरे में गश्त होगी



### जांच कर कार्रवाई करेंगे

*ग्राम सेमरा के नदी से रेत निकाली जा रही है। इसकी जानकारी नहीं, लेकिन इसकी जांच कर कार्रवाई करेंगे। ग्राम सेमरा, लखना घाट में अवैध रूप से उत्खनन-परिवहन की शिकायत पहले भी आ चुकी है। उस समय टीम को कुछ नहीं मिला था। ऐसी जानकारी भी मिली थी कि मनीष नामक कोई व्यक्ति यह करा रहा है। इस बारे में भी पता लगाया जाएगा।*

*- रवि सिंह, एसडीएम, अभनपुर*

### ड्रोन कैमरे में कैद तस्वीरें बता रहीं नदी में चल रहा उत्खनन

पड़ताल के दौरान ग्राम सेमरा नदी घाट की ड्रोन से तस्वीरें भी ली गई हैं। ये तस्वीरें बता रही हैं कि नदी में अभी भी रेत का उत्खनन किया जा रहा है। नदी के बीच में उत्खनन के कारण गड्ढे हो गए हैं, वहीं इस नदी के किनारे खुली जगह पर रेत के अवैध भंडारण भी मिले। इसके अलावा जिस रास्ते से रेत से भरी गाड़ियां निकाली जा रही हैं,(

## बैराबी-सैरांग रेल लाइन

12.8 किमी में 48 सुरंगें और 142 ब्रिज देश की सबसे कठिन परियोजना




**ऐसे खूबसूरती बढ़ाता है बैराबी-सायरंग रूट**

| | |
|---|---|
| 12.85 | किमी लंबी कुल 48 सुरंग रास्ते में |
| 55 | बड़े पुलों से गुजरेंगी ट्रेनें |
| 87 | छोटे पुल भी बनाए गए सेक्शन पर |
| 05 | आरओबी का निर्माण किया है रेलवे ने |
| 06 | रोड अंडर ब्रिज का भी हुआ है काम |

कुतुबमीनार से भी ऊंचा ब्रिज इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना, दिल्ली, गोहाटी से सीधे पहुंच सकेंगे आइजोल

### कुतुब मीनार से ऊंचे 104 मीटर ब्रिज से दौड़ेगी ट्रेन

मिजोरम की राजधानी आइजोल से लौटकर ललित राठोड़

रेलवे की 26 साल की मेहनत के बाद पहली बार मिजोरम की राजधानी आइजोल भारतीय रेलवे के नेटवर्क से जुड गई है। 8 हजार 71 करोड़ रुपए की लागत से बनी 51.38 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग रेल परियोजना का उद्घाटन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 सितंबर को कर सकते हैं। भारतीय रेलवे का यह रूट अब देश के सबसे खूबसूरत रेल मार्ग में शामिल हो गया है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

#### 3 राज्यों के हजारों श्रमिकों ने 11 साल की मेहनत

मोबाइल फोन की कनेक्टिविटी नहीं होने से उनका अपने घरों से संपर्क कटा रहता था। रेलवे के मुताबिक ऐसे में श्रमिकों को रोकना बहुत मुश्किल था। वह अपने पूरे ग्रुप के साथ काम छोड़कर चले जाते थे। सड़क की अपेक्षा ट्रेन रूट का अलाइनमेंट छोटा रखा गया। इस कारण टनल से निकलकर वादियों और वादियों से निकलकर टनल तक का काम चुनौती बढ़ा रहा था।

### आईआईटी ने इतिहास रचा, एनआईआरएफ रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ

*नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने एक बार फिर भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय संस्थान रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। आईआईटी मद्रास ने इंजीनियरिंग शिक्षा में दशकों की उत्कृष्टता का इतिहास लिखा है। आज नई दिल्ली में एक पुरस्कार समारोह में इस रैंकिंग की घोषणा की गई। एनआईआरएफ 2025 में 'इंजीनियरिंग' श्रेणी' में लगातार 10वें वर्ष और 'सकल' श्रेणी में लगातार 7वें वर्ष नंबर 1 रैंक अपने नाम कर आईआईटी मद्रास ने भारतीय शिक्षा प्रणाली में पुनः परचम लहरा दिया है। भारतीय शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी रहने की अपनी दावेदारी पक्की कर ली है। एनआईआरएफ रैंकिंग के आरंभ से ही आईआईटी मद्रास हर साल इंजीनियरिंग श्रेणी में नंबर 1 स्थान पर रहा है। संस्थान ने 'नवाचार' श्रेणी में भी नंबर 1 रैंक हासिल की है। यह पिछले साल इसी श्रेणी में संस्थान के नंबर 2 से बेहतर रैंक है। संस्थान ने हाल में डीप-टेक स्टार्ट-अप का विश्व स्तरीय इकोसिस्टम बनाने के लक्ष्य से स्कूल ऑफ इनोवेशन एंड आंत्रप्रेन्योरशिप की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य पूरी दुनिया में उद्यमशीलता उन्मुख विश्वविद्यालयों में संस्थान का नाम करना है।*

कृषि उपज गेंहू, सोयाबीन, धान, चना, मक्का, मूंग आदि निःशुल्क क्लीनिंग ग्रेडिंग करवा सकेंगे

## मंडी बोर्ड लगाएगा प्रदेश की 20 मंडियों में क्लीनिंग, ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग प्लांट्स



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मंडी बोर्ड) किसानों को और अधिक सुविधा मुहैया कराने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 20 मंडियों में क्लीनिंग, ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग प्लांट्स की स्थापना करने जा रहा है।

इन प्लांटों की स्थापना होने से किसानों द्वारा मंडी प्रांगण में लाई गई कृषि उपज गेंहू, सोयाबीन, धान, चना, मक्का, मूंग आदि निःशुल्क क्लीनिंग, ग्रेडिंग करवा सकेंगे। ग्रेडिंग कार्य कराने से किसानो को उनकी उपज का उचित मूल्य मंडी प्रांगण में प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंडियों को सर्वसुविधायुक्त एवं हाईटेक बनाने के निर्देशानुसार तथा मंडी बोर्ड के अध्यक्ष कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश शासन तथा भारत सरकार की मंशा अनुरूप किसानों की आय दो गुना करने के उद्देश्य से उठाया गया यह एक प्रयास है।

#### इन मंडियों में लगेगें प्लांट्स

*प्रबंध संचालक पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश की उज्जैन, देवास, जबलपुर, गुना, बदनावर, पिपरिया, नीमच, सतना, सिवनी, खंडवा, बुरहानपुर, अशोकनगर, गंजबासौदा, इटारसी, हरदा, जावरा, आष्टा, बैरसिया, सीहोर एवं आगर मंडी के प्रांगणों में क्लीनिंग, ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग प्लांट्स स्थापित किये जा रहे है।*

#### उपज की क्लीनिंग ग्रेडिंग कराने की सुविधा निःशुल्क मिलेगी

*मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सहायक संचालक योगेश नागले ने बताया कि इस संबंध में टेंडर जारी कर दिए गए हैं। इन प्लांट्स के स्थापित होने से प्रदेश के समस्त किसानों को निःशुल्क अपनी उपज की क्लीनिंग, ग्रेडिंग कराने की सुविधा मंडी प्रांगणों में सुलभता से उपलब्ध होगी।*

## रोबोटिक सर्जरी छत्तीसगढ़ में चिकित्सा सुविधाओं के विकास में एक नया आयाम जोड़ेगाः सीएम



**एम्स रायपुर में 'देव हस्त' सीएम ने किया शुभारंभ**

**मुख्यमंत्री ने स्वयं किया 'देव हस्त' पर पहला ड्राई लैब डिसेक्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित टाटीबंध में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में मध्य भारत के शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों के प्रथम रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम 'देव हस्त' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रोबोटिक सर्जरी छत्तीसगढ़ में चिकित्सा सुविधाओं के विकास में एक नया आयाम है। यह ऐतिहासिक क्षण प्रदेश की जनता को अत्याधुनिक और बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वयं 'देव हस्त' पर पहला ड्राई लैब डिसेक्शन कर इस अत्याधुनिक तकनीक की औपचारिक शुरुआत की।

#### 20 महीने में पांच नए मेडिकल कॉलेज को स्वीकृति

*मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 20 महीनों में सरकार बनने के बाद राज्य में पांच नए मेडिकल कॉलेजों को स्वीकृति मिली है। उन्होंने बताया कि नवा रायपुर में 5,000 बिस्तरों की क्षमता वाली मेडिसिटी का निर्माण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के समय मात्र एक मेडिकल कॉलेज था जबकि आज प्रदेश में 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं।*

**आवश्यकता**

आवश्यकता है - नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें :- 9202613238, 9229187457 (रायपुर/19/सितम्बर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

यह मौजूदा स्वर्ण हॉलमार्किंग प्रणाली के अनुरूप है

## सरकार ने एचयूआईडी के साथ शुरू की चांदी के आभूषणों के लिए डिजिटल हॉलमार्किंग प्रणाली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




चांदी के गहनों और अन्य वस्तुओं के लिए स्वैच्छिक हॉलमार्किंग शुरू हो गई है। सरकार ने उपभोक्ताओं के लिए धातु की शुद्धता सुनिश्चित करने को लेकर एक डिजिटल पहचान प्रणाली लागू की जाएगी। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने आईएस 2112:2025 के प्रकाशन के साथ अपने हॉलमार्किंग मानक को संशोधित किया है। यह पहले के आईएस 2112:2014 संस्करण का स्थान लेगा। इस संशोधन के साथ चांदी के आभूषणों और अन्य वस्तुओं के लिए हॉलमार्किंग विशिष्ट पहचान (एचयूआईडी)-आधारित हॉलमार्किंग शुरू की गई है। इससे पता लगाने की क्षमता में वृद्धि हुई है और यह मौजूदा स्वर्ण हॉलमार्किंग प्रणाली के अनुरूप है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार नई प्रणाली के तहत उपभोक्ता बीआईएस केयर मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके एक सितंबर, 2025 के बाद हॉलमार्क किए गए चांदी के आभूषणों के प्रकार, शुद्धता ग्रेड, हॉलमार्किंग तिथि, परीक्षण केंद्र का विवरण और जौहरी पंजीकरण संख्या की पहचान कर सकते हैं।

#### इनमें 958 और 999 ग्रेड नए जोड़े गए हैं

*संशोधित मानक में सात शुद्धता ग्रेड... 800, 835, 925, 958, 970, 990 और 999... शामिल किए गए हैं। इनमें 958 और 999 ग्रेड नए जोड़े गए हैं। हॉलमार्क में तीन घटक होते हैं: 'सिल्वर' शब्द वाला बीआईएस मानक चिह्न, शुद्धता ग्रेड और एचयूआईडी कोड। देश में अभी चांदी के आभूषणों के परीक्षण के लिए बीआईएस द्वारा मान्यता प्राप्त 87 जिलों लगभग 230 गुणवत्ता जांच और हॉलमार्किंग केंद्र हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में, 32 लाख से अधिक चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग की गई। पिछला आईएस 2112:2014 मानक छह शुद्धता ग्रेड - 800, 835, 900, 925, 970 और 990 - में हॉलमार्किंग की अनुमति देता था। इसमें बीआईएस चिन्ह, शुद्धता ग्रेड, परीक्षण केंद्र पहचान और जौहरी पहचान चिह्न सहित चार-घटक हॉलमार्क प्रणाली शामिल थी।*

### शब्द पहेली - 5982



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

**शब्द पहेली- 5981 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | सो | नि | या | गां | धी | ■ | म | हा | न | ता |
| खा | ना | ■ | प | ■ | र | क्ष | क | ■ | म | ल |
| ना | ■ | म | न | सि | ज | ■ | र | ग | ■ | मे |
| ब | ला | त | ■ | ■ | वा | दा | ■ | म | ह | ल |
| दो | ■ | दा | ■ | क | ला | ■ | आ | ■ | व | ■ |
| श | य | न | क | क्ष | ■ | दि | शा | ही | न | ता |
| ■ | म | ■ | प | ■ | ह | ल | ■ | न | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | शा | म | ■ | ■ | त | ह | त |
| म | ■ | त | य | ■ | व | फा | दा | र | ■ | व |
| चो | र | ■ | की | म | त | ■ | म | ■ | का | र |
| र | म | जा | न | ■ | न | य | न | ज | ल | ■ |

### सूडोकू नवताल - 5992

मध्यम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5991 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |



# बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद करने अमृतसर पहुंचे सोनू सूद

**मुंबई।** पंजाब इन दिनों बाढ़ की मार झेल रहा है। इस आपदा से कई परिवार प्रभावित हो चुके हैं। पंजाब की मदद के लिए कई एक्टर्स आगे आ रहे हैं और अपनी क्षमता अनुसार हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। अब सोनू सूद पीड़ित परिवारों की मदद के लिए अमृतसर पहुंच गए हैं। सोनू सूद ने कहा, 'मैं बागपुर, सुल्तानपुर लोधी, फिरोजपुर, फाजिल्का, अजनाला जा रहा हूं और मैं चारों ओर जाकर स्थिति का पता लगाने की कोशिश करूंगा। मुझे लगता है कि आने वाले समय में, चूंकि पंजाब में अभी भी बारिश हो रही है। कई घर नष्ट हो गए हैं, लोगों की आजीविका बर्बाद हो गई है। इसलिए मैं पूरी मदद करने की कोशिश करूंगा और स्थानीय प्रशासन से उनकी जरूरतों की सूची लूंगा।'

## लाइफ Style



# राशि खत्म की तेलुसु कडा की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सिद्धू जोनालागड्डा और राशि खन्ना की आगामी फिल्म 'तेलुस कडा' की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है। इसकी जानकारी एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया के जरिए दी है और सभी क्रू सदस्यों को धन्यवाद किया। अभिनेत्री ने शूटिंग के दौरान की कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं।

राशि खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'तेलुसु कडा' की शूटिंग करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने पांच तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वो अलग-अलग अंदाज में दिख रही हैं। साथ ही वह सीन समझकर उसे परफॉर्म करती नजर आ रही हैं और उसमें कैमरा, लाइट्स और एक्शन तीनों का संगम दिख रहा है। पोस्ट के कैप्शन में राशि खन्ना ने लिखा, 'कुछ कहानियां कैमरे बंद होने के बाद यूं ही खत्म नहीं हो जातीं, 'तेलुसु काडा' उनमें से एक है। प्यार, नुकसान और इन सबके बीच की हर चीज का सफर को आज मैं खत्म करती हूं। इस सफर में मेरे साथ चलने वाली सबसे बेहतरीन टीम का हमेशा आभारी रहूंगी। आप सभी के इस दुनिया में कदम रखने का बेसब्री से इंतजार है, जिसे हमने बनाया है। आप सभी एक रोमांचक सफर के लिए तैयार रहें।' 'तेलुसु काडा' फिल्म में सिद्धू जोनालागड्डा के साथ-साथ राशि खन्ना और श्रीनिधि शेट्टी भी अहम रोल निभाती हुई नजर आएंगी। फिल्म की कहानी की बात करें तो इस फिल्म में परिवार, दोस्ती, आत्म-प्रेम, त्याग समेत कई सामाजिक पहलुओं पर बात होगी। इसका निर्देशन नीरजा कोना द्वारा किया जा रहा है।

## हॉलीवुड मसाला





# टोरंटो महोत्सव में दिखाई गई शोले

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र की प्रसिद्ध फिल्म 'शोले' के पुनर्स्थापित 4के संस्करण का प्रीमियर शनिवार को टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 50वें संस्करण में हुआ। फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान बॉबी देओल और इस फिल्म के निर्देशन रमेश सिप्पी शामिल हुए। अभिनेता बॉबी देओल ने अपने पिता धर्मेंद्र का प्रतिनिधित्व करते हुए इस प्रीमियर में हिस्सा लिया। उनके साथ फिल्म 'शोले' के निर्देशक रमेश सिप्पी, निर्माता शहजाद सिप्पी और फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के निदेशक शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर भी मौजूद थे।




# द कॉन्ज्यूरिंग ने कई हॉलीवुड फिल्मों को पीछे छोड़ा

**मुंबई।** हॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय हॉरर फ्रेंचाइजी 'द कॉन्ज्यूरिंग' का नया चैप्टर लास्ट राइट्स भारत में रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर छा गया। इस फिल्म ने पहले दिन ही 18 करोड़ रुपए की कमाई कर रिकॉर्ड बना दिया। इसी के साथ ही इस फिल्म ने भारत में इस साल रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्मों के कलेक्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। टॉम क्रूज की 'मिशन इम्पॉसिबल' भारत में हमेशा से पॉपुलर रही है। 2025 में आई इसकी नई फिल्म ने ओपनिंग डे पर 11 करोड़ की मजबूत कमाई की थी। सुपरहीरो फिल्मों का भारत में बड़ा फैनबेस है। लेकिन बावजूद इसके फिल्म अपने पहले दिन 7 करोड़ का कलेक्शन ही कर पाई। रेसिंग और स्पोर्ट्स पर आधारित फिल्म एफ 1 ने भारत में पहले दिन 5.25 करोड़ का कलेक्शन करते हुए इसने स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्मों के लिए अच्छा संकेत दिया।



# शेयर की हल्दी-आटे से बने बप्पा की झलक

**मुंबई।** हर साल श्रद्धालुओं से ईको फ्रेंडली बप्पा की मूर्ति घर लाने की अपील की जाती है। सितारे भी इसका पालन कर रहे हैं। इस बार अभिनेता राजकुमार राव और उनकी पत्नी पत्रलेखा ने घर पर ही बप्पा की प्रतिमा को आकार दिया। राजकुमार ने हल्दी और आटे से खूबसूरत बप्पा की मूर्ति बनाई। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसकी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, 'गेहूं के आटे और हल्दी से बने हमारे गणपति से मिलिए। हमारे ईको फ्रेंडली बप्पा'। साथ में लिखा है, 'गणपती बाप्पा मोरया, पुढच्या वर्षी लवकर या'! अभिनेत्री श्रद्धा कपूर को मोदक बेहद पसंद हैं। बप्पा के विसर्जन के दिन उन्होंने एक या दो नहीं, बल्कि छह मोदक खाए। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए इसकी वजह बताई है। श्रद्धा ने एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें एक प्लेट में छह मोदक रखे नजर आ रहे हैं।



# 'नायक' शाहरुख-आमिर को हुई थी ऑफर

**मुंबई।** अनिल कपूर, रानी मुखर्जी और अमरीश पुरी की फिल्म 'नायकः द रियल हीरो' की रिलीज को 24 साल हो गए हैं। इस मौके पर अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ी तस्वीरें और यादें साझा कीं। उन्होंने बताया कि यह फिल्म पहले शाहरुख खान और आमिर खान को ऑफर की गई थी, लेकिन बात नहीं बनी। मैं निर्देशक शंकर का आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया। शाहरुख ने कहा था, यह किरदार अनिल के लिए ही था। ये पल हमेशा याद रहेंगे। नायक 1999 की तमिल फिल्म मुधलवन का रीमेक है। इस फिल्म में अनिल कपूर ने शिवाजी राव का किरदार निभाया है। यह कहानी शिवाजी राव (अनिल कपूर) के इर्द-गिर्द है, जो एक टीवी कैमरामैन और बाद में न्यूज प्रेजेंटर बनता है। उसे एक दिन के लिए मुख्यमंत्री बनने का मौका मिलता है।

## टीवी मसाला



# कुनिका की तान्या से हुई जबरदस्त लड़ाई...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 ऑडियंस की तरफ से जबरदस्त रिएक्शन मिल रहा है। शो में नजर आ रहे कंटेस्टेंट ने सिर्फ दो ही हफ्तों में अपनी अलग पहचान बना ली है। घरवालों में आपसी ग्रुप बन चुके हैं। जीशान, अमाल मलिक और बशीर का अपना एक ग्रुप है और तान्या मित्तल, कुनिका और नीलम का। लेकिन अब ताजा खबरों की मानें तो कुनिका और तान्या का रिश्ता टूट चुका है। ताजा खबरों की मानें तो नए एपिसोड में इन दोनों के बीच जबरदस्त लड़ाई दिखाई जाएगी। बिग बॉस 19 की शुरुआत के दूसरे हफ्ते में तान्या, कुनिका और नीलम का ग्रुप बना था। कैप्टेंसी के टास्क से शुरू हुई इनकी दोस्ती अब खत्म हो चुकी है। बिग बॉस खबरी के मुताबिक नए एपिसोड में दोनों के बीच तगड़ी लड़ाई दिखाई जाएगी। इस लड़ाई के बाद कुनिका कसम खा लेती हैं कि वो बिग बॉस में रहने के दौरान तान्या से कोई रिश्ता नहीं रखेंगी। वैसे हाल में भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। तान्या ने अपनी बात कुनिका के सामने रखी थी कि उन्हें सबके सामने किसी बात के लिए नहीं टोकना चाहिए। इसके बाद कुनिका ने उनसे बात नहीं करने को कहा था। लेकिन तान्या ने एक बार फिर कुनिका को उनका जबरा फैन बोलकर मना किया। अब फिर से लड़ाई हुई है और बताया जा रहा है कि दोनों एक दूसरे के साथ बातचीत करने के मूड में नहीं है। दूसरी तरफ घर में एक बड़ा हादसा टलने की खब भी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक घर का कोई सदस्य गलती से गैस का स्विच ऑन करके भूल गया। जब सुबह ये बात घर के कैप्टेन बशीर को पता चली तो उन्होंने घरवालों पर अपना गुस्सा जाहिर किया। ये आज राज के एपिसोड में दिखाया जाएगा।

## कुरान में लिखा है हर धर्म का सम्मान

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर अली गोनी चर्चा में हैं। बीते दिनों मुंबई में गणपति सेलिब्रेशन के दौरान उनकी गर्लफ्रेंड जैस्मीन भसीन 'गणपति बप्पा मोरिया' बोल रही थीं, लेकिन उनके ही बगल में खड़े अली चुपचाप खड़े थे। इसको लेकर उनकी काफी आलोचना हुई थी। ये भी चर्चा होने लगी कि जैस्मीन अपने बॉयफ्रेंड के लिए अबाया पहनकर मस्जिद गई थी, लेकिन अली उनके लिए गणपति का जयकारा नहीं कर सकते! अब इन सब बातों को लेकर उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने आगे कहा, 'मेरे धर्म में इसकी इजाजत नहीं है। हम पूजा वगैरह नहीं करते हैं। हम नमाज पढ़ते हैं, दुआ करते हैं और हर धर्म का सम्मान करते हैं। ये हमारे कुरान में लिखा गया है और मैं वही करता हूं।' इसके अलावा अली ने जैस्मीन के अबाया पहनकर मस्जिद जाने को लेकर भी सच्चाई का खुलासा किया।



# 1979 की वो हॉरर फिल्म जिससे लोगों की असल लाइफ में फैला था डर

**नई दिल्ली।** 1979 में आई इस हॉरर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। इस फिल्म में उस दौर के कई बड़े सितारे नजर आए थे। इस फिल्म ने लोगों की असल लाइफ में डर का माहौल पैदा कर दिया था। इस फिल्म में उस दौर के कई बड़े सितारे- सुनील दत्त, संजीव कुमार, विनोद मेहरा, शत्रुघ्न सिन्हा, रीना रॉय, रेखा, नीतू सिंह, अमरीश पुरी और जीतेंद्र जैसे कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म में संजीव कुमार ने दूसरी बार ठाकुर का रोल निभाया था। क्या आप पहचान पाए फिल्म का नाम? अगर नहीं, तो चलिए हम आपको बताते हैं। इस फिल्म का नाम है जानी दुश्मन।

***फिल्म की बजट और कमाई*** : जानी दुश्मन का बजट करीब 1.3 करोड़ का था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 9 करोड़ की कमाई की थी। इस फिल्म की कहानी कुछ इस तरह है कि एक राक्षस है जो लाल जोड़ा पहने दुल्हनों को किडनैप करता है और उनकी हत्या कर देता है।

***फिल्म से बन गया था डर का माहौल*** : इस फिल्म की रिलीज के बाद कुछ गांवों में डर का ऐसा माहौल छा गया था कि दुल्हनें लाल रंग की जगह गुलाबी और नारंगी रंग का लहंगा पहनती थीं।



### संजीव कुमार नहीं करना चाहते थे फिल्म

संजीव कुमार पहले इस फिल्म को नहीं करना चाहते थे, क्योंकि वो शोले में एक बार ठाकुर का रोल निभा चुके थे। वो टाइप कास्ट नहीं होना चाहते थे। हालांकि, जब उन्होंने फिल्म का नरेशन सुना तो उन्हें फिल्म बहुत पसंद आई और उन्होंने फिल्म के लिए हां कहा।

***राज कुमार कोहली ने की थी डायरेक्ट*** : जानी दुश्मन को राज कुमार कोहली ने डायरेक्ट किया है। वहीं, फिल्म को इंद्र राज आनंद, हकीम रियाज लता और जग्गी रामपाल ने लिखा था।इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.1 है। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।

# अनुपर्णा ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का जीता पुरस्कार

**लॉस एंजिल्स।** वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जहां एक तरफ भारत की अनुपर्णा रॉय ने इतिहास रच दिया। वहीं, इवेन जॉनसन की फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' को भी पुरस्कार मिला। यह प्रतिष्ठित महोत्सव 27 अगस्त से शुरू होकर 6 सितंबर तक चला और इसमें दुनियाभर की बेहतरीन फिल्मों को दिखाया गया।

***जिम जरमश को गोल्डन लॉयन*** : इस बार गोल्डन लॉयन अवॉर्ड यानी सर्वश्रेष्ठ फिल्म का खिताब अमेरिकी निर्देशक जिम जरमश की फिल्म 'फादर मदर सिस्टर ब्रदर' को दिया गया। पुरस्कार लेते वक्त जरमश ने कहा कि सिनेमा उनके लिए प्रतियोगिता नहीं बल्कि अभिव्यक्ति का जरिया है। उन्होंने वेनिस को कला और इतिहास से जुड़ा शहर बताते हुए इसे अपना दूसरा घर कहा।

***बेनी सैफ्दी और ड्वेन जॉनसन की जीत*** : इसके अलावा बेनी सैफ्दी की फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' ने सिल्वर लॉयन का खिताब हासिल कर लिया। इस फिल्म ने सिल्वर लॉयन (सर्वश्रेष्ठ निर्देशक) का अवॉर्ड जीता। यह प्रोजेक्ट इसलिए भी चर्चा में रहा क्योंकि इसमें हॉलीवुड सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन ने मुख्य भूमिका निभाई। अवॉर्ड लेने के बाद सैफ्दी ने कहा कि उनकी फिल्म सहानुभूति और संवेदनशीलता को दर्शाने का प्रयास है और यही गुण आज की दुनिया के लिए सबसे जरूरी हैं। उन्होंने जॉनसन को अपना साथी और भाई कहकर सम्मानित किया।



***गाजा पर आधारित फिल्म*** : इस बार की ग्रैंड ज्यूरी प्राइज से सम्मानित हुई कौथर बेन हानिया की फिल्म 'द वॉइस ऑफ हिंद रजब'। यह फिल्म गाजा में मारी गई पांच वर्षीय बच्ची की सच्ची घटना पर आधारित है। निर्देशक ने यह अवॉर्ड गाजा के रेड क्रिसेंट और राहत दलों को समर्पित किया। भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि हिंद की आवाज पूरी दुनिया ने सुनी लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका और सिनेमा उस आवाज को जीवित रखने का जरिया बनेगा।

***'सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए मिला अवॉर्ड*** : भारत के लिए इस बार का वेनिस फिल्म फेस्टिवल बेहद खास रहा। निर्देशक अनुपर्णा रॉय ने 'सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए ओरिजोंटी सेक्शन में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया। यह फिल्म मुंबई की दो प्रवासी महिलाओं की कहानी कहती है, जो अकेलेपन और संघर्ष के बीच रिश्तों और उम्मीदों को तलाशती हैं। यह उपलब्धि भारतीय सिनेमा के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक नई पहचान है।

## हॉलीवुड से होती थी तुलना, पर बगावत से लटक गया ताला

# वो भारतीय फिल्म स्टूडियो, जहां लैब टेक्नीशियन भी बना सुपरस्टार

*नई दिल्ली। भारत को 20 सालों तक 40 फिल्में और अशोक कुमार, दिलीप कुमार और मधुबाला जैसे स्टार्स देने वाला वो स्टूडियो, जिसे कभी हॉलीवुड की तर्ज पर बनाया गया था। उसका अस्तित्व तीन लोगों की बगावत के कारण मिट्टी में मिल गया। आज वो जगह खंडहर बन गई है, जहां पर काम करके कोई लैब टेक्नीशियन से देश का पहला स्टार बना था और तो पहली 'ब्लॉकबस्टर' फिल्म भी मिली थी, जो थिएटर में करीब 3 सालों तक चली थी। हम बात कर रहे हैं मुंबई के पहले फिल्म स्टूडियो 'बॉम्बे टॉकीज' की, जिसे 1934 में हिमांशु राय, निरंजन पाल, बिपिन चंद्र पाल और देविका रानी ने शुरू किया था। लेकिन 1953 में ये बंद हो गया था और यहां से बनी आखिरी फिल्म 1954 में रिलीज हुई थी। और इसके बंद होने के पीछे किसी बाहरी का नहीं, बल्कि अंदर के ही उस लैब टेक्नीशियन का हाथ था, जिसे हिमांशु राय ने हीरो बनाया था।*

### हिमांशु राय की कहानी

बॉबे टॉकीज ने ही बॉलीवुड फिल्मों में गाने, ड्रामा, रोमांस जैसी चीजों की बुनियाद रखी थी, जिससे आज तक इंडस्ट्री में ब्लॉकबस्टर्स बन रही हैं। ये भारत का पहला कॉर्पोरेट फिल्म स्टूडियो था, जिसमें बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स थे। जिसका नाम स्टॉक एक्सचेंज में भी शामिल था। हिमांशु राय, जो अमीर बंगाली परिवार में जन्मे थे, उन्होंने इसकी शुरुआत की, जब वह कानून की डिग्री के लिए लंदन गए थे। हालांकि वहां पर उनको थिएटर का चस्का लगा और वह नाटकों में एक्ट करने लगे। यहीं पर निरंजन पाल से मुलाकात हुई, जो कि एक नाटककार थे और फ्रीडम फाइटर बिपिन चंद्र पाल के बेटे थे।

### लंदन में बनाई फिल्में

इधर, अभिनय का जादू ऐसा चढ़ा कि हिमांशु राय ने अपनी पढ़ाई-लिखाई छोड़ी और एक थिएटर ग्रुप ही तैयार कर लिया। और फिर वह उनके साथ ब्रेटेन में अलग-अलग जगह शोज करने लगे। इसके बाद उनके मन में फिल्में बनाने का ख्याल आया। वह भारतीय समाज की असलियत दिखाना चाहते थे। लेकिन उसमे वह एडवांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना चाहते थे। उन्होंने गौतम बुद्ध की कहानी पर आधारित फिल्म 'द लाइट ऑफ एशिया' बनाने का फैसला किया, जो कि एक मूक फिल्म थी। स्क्रिप्ट निरंजन पाल ने लिखी और जर्मनी के एमेल्का स्टूडियोज ने इसे को-प्रोड्यूस किया। फिल्म में गौतम बुध का रोल हिमांशु ने किया और 1925 में इसे इंटरनेशनल लेवल पर रिलीज किया गया। सबने पसंद किया।



**कुमुदलाल कुंजीलाल गांगुली बना सुपरस्टार** : 'बॉम्बे टॉकीज' ने फिल्में बनानी शुरू कीं। पहली 1935 में बनीं, जिसका नाम था 'जवानी की हवा' और कास्ट किया गया देविका और नजमुल की, जिनकी जोड़ी हिट हो गई। इसके बाद जब दोनों एक्टर्स का नाम जुड़ने लगा तो हिट ने लैब टेक्नीशियन कुमुदलाल कुंजीलाल गांगुली को अपनी अगली फिल्म का हीरो चुना। और यही सुपरस्टार बने। क्योंकि इसका नाम फिल्मों में अशोक कुमार रख दिया गया था। इन्होंने 'जीवन नैया', 'अछूत कन्या' जैसी फिल्में कीं और सभी एक से बढ़कर एक सुपरहिट रहीं। उनके अपोजिट देविका को कास्ट किया गया। इस स्टूडियो से हर साल तीन फिल्में बनती थी और सभी हिट होती थीं।

**'बॉम्बे टॉकीज' की स्थापना कैसे हुई?**: हिमांशु ने देविका के साथ फिल्म 'कर्मा' बनाई। उन्हें हीरोइन के तौर पर दुनिया के सामने पेश किया। इसमें ही दोनों का वो सबसे लंबा किसिंग सीन था, जिसकी चर्चा आज भी होती है। 1933 में ये लंदन में अंग्रेजी भाषा में रिलीज हुई और एक्ट्रेस की तारीफ हुई। दोंनों भारत आए और 1934 में इसे भारत में रिलीज किया, जहां ये फ्लॉप हो गई। इसके बाद हिमांशु ने हॉलीवुड की तर्ज पर भारत में एक स्टूडियो बनाने का फैसला किया। उनके आइडिया में मुंबई के नामी बिजनेसमैन राजनारायण दुबे ने पैसा लगाया और 'बॉम्बे टॉकीज लिमिटेड' तैयार हो गया, जो साउंडप्रूफ शूटिंग फ्लोर, एडिटिंग रूम्स और प्रिव्यू थिएटर मॉडर्न स्टूडियो से लैस था।

**15 साल छोटी देविका रानी से शादी** : हिमांशु राय की बनाई जा रही फिल्में जर्मनी और ब्रिटेन में तो हिट हो रही थीं। लोग पसंद कर रहे थे लेकिन भारत में उसे अच्छा रिस्पॉन्स नही मिल रहा था, जिससे वह निराश हो रहे थे। खैर। इनकी मुलाकात लंदन के आर्ट स्टूडियो में देविका रानी से हुई। वह उन्हें पहली नजर में ही अच्छी लगने लगीं। हालांकि हिमांशु की पत्नी थी। उन्होंने मैरी हेनलिन से शादी की थी और उनसे एक बेटा भी हुआ था। वह एक एक्ट्रेस और डांसर थीं। मगर 'ए थ्रो ऑफ डाइस' के सेट पर काम करते हुए उन्हें देविका से प्यार हुआ और उन्होंने 1929 में उनसे शादी कर ली थी।

# एशिया कप: पाकिस्तानी खेमे में जाकर गिरा सैमसन का तगड़ा शॉट, प्रैक्टिस में मचाई धमा-चौकड़ी

एजेंसी ⏭ दुबई

भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप 2025 के लिए दुबई में तैयारी शुरू कर दी। 5 और 6 सितंबर को आईसीसी एकेडमी में टीम इंडिया ने डेरा डाला और ट्रेनिंग की।

विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने ट्रेनिंग के दौरान तगड़े शॉट्स लगाकर अपनी काबिलियत दर्शाई। उन्होंने इतने करारे प्रहार किए कि गेंद काफी दूर जाकर गिरी। कुछ गेंद तो पास में ही ट्रेनिंग कर रही पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के इलाके तक पहुंच गई। सैमसन के एशिया कप में खेलने को लेकर संदेह के बादल हैं। शुभमन गिल को शामिल करने के बाद उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर माना जा रहा है। जितेश शर्मा को विकेटकीपर के तौर पर खिलाया जा सकता है।

- एशिया कप के लिए भारतीय टीम ने 5 सितंबर से शुरू की प्रैक्टिस
- विकेटकीपर सैमसन ने प्रैक्टिस में लगाए कई विस्फोटक शॉट
- भारत का पहला मैच यूएई के साथ 10 सितंबर को



### सैमसन ने ट्रेनिंग सेशन में केवल थ्रोडाउन का किया सामना

*सैमसन ने ट्रेनिंग सेशन के दूसरे दिन शुरू में केवल थ्रोडाउन का सामना किया। इसके बाद बाकी बल्लेबाजों को खेलते हुए देखते रहे। जब सेशन खत्म होने वाला था तब उन्होंने फिर से पैड्स पहने और गेंद को काफी दूर-दूर तक मारा। संजू ने पुल शॉट के साथ ही सपाट बल्ले से भी हवाई शॉट खेले। हालांकि इस दौरान कुछ मौकों पर वे पूरे नियंत्रण में नहीं थे लेकिन गेंद काफी दूर जाकर गिरी। संजू के बल्ले से जब भी गेंद लगी तो वह काफी दूर गई। इससे बाउंड्री के पास खड़े लोगों को काफी आगे जाकर गेंद लानी पड़ी। कुछ गेंद तो आईसीसी एकेडमी की बाहरी परिधि तक चली गई। कुछ गेंद पाकिस्तान के ट्रेनिंग कैंप पहुंच गई।*



### संजू पर भारी जितेश का पलड़ा

भारतीय टीम के अभी तक के दो दिन के अभ्यास के बाद यह तय नहीं हो सका है कि प्लेइंग इलेवन में सैमसन को जगह मिलेगी या नहीं। 5 सितंबर को पहले दिन ट्रेनिंग के दौरान उन्होंने और जितेश दोनों ने साथ-साथ बैटिंग की। इसके बाद जितेश कीपिंग प्रैक्टिस करते देखे गए। हालांकि संजू ने ऐसा नहीं किया। तब माना गया कि जितेश काफी समय बाद क्रिकेट के मैदान पर लौटे हैं और इस वजह से कीपिंग की ट्रेनिंग भी कर रहे हैं। वहीं संजू केरल क्रिकेट लीग में खेले थे, जहां पर उन्होंने सात दिन में चार मुकाबले खेले। टीम इंडिया की 6 सितंबर की प्रैक्टिस में संकेत मिले कि जितेश को सैमसन पर तवज्जो मिल सकती है। उन्होंने बैटिंग का लंबा अभ्यास किया। इस दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर ने उन पर करीबी नजर रखी। कुछ शॉट्स को लेकर उन्होंने जितेश को सलाह भी दी। ऐसा सैमसन के साथ नहीं हुआ।

## खबर संक्षेप



### पुर्तगाल ने आर्मेनिया को हराया, रोनाल्डो के दो गोल

**मैनचेस्टर।** रिकॉर्ड छठी बार फुटबॉल विश्व कप में खेलने की कवायद में लगे क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने आर्मेनिया को 5-0 से हराकर यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। रोनाल्डो ने इस तरह से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने के अपने रिकार्ड को 140 पर पहुंचा दिया है। विश्व कप अगले साल अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में आयोजित किया जाएगा और अगर रोनाल्डो इसमें भाग लेते हैं तो यह नया रिकॉर्ड होगा। अब तक कई खिलाड़ी पांच विश्व कप में खेल चुके हैं लेकिन छह बार इसमें भाग लेना नया रिकॉर्ड होगा। इस बीच इंग्लैंड ने विला पार्क में अंडोरा के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा।

### ट्रेनिंग या कोच नहीं मिलता, जो मुझे चाहिए



**लीवरपूल।** ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पहले दौर से बाहर होने के बाद ट्रेनिंग के कम अवसरों पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा वह ट्रेनिंग नहीं मिलती जो उन्हें वास्तव में चाहिए। एक साल से अधिक समय बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी करने वाली तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना 75 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 16 मुकाबले में तुर्की की बुसरा इस्लिदार के खिलाफ 0-5 की हार के दौरान लय में नहीं दिखी। लवलीना ने 'एक्स' पर लिखा, 'एक साल बाद मैंने अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मैं अपने पहले ही मुकाबले में हार गई। इससे पीड़ा पहुंचती है। मुझे खेद है कि मैं इस बार ऐसा नहीं कर पाई।

### निगरानी के लिए एआईएफएफ ने बनाई पैनल

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार अपने नए व्यावसायिक साझेदार के चयन के लिए पूरी निविदा प्रक्रिया की निगरानी करने के लिए पूर्व न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। उच्चतम न्यायालय ने दो सितंबर को दिए आदेश में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आयोजन की अनुमति भी दी थी, जिसे आयोजक एफएसडीएल ने 11 जुलाई से रोक दिया था। एफएसडीएल राष्ट्रीय महासंघ का मौजूदा व्यावसायिक साझेदार भी है। एआईएफएफ ने कहा, 'चयन प्रक्रिया की निगरानी के लिए कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यीय बोली मूल्यांकन समिति (बीईसी) बनाने का फैसला किया। बीईसी के अध्यक्ष भारत के उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव होंगे।' समिति के अन्य दो सदस्य एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) की ऑडिट और कंप्लायंस समिति के सदस्य केसवरन मुरुगसु और एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे हैं।

## यूएस ओपन: महिला एकल में एरिना ने अमांडा को हराया

# सबालेंका दूसरी बार चैंपियन गिराया रैकेट, बिखेरी मुस्कान

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। सबालेंका जब खिताब से दो अंक दूर थीं, तब उन्होंने एक ऐसा ओवरहेड स्मैश लगाया, जो आसान शॉट होना चाहिए था लेकिन उन्होंने उसे नेट में उलझा दिया, जिससे अनिसिमोवा को ब्रेक का मौका मिल गया।

- फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ियों से मिली हार की पीड़ा भी खत्म कर दी

सबालेंका ने आखिर में 6-3, 7-6 (3) से जीत दर्ज करके अपने कॅरियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इस तरह से उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ियों से मिली हार की पीड़ा भी खत्म कर दी। सबालेंका ने जीत हासिल करने के बाद कोर्ट पर अपना रैकेट गिरा दिया और मुस्कान बिखेर दी।

### एरिना ने बनाया रिकॉर्ड

मैंने खुद से कहा कि चलो ठीक है ऐसा होता है। यह बीती बात है और अब अगले अंक पर ध्यान दो। 'सबालेंका पिछले 11 वर्षों में पहली महिला खिलाड़ी बन गई है, जिन्होंने अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले यह कारनामा सेरेना विलियम्स ने किया था। वह 2012 से लेकर 2014 तक लगातार तीन बार चैंपियन बनी थी।




### लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम हारी अमांडा

अमांडा को लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। वह जुलाई में विंबलडन के फाइनल में इगा स्वियातेक से हार गई थी। उस मैच में वह एक भी गेम नहीं जीत पाई थी लेकिन उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अवसरों का फायदा नहीं उठा पाई। अमेरिका की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने सबालेंका की तारीफ करते हुए कहा, 'मैं वास्तव में उनकी बहुत प्रशंसा करती हूं। वह कड़ी मेहनत करती है और इसी लिए आज इस मुकाम पर हैं। मुझे भी मौके मिले थे लेकिन मैं उन्हें नहीं भुना सकी।




जीता अपने कॅरियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब

### सबालेंका को मिली 44.09 करोड़ की प्राइज मनी

एरिना सबालेंका को यूएस ओपन का खिताब जीतने पर प्राइज मनी के तौर पर 50 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिली है। यानि भारतीय करेंसी के अनुसार देखें तो उनको खिताब जीतने पर 44.09 करोड़ रुपए की रकम मिली। अब सबालेंका के यूएस ओपन जीतने की प्राइज मनी की तुलना अगर क्रिकेट के आगामी एशिया कप और आईपीएल 2025 सीजन से की जाए तो थोड़ी नहीं बल्कि बहुत अधिक है। यहां तक कि वीमंस वर्ल्ड कप 2025 की राशि से भी अधिक एरिना को मिले। यूएस ओपन की रनरअप एमांडा को 22 करोड़ रुपए से अधिक मिले।

## इवानोव और वेंड्रोमे बने जूनियर चैंपियन

जेलिन वेंड्रोमे और इवान इवानोव ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों और लड़कों के वर्ग के खिताब जीते। वेंड्रोमे ने लड़कियों के वर्ग में स्वीडिश क्वालीफायर ली निल्सन को 7-6 (2), 6-2 से हराया। उन्होंने शुरू में पिछड़ने के बाद पहला सेट टाई ब्रेक में जीता लेकिन दूसरा सेट जीतने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। लड़कों के वर्ग में मौजूदा विंबलडन चैंपियन इवानोव ने बुल्गारिया के अपने हमवतन अलेक्जेंडर वासिलिव को 7-5, 6-3 से हराया। जूनियर युगल वर्ग में एलेना कोवाकोवा और जना कोवाकोवा बहनों ने वेंड्रोमे और उनकी जोड़ीदार लाइमा व्लाडसन को हराया। कीटन हेंस और जैक कैनेडी ने नोआह जॉनस्टन और बेंजामिन विलवर्थ को हराकर लड़कों का खिताब जीता।

## ग्रैनोलर्स और जेबालोस ने जीता मेंस डबल्स का खिताब

मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस अमेरिकी ओपन पुरुष युगल चैंपियनशिप के फाइनल में हारने से बस एक अंक दूर थे लेकिन उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और कुछ ही पल बाद वे चैंपियन बन गए। ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 3-6, 7-6 (4), 7-5 से हराकर सत्र का अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। ग्रैनोलर्स ने कहा, 'टेनिस कभी-कभी पागलपन भरा होता है, क्योंकि हम यहां तक बात कर रहे थे कि आप मैच हारने के कितने करीब थे और फिर 20 मिनट में आप ट्रॉफी जीत लेते हैं।' इस पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस साल फ्रेंच ओपन का खिताब भी जीता था।



## एएफसी अंडर-23 में कतर से हारा भारत

**दोहा।** भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी अंडर 23 एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप एच के अपने दूसरे मुकाबले में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बाद मेजबान कतर से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। अल हाशमी मोहियालदीन (18वें मिनट) ने कतर को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी थी, लेकिन मुहम्मद सुहैल (52वें मिनट) ने बराबरी का गोल दाग दिया। जसीम अल शरशानी (67वें मिनट) के पेनल्टी पर किए गए गोल ने खेले गए मैच में कतर के लिए तीन अंक सुनिश्चित कर दिए। पिछले मैच में बहरीन के खिलाफ 2-0 की जीत से उत्साहित भारत ने अच्छी शुरुआत की। सुहैल को शुरुआत में ही मौका मिल गया, जहां दूसरे मिनट में ही उन्होंने बॉक्स के बाहर से शॉट मारा लेकिन गेंद क्रॉसबार के ऊपर से बाहर चली गई।



# पोलार्ड ने 18 गेंद में उड़ाए 54 रन

### कायरन की पारी से भी नहीं जीती नाइट राइडर्स, शे हॉप की पारी से जीती गयाना अमेजन वॉरियर्स

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वेस्टइंडीज में जारी कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के 23वें मैच में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स को गयाना अमेजन वॉरियर्स के सामने तीन विकेट से करारी हार मिली। नाइट राइडर्स के लिए कायरन पोलार्ड ने अंत में 18 गेंद में पांच चौके और पांच छक्के से 54 रन की तूफानी पारी खेली। इससे उनकी टीम ने 167 रन बनाए लेकिन इसके जवाब में गयाना के लिए शे हॉप (53) और शिमरोन हेटमायर (49) ने ताबड़तोड़ बैटिंग का नजारा पेश किया। इससे गयाना की टीम ने सात विकेट पर 168 रन बनाने के साथ तीन विकेट से एक गेंद पहले जीत दर्ज कर ली।



### कार्टी की धीमी पारी

प्रोविडेंस के मैदान में पहले बल्लेबाजी करने उतरी नाइट राइडर्स की शुरुआत सही नहीं रही। उसके सलामी बल्लेबाज सस्ते में चलते बने, जिससे टीम के एक समय 39 रन पर तीन विकेट गिर गए थे। इसके बाद केसी कार्टी ने धीमी बल्लेबाजी से 34 गेंद में 29 रन बनाए तो अंत में कायरन पोलार्ड ने 18 गेंद में पांच चौके और पांच छक्के से 54 रन की नाबाद पारी खेली।

### प्रिटोरियस ने अंत में दिलाई जीत

वहीं 168 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गयाना के बहे 14 रन पर दो विकेट गिर गए थे। लेकिन नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने वाले शे हॉप ने 46 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के से 53 रन बनाए तो शिमरोन हेटमायर ने 30 गेंद में दो चौके और चार छक्के से 49 रन की पारी खेली। इसके बाद रही सही कसर अंत में ड्वेन प्रिटोरियस ने पूरी करते हुए 14 गेंद में तीन छक्के से 26 रन नाबाद बनाकर पूरी कर दी।

## दलीप ट्रॉफी: फाइनल में पहुंचा मध्य क्षेत्र, अब साउथ जोन से खिताबी मुकाबला



एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

यशस्वी जायसवाल का शानदार अर्धशतक महज एक व्यक्तिगत उपलब्धि बनकर रह गया क्योंकि मध्य क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ ड्रॉ हुए मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर दलीप ट्रॉफी के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मध्य क्षेत्र अब 11 सितंबर से होने वाले खिताबी मुकाबले में दक्षिण क्षेत्र से भिड़ेगा।

- वेस्ट जोन के जायसवाल की अर्धशतकीय पारी गई बेकार

जायसवाल (64) ने अपनी 70 गेंदों की पारी में कुछ शानदार शॉट खेले, जिससे पश्चिम क्षेत्र अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 216 रन बनाने में सफल रहा। पश्चिम क्षेत्र को हालांकि पहली पारी में 162 रन से पिछड़ना महंगा पड़ा और टीम खिताबी दौड़ से बाहर हो गई। मध्य क्षेत्र ने सुबह के सत्र में आठ विकेट पर 556 रन से आगे खेलते हुए 600 रन पर अपनी पारी समाप्त की। सारांश जैन ने 63 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए एक शानदार अर्धशतक बनाया।

पश्चिम क्षेत्र की दूसरी पारी के दौरान चाय के विश्राम से ठीक पहले कप्तान शारदुल ठाकुर (छह) आउट हो गए जबकि दूसरे छोर से संयम के साथ बल्लेबाजी कर रहे तनुश कोटियान (40) क्रीज पर मौजूद थे। इसी समय, दोनों टीमों ने मैच को ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला किया।

### फाइनल में जाने से चूकी जायसवाल की टीम

जायसवाल को अपनी टीम को फाइनल में नहीं देखकर निराशा हुई लेकिन वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद पहली बार पिच पर इतना समय बिताकर खुश होंगे। उन्होंने हमेशा की तरह आक्रामक अंदाज में 92 के स्ट्राइक रेट से अर्धशतक बनाया। उनकी यही आक्रामकता हालांकि उनके आउट होने का कारण बनी जब वह बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे (96 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर एक खराब शॉट खेलकर आउट हो गए।

## विश्व चैंपियनशिप: भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने फाइनल में फ्रांस को हराया

# तीरंदाजी में भारत ने रचा इतिहास, जीता गोल्ड, मिश्रित टीम को सिल्वर

एजेंसी ⏭ ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)

भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने फाइनल में फ्रांस को हराकर विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा और इस तरह से महिला टीम को मिली निराशा को दूर कर दिया, जो आठ साल में पहली बार पोडियम पर जगह बनाने में नाकाम रही। व्यक्तिगत वर्ग में आठवें स्थान पर रहने वाले ऋषभ यादव ने भी मिश्रित टीम स्पर्धा में अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम के साथ रजत पदक जीतकर वापसी की। महिला वर्ग में निराशा हाथ लगी क्योंकि टीम प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गई और 2017 से लगातार पदक जीतने का उसका अभियान समाप्त हो गया। तेईस वर्षीय ऋषभ ने अमन सैनी और प्रथमेश फुगे के साथ मिलकर भारत को पुरुष कंपाउंड टीम के खिताबी मुकाबले में फ्रांस पर 235-233 से रोमांचक जीत दिलाई।




### भारत ने दबाव में दिखाया धैर्य

फ्रांस ने निकोलस गिरार्ड, जीन फिलिप बौल्च और फ्रेंकोइस डुबोइस को मैदान में उतारा, लेकिन भारतीय टीम ने दबाव में भी उल्लेखनीय धैर्य दिखाया। इसका श्रेय फुगे को जाना चाहिए, जो क्वालीफायर में 19वें और भारतीय खिलाड़ियों में अंतिम स्थान पर रहे थे। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले चरण में 9-9 का स्कोर बनाया लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह परफेक्ट 10 लगाए।

### अंतिम चरण में लड़खड़ाई फ्रांस टीम

पहले चरण के बाद भारत 57-59 से पीछे था, लेकिन दूसरे चरण में उसने छह 10-10 के साथ वापसी करते हुए स्कोर 117-117 पर बराबर कर दिया। तीसरे चरण में दोनों टीमों ने 59-59 अंक बनाए, जिससे स्कोर 176-176 से बराबर रहा। अंतिम चरण में फ्रांस की टीम लड़खड़ा गई और भारत स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रचने में सफल रहा। भारत ने फाइनल तक के अपने सफर में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और तुर्की पर प्रभावशाली जीत दर्ज की थी।

### मिक्सड में भारत का 2021 के बाद पहला पदक

*इससे पहले दिन में यादव और ज्योति को मिश्रित टीम फाइनल में नीदरलैंड के विश्व नंबर एक माइक श्लोएसर और साने डे लाट की जोड़ी से 155-157 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने पहले चरण के बाद एक अंक की बढ़त बना ली थी, लेकिन दूसरे चरण में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वे 76-77 से पीछे हो गए। नीदरलैंड की जोड़ी ने इसके बाद भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और छह 10 अंक बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत का इस स्पर्धा में 2021 के बाद यह पहला पदक है। दो साल पहले बर्लिन में उसे पदक नहीं मिला था।*

## चंद्रग्रहण | मंदिरों के पट बंद



जबलपुर। रविवार को चंद्रग्रहण के कारण मंदिरों में पूजा-पाठ के बाद पट बंद रहे।

चंद्रग्रहण ने रोके 14 घंटे आराध्य के दर्शन

# मंदिरों के कपाट रहे बंद आज सुबह शुरू होगी पूजा

**जबलपुर।** रविवार को चंद्रग्रहण होने के कारण शहर के सभी प्रमुख मंदिरों के पट दोहपर 12 बजे के बाद देर रात 1 बजकर 26 मिनिट तक सूतक लगने के कारण बंद हो गए, जो दूसरे दिन सोमवार की सुबह खुलेंगे। यानि चंद्रग्रहण के कारण 14 घंटे मंदिर के आराध्य के दर्शन नहीं हो सकेंगे। भारतीय समय के अनुसार ग्रहण की सूतक काल रविवार की दोपहर 12 बजकर 57 मिनिट मिनिट पर प्रारंभ हो गया था। इसके साथ ही मंदिरों के पट बंद हो गए। चंद्रग्रहण रात 9.57 बजे लगेगा और देर रात 1 बजकर 26 मिनिट पर ग्रहण का मोक्ष हुआ। ग्रहण की कुल अवधि 3 घंटा 2 मिनिट रही।

पीएल गौतमाचार्य ने बताया कि रविवार ग्रहण के कारण सभी मंदिरों के कपाट दोपहर 1 बजे बंद कर दिए गए। ये कपाट पूरी रात बंद रहने के बाद सुबह 4 बजे के बाद ही मंदिरों की धुलाई, पुछाई का काम शुरु हुआ। ग्रहण मोक्ष के बाद तड़के से ही नर्मदा स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में लोग नर्मदा के पावन तट गौरीघाट, तिलवाराघाट, भेड़ाघाट आदि स्थानों पर पहुंचे।

पितृपक्ष के बाद हो सकती है घोषणा

# भाजपा की कार्यकारिणी तैयार

हरिभूमि जबलपुर।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जबलपुर की नई कार्यकारिणी को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल की नियुक्ति के करीब 9 महीने बाद भी कार्यकारिणी की घोषणा नहीं हो सकी है, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्सुकता और असमंजस दोनों बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार, कार्यकारिणी लगभग तैयार हो चुकी है और अब सिर्फ अंतिम औपचारिक स्वीकृति का इंतजार है। सूत्रों का कहना है की अब पितृपक्ष प्रारंभ हो गये हैं. अब नवरात्री में ही कार्यकारिणी की घोषणा की संभावना जताई जा रही है।

### अनुभवी चेहरों की वापसी संभव

भाजपा सूत्रों की मानें तो इस बार की कार्यकारिणी में सभी विधानसभा क्षेत्रों को संतुलित प्रतिनिधित्व दिया गया है। संगठन में क्षेत्रीय संतुलन के साथ-साथ अनुभव और युवा नेतृत्व के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की गई है। वर्तमान कार्यसमिति के दो पदाधिकारियों को पुनः मौका दिया जा सकता है, जिससे संगठन में निरंतरता बनी रहे। सूत्रों के अनुसार नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर की अस्वस्थता और पार्टी के उच्च स्तर से अंतिम अनुमोदन की प्रक्रिया इस देरी का मुख्य कारण बताया जा रहा है। जबकी ग्रामीण जिला अध्यक्ष कार्यकारिणी पर मोहर लगवाने भोपाल के चक्कर लगा चुके हैं. लेकिन प्रदेश अध्यक्ष से उनकी मुलाकात नहीं हो सकी है। नगर कार्यकारिणी की घोषणा के बाद प्रदेश कार्यकारिणी, फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव और अंततः प्रदेश के निगम-मंडलों की नियुक्तियाँ की जाएंगी। पार्टी सूत्रों का कहना है कि यह प्रक्रिया एक तय चरणबद्ध क्रम में आगे बढ़ेगी, जिसमें सबसे पहले स्थानीय स्तर की जिम्मेदारियाँ तय की जाएंगी।

### 9 महीनों से इंतजार में है कार्यकारिणी

गौरतलब है कि रत्नेश सोनकर की नगर अध्यक्ष पद पर नियुक्ति 14 जनवरी 2025 को हुई थी। उसके बाद से अब नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया भी तेज हो गई है. इस बीच पितृपक्ष प्रारंभ हो जाने से यह कयास लगाए जा रहे हैं की कार्यकारिणी की घोषणा नवरात्र में या उसके बाद ही हो सकेगी. यहां गौरतलब है की पिछले नगर अध्यक्ष दो साल में अपनी कार्यकारिणी नहीं बना पाए थे. लेकिन इस बार समीकरण बदले हुये हैं. खींचतान कम होने से सूची को अंतिम रूप दिया जा चुका है, औपचारिक घोषणा बाकी है। यहां दिलचस्प है की पिछले नगर अध्यक्ष के कार्यकाल में भी पूर्ण कार्यकारिणी की घोषणा नहीं हुई थी, जिससे पार्टी के स्थानीय कार्यों में समन्वय की कमी देखने को मिली थी। यही वजह है कि इस बार संगठन स्तर पर कार्यकारिणी के गठन को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# त्योहार सिर पर सड़के जर्जर और सफाई चौपट

*कांग्रेस पार्षद दल सभी संभागों में आज महापौर का पुतला दहन करेगा*

**जबलपुर।** स्ट्रीट लाईटें बंद हैं, सड़कों की हालत बदतर है सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है. त्योहार सिर पर फिर भी नगर सत्ता बेफिक्र है. जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्षद आज सोमवार 8 सितम्बर पर विरोध प्रर्दशन करेगा. नगर निगम के सभी 16 संभागों में महापौर का पुतला दहन किया जाएगा. नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने बताया की नगर सत्ता ने झूठ का बजट पेश किया. ठेकेदारों की पेमेंट रुकने से विकास कार्य रुक गये हैं. गणोत्सव में भी पेंच वर्क नहीं कराया गया. जिन क्षेत्रों में सफाई ठेके टर्मिनेट किये गये हैं, उनमें वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है. उपनेता प्रतिपक्ष श्रीमती शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी एवं सचेतक अयोध्या तिवारी ने बताया कि जिन क्षेत्रों में ठेकेदारों को टर्मिनेट किया गया है, वहां सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। कई वार्डों में पेयजल संकट गहराया हुआ है, शहर की अधिकांश सड़कें जर्जर हो चुकी हैं और टैक्स की विसंगतियों से जनता परेशान है। इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्षद दल विरोध प्रदर्शन करेगा. आज सोमवार 8 सितम्बर को सुबह 11 बजे कछपुरा से आंदोलन की शुरुआत होगी, जिसके बाद दोपहर 12 बजे गढ़ा, गोरखपुर, अधारताल और कांचघर में, दोपहर 1 बजे रामपुर, इंदिरा मार्केट व सुहागी में, दोपहर 2 बजे रांझी में तथा दोपहर 3 बजे बलदेवबाग में पुतला दहन किया जाएगा। इसके अलावा शाम 4 बजे दमोहनाका, भानतलैया, नगर निगम मुख्यालय और नेहरू उद्यान तीन पत्ती में विरोध प्रदर्शन होगा। इन कार्यक्रमों में कांग्रेस पार्षद अनुपम जैन, मनीष पटेल, तुलसा प्रजापति, सचिन बाजपेई, गुड्डु तामसेतवर, प्रीति अमर रजक, संतोष दुबे, हर्षित यादव, अदिति बाजपेई, जतिन राज, रोहित नेमा, आशिफ इकबाल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल होंगे।

ग्वारी गांव के पास कार की टक्कर से भीषण हादसा

# मां-बेटे समेत तीन की मौत, चार घायल

**जबलपुर।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्वारी गांव के पास रविवार की सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक, उसकी मां और सड़क पार कर रही महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही महिला को बचाने के प्रयास में नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। पाटन पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पाटन-शहपुरा मार्ग पर यह हादसा उस समय हुआ जब ग्वारी गांव की रहने वाली फगुनी बाई सड़क पार कर रही थीं। तभी सामने से आ रही कार चालक ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर महिला को टक्कर मारते हुए पल्सर बाइक (क्रमांक एमपी 20 एमडी 9473) से टकरा गई। बाइक पर सवार युवक शोएब, उसका छोटा भाई फैजान और मां शकीला बी बैठे थे। हादसे में शोएब और उसकी मां शकीला बी की मौके पर मौत हो गई, जबकि फगुनी बाई कार की टक्कर से उछलकर पास के नाले में जा गिरीं। कुछ घंटों बाद



स्थानीय लोगों ने नाले में महिला का शव देखा, तब जाकर हादसे की तीसरी मौत का खुलासा हुआ।

गंभीर रूप से घायल फैजान को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे लोहे के एंगल से टकराई, जिससे कार सवार तीन लोग भी घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज शहर के निजी अस्पताल में जारी है। पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त कार और बाइक को जब्त कर पंचनामा कार्रवाई करते हुए मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। कार चालक और उसमें सवार युवकों की पहचान कर पुलिस आगे की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, मृतका शकीला बी अपने दोनों बेटों शोएब और फैजान के साथ शहपुरा में एक रिश्तेदार के घर आयोजित पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं। रास्ते में हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को तबाह कर दिया। फिलहाल पाटन पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## बीच रास्ते में रंगदारी वसूलने की मारपीट

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत मिलौनीगंज में देर रात एक नाबालिग से बदमाशों ने शराब पीने के लिये रुपये मांगे मना करने पर उसके साथ मारपीट की कोतवाली थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय सुमित सोनी छोटे भाई शिवा और दोस्त नितिन मौर्या के साथ माल पाणी स्कूल की तरह जा रहे थे। तभी रास्ते में चंडालभाटा निवासी सूर्या मलिक और रचित सतनामती उर्फ काला ने उन्हें रोककर शराब पीने के लिये रुपये मांगे. मनाकरने पर दोस्तों ने डंडे और पत्थर से हमला कर घायल कर दिया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2),119(1), 351(2), 126(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पुरानी रंजिश पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत कपड़ा मार्केट के पीछे मैदान में पुरानी रंजिश को लेकर कल रात 9 बजे एक मजदूर पर एक बदमाश ने गाली गलौच करते हुये कालर पकड़कर मारपीट की और आरोपी के भाई ने चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया. घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटन के बाद से आरोपी फरार है. घटना के संबंध में गोहलपुर में पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोहलपुर निवासी 20 वर्षीय मजदूर राजू अंसारी कल रात अपने घर से मुन्ना होटल खाना खाने जा रहा था. कपड़ा मार्केट के पीछे मैदान में आरोपी नौशाद ने उसे रोका और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौच कर मारपीट करने लगा. इस बीच नौशाद का बड़ा भाई इरशाद आ गया और उसने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया. जिससे उसकी पसली में चोट आ गई. घायल को इलाज के लिये भर्ती कराया गया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 109, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## भैंस को टक्कर मारने वाले हाईवा में भरी थी चोरी की गिट्टी

**जबलपुर।** मझौली थानांतर्गत कल ग्राम बनखेड़ी में सुबह के वक्त गिरूआ ट्राला के समीप एक गिट्टी से भरे हाईवा वाहन की टक्कर से भैंस की मौत होने पर पहुंची पुलिस ने हाईवा चालक से परिवहन की जा रही गिट्टी के रायल्टी के कागज मांगे तो उसके पास कागज नहीं थे। पुलिस ने गिट्टी का अवैध परिवहन होने पर हाईवा को जब्त कर चालक को अभिरक्षा में लिया है। मझौली पुलिस ने बताया कि ग्राम बनखेड़ी में कल सुबह गिरुआ नाला के समीप गिट्टी से भरे हाईवा वाहन की टक्कर से भैंस की मौत होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को भैंस मालिक ग्राम गुर्दा निवासी सुग्रीव पटेल ने बताया कि घटना सुबह ८ बजे की है। पूछताछ के दौरान हाईवा चालक ने अपना नाम बहोरीबंद कटनी निवासी संजय बर्मन बताया। हाईवा क्रमांक एमपी 15 एच ए 1708 के चालक ने वाहन का रजिस्ट्रेशन स्वयं का ड्रायविंग लाइसेंस, वाहन का बीमा, माल परिवहन का लाइसेंस होना बताया। चालक के पास गिट्टी की रायल्टी के कागज नहीं थे। हाईवा चालक ने बताया कि वह वाहन मालिक सुशील यादव के कहने पर चोरी की गिट्टी का परिवहन कर रहा है। पुलिस ने हाईवा मालिक व चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### कार की टक्कर से ठेला क्षतिग्रस्त वृद्ध घायल

**जबलपुर।** केन्ट थानान्तर्गत कल दोपहर लगभग डेढ़ बजे सदर चौपाटी में चाट दुकान बंद कर चाट का ठेला ले जा रहे वृद्ध के ठेले में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। घटना में ठेला क्षतिग्रस्त हो गया और वृद्ध को गिरने से चोट आयीं। केन्ट पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि गली नंबर 5 सदर निवासी अरूण गुप्ता सदर चौपाटी में चाट का ठेला लगाता है। कल दोपहर लगभग डेढ़ बजे दुकान बंद कर ठेला लेकर घर जा रहा था तभी रास्ते में पेन्टीनाका की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार एमपी 201054 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए पीछे से ठेले में टक्कर मार दी। घटना में जहां ठेला क्षतिग्रस्त हो गया वही गिरने से वृद्ध अरूण गुप्ता को हाथ-पैर में चोटें आयीं।

### पांच हजार समेत तीन जुआड़ी अंदर

**जबलपुर।** अधारताल पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर अंबेडकर कालोनी में दबिश देकर ताश के पत्तों पर हारजीत के दांव लगा रहे तीन जुआड़ियों को अभिरक्षा में लेते हुए उनकी तलाशी के दौरान 5 हजार जब्त रुपये जब्त किये। आरोपियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। अधारताल पुलिस ने बताया कि कल मुखबिर से सूचना मिली कि अंबेडकर कालोनी में कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार जीत के दांव लगाकर मन्ना खेल रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने नाम निशा अंसारी, मकबूल अंसारी व इस्माईल अंसारी बताये। आरोपियों के कब्जे से पांच हजार रुपये जब्त किए गए।

## बदमाशों ने की मां बेटे से मारपीट घर में पथराव कर भागे



**जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत ग्राम धनगवां में एक युवा किसान के साथ गांव के चार लड़कों ने जातीगत रूप से अपमानित करते हुये, गाली गलौच की और झूमाझपटी कर मारपीट की, बीच बचाव में युवक की मां को भी चोट आ गई. आरोपियों ने जमकर पत्थर चलाए जिससे एक बाईक और घर में लगी खिड़की के कांच भी क्षतिग्रस्त हो गये. सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धनगवां निवासी शनि कुमार कुचबंधियां, कल रात 10.30 बजे अपने घर के सामने खड़ा था तभी गांव के अंकित पटैल, दीपक पटैल, अनुज पटेल एवं आयुष चौबे उसके साथ गालीगलौच करने लगे मना करने पर जातिगत रूप से अपमानित किया और मारपीट करने लगे उसकी मां चंदाबाई बीच बचाव करने आई तो आरोपियों ने उन्हें भी धक्का देकर गिरा दिया. इसके बाद चारों आरोपी पथराव करते हुये भाग गये. पत्थरबाजी से घर के बाहर खड़ी एक मोटर सायकल की हेडलाईट टूट गई और घर पर लगे खिड़की के कांच भी टूट गये. पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 125, 324(4), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240